राष्ट्रीय दैनिक

प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran हर खबर पर पकड़ /Pratahkiran

शारदीय नवरात्र: चौथा दिन

मां कुष्मांडा की पूजा

मां कुष्मांडा का पूजा मंत्र

बीज मंत्रः कुष्मांडाः ऐं ह्री देव्यै नमः
पूजा मंत्रः ऊं कुष्माण्डायै नमः
ध्यान मंत्रः वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढ़ा अष्टभुजा कूष्माण्डा यशस्वनीम॥

मां कुष्मांडा की पूजा

नवरात्रि में मां दुर्गा के चौथे रूप मां कुष्मांडा की पूजा चौथे दिन करने का विधान है। इस दिन सभी लोग विधि विधान से मां दुर्गा की पूजा करते हैं और भोग मिठाई और फल अर्पित करके आरती करते हैं। मां को भोग में मालपुआ भी बेहद प्रिय है। इसलिए पूजा में मालपुआ भी रखना चाहिए।

मां को क्यों कहते हैं कुष्मांडा

देवी कुष्मांडा की महिमा के बारे में देवी भागवत पुराण में विस्तार से बताया गया है मां दुर्गा के चौथे रूप ने अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की थी, इसलिए मां का नाम कुष्मांडा देवी पड़ा। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के आरंभ में चारों तरफ अंधियारा था और मां ने अपनी हल्की हंसी से पूरे ब्रह्मांड को रच डाला। सूरज की तपिश को सहने की शक्ति मां के अंदर है।

ऐसा है मां कुष्मांडा का रूप

मां कुष्मांडा का स्वरूप बहुत ही दिव्य और अलौकिक माना गया है। मां कुष्मांडा शेर की सवारी करती हैं और अपनी आठ भुजाओं में दिव्य अस्त्र धारण की हुई हैं। मां कुष्मांडा ने अपनी आठ भुजाओं में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र धारण की हुई हैं। मां का यह रूप हमें जीवन शक्ति प्रदान करने वाला माना गया है।

मां कुष्मांडा का भोग

मां कुष्मांडा की पूजा में पीले रंग का केसर वाला पेठा रखना चाहिए और उसी का भोग लगाएं। कुछ लोग मां कुष्मांडा की पूजा में समूचे सफेद पेठे के फल की बलि भी चढ़ाते हैं। इसके साथ ही देवी को मालपुआ और बताशे भी चढ़ाने चाहिए।

वर्ष : 12 अंक : 174 पटना, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024 विक्रम संवत् 2081 पेज : 12 मूल्य ₹ : 03.00 www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 29.0°C
न्यूनतम तापमान 24.0°C

बाजार

सोना 75,920
चांदी 91,900
सेंसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

वीएसएचओआरएडीएस मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में बहुत ही कम दूरी की वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली के तीन सफल परीक्षण किये। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय सेना को वीएसएचओआरएडीएस की चौथी पीढ़ी के सफल परीक्षण के लिए बधाई दी। सिंह के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स के आधिकारिक हैंडल से जारी पोस्ट में कहा, डीआरडीओ ने पोखरण से चौथी पीढ़ी की तकनीकी रूप से उन्नत लघु हथियार प्रणाली वीएसएचओआरएडीएस के तीन उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किए हैं। सिंह ने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस यह नई मिसाइल हवाई खतरों के खिलाफ सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से और दक्ष बनाएगी। वीएसएचओआरएडीएस व्यक्ति द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में सक्षम वायु रक्षा प्रणाली है जिसे अनुसंधान केंद्र इमारत द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग से स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि मिसाइल में लघु प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली और एकीकृत वैमानिकी सहित कई नवीन प्रौद्योगिकियां शामिल हैं और परीक्षणों के दौरान इसकी सटीक मारक क्षमता सिद्ध हो चुकी है।

2047 तक मेक इन इंडिया हथियारों को इस्तेमाल करेगी वायुसेना

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना 2047 तक अपने सभी सामान का उत्पादन भारत में ही करने पर विचार कर रही है। एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने इसकी जानकारी दी। वायुसेना दिवस से पहले वायुसेना प्रमुख ने बताया कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है, खासकर लद्दाख सेक्टर में और भारत भी एलएसी पर बुनियादी ढांचे की तैयारी कर रहा है। विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भू-राजनीतिक तनावों और संघर्षों पर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि भविष्य की किसी भी सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए स्वदेशी हथियार प्रणालियों का होना महत्वपूर्ण है। एक प्रश्न के उत्तर में एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि रूस ने एस-400 मिसाइल प्रणाली की तीन इकाइयों की आपूर्ति कर दी हैं तथा उसने अगले वर्ष तक शेष दो इकाइयों की आपूर्ति करने का वादा किया है।

संक्षिप्त खबरें

मेघालयः गारो हिल्स में भूस्खलन से 10 लोगों की मौत

शिलांग। मेघालय के गारो हिल्स में दो अलग-अलग भूस्खलनों में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। यहां शुक्रवार आधी रात से भारी बारिश हो रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि भारी बारिश और भूस्खलन ने क्षेत्र के सभी पांच जिलों को बुरी तरह प्रभावित किया है। एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण गारो हिल्स जिले के हातियासिया सोंगमा गांव में सात लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। गांव में तीन महिलाओं समेत सभी सात लोग भूस्खलन के कारण दब गए थे। अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी गारो हिल्स के दालू में तीन और ग्रामीणों की जान चली गई है। कुल 10 लोगों की मौत हुई है। यहां पर शुक्रवार मध्य रात्रि से लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी और मैदानी दोनों इलाकों में बाढ़ आ गई है। अधिकारियों ने बताया कि हताहतों और अन्य नुकसान का ब्यौरा इकट्ठा किया जा रहा है। राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की कई टीमें अब प्रभावित इलाकों में खोज और बचाव अभियान चला रही हैं। अधिकारी ने बताया कि भूस्खलन की वजह से दालू से बाघमारा और अन्य स्थानों तक सड़क संपर्क बाधित हो गया है।

एनआईए ने दिल्ली सहित पांच राज्यों में छापेमारी की

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद की गतिविधियों से संबंधित एक मामले में राष्ट्रीय राजधानी सहित पांच राज्यों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की है। एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छापेमारी जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि तलाशी के लिए एनआईए की टीमों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है।

जदयू राज्य कार्यकारिणी की बैठक को सीएम ने किया संबोधित

2025 में 220 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करना एनडीए का लक्ष्य : नीतीश

सीएम बोलें- समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर किया काम

प्रात : किरण

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में शनिवार को राज्य कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। 2025 विधानसभा चुनाव को लेकर हुए इस बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत सभी मंत्री, सांसद और विधायक समेत पार्टी 400 सदस्य शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि एनडीए का लक्ष्य है कि 2025 में 220 सीट से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल हो। 2010 में 206 सीटें एनडीए ने जीती थीं। उन्होंने सहयोगी दलों के नेताओं के साथ समन्वय बनाने के लिए संगत-पंगत कार्यक्रम शुरू करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी हमेशा से कोशिश रही है बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष आर्थिक सहायता मिले। केंद्र सरकार की तरफ से जो विशेष आर्थिक सहायता दी गई है। इसके लिए नीतीश कुमार ने अपनी कार्य समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धन्यवाद किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 के बाद हमारी सरकार ने समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर काम किया है। अल्पसंख्यक समाज के सर्वांगीण विकास हेतु कई योजनाओं की शुरूआत हुई है, जिसका व्यापक लाभ गरीब अल्पसंख्यकों को हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005-06 में प्रतिमाह प्रति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर औसतन मरीजों की संख्या केवल 39 थी, जो आज बढ़कर 11 हजार से अधिक हो गई है।

महिलाओं के उत्थान के लिए किये काम :

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के उत्थान हेतु हमने बिहार में जीविका समूह का गठन किया गया है और आज राज्य में 10 लाख 61 हजार जीविका समूह से जुड़कर 1 करोड़ 31 लाख से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बनी है। प्रदेश की महिलाओं को पंचायती राज और स्थानीय निकायों में 50 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। 2016 से सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2005 से पहले सुविधाओं के अभाव में बिहार की लड़कियां शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाती थी लेकिन पोशाक एवं साइकिल योजना सहित अन्य कई योजनाओं ने गरीब बच्चे-बच्चियों को विद्यालयों की ओर आकर्षित किया है।

2025 तक 12 लाख नौकरी एवं 34 लाख लोगों को रोजगार :

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में हमनें सात निश्चय पार्ट-2 के तहत 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का वादा किया था। सरकारी नौकरी देने के मामलें में हमारी सरकार वर्ष 2025 तक 12 लाख के आँकड़े तक पहुँचने वाली है एवं रोजगार के क्षेत्र में यह आंकड़ा लगभग 34 लाख तक जाएगा।

देश के टॉप-10 राज्यों में बिहार को पहुंचाना प्राथमिकता : संजय झा

इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि हमें पूरी तैयारी और मुस्तैदी के साथ 2025 के विधानसभा चुनाव में जाना है और वर्ष 2010 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व हमारे दल के विषय में तरह-तरह के नैरेटिव गढ़े जाते थे लेकिन चुनाव परिणाम ने माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक महत्ता एवं जदयू की प्रासंगिकता को पुनः साबित करने का काम किया है। श्री झा ने कहा कि हमारी सरकार का एकमात्र लक्ष्य बिहार को देश के टॉप-10 समृद्ध राज्यों में पहुंचाना है। केंद्र एवं राज्य सरकार के परस्पर सहयोग और प्रयास से हम इस लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे।

मोदी ने दी सौगात : पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी

प्रधानमंत्री ने की महाराष्ट्र में 23 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरूआत

पीएम मोदी ने दी सौगात : किसानों के खाते में आए 20 हजार करोड़

नई दिल्ली /एजेंसी। पीएम किसान योजना की 18वीं किस्त शनिवार को जारी कर दी गई। लाभार्थियों के खाते में 2000 रुपये डायरेक्ट ट्रांसफर किए गए। डीबीटी के माध्यम से 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिला। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम से योजना की 18वीं किस्त जारी की। उन्होंने बताया कि इस किस्त के साथ ही अबतक इस योजना के तहत किसानों को करीब 3.45 लाख करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम में कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी करीब 23,300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना की पांचवीं किस्त भी जारी की। इसके तहत राज्य के पात्र किसानों को करीब 2,000 करोड़ रुपये जारी किए गए। उन्होंने कृषि अवसंरचना कोष के तहत 1,920 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 7,500 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन प्रमुख परियोजनाओं में कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां, गोदाम, छंटाई और पिसाई इकाइयां, शीत भंडारण परियोजनाएं, कटाई उपरांत प्रबंधन परियोजनाएं आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने 9,200 किसान उत्पादक संगठनों की भी शुरूआत की, जिनका कुल कारोबार लगभग 1,300 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री मोदी ने मवेशियों के लिए एकीकृत जीनोमिक चिप और लैंगिक रूप से चयनित शुक्राणु प्रौद्योगिकी की शुरूआत की। इस पहल का उद्देश्य किसानों को किफायती मूल्य पर लैंगिक रूप से चयनित वीर्य की उपलब्धता बढ़ाना तथा प्रति खुराक लागत को 200 रुपये प्रति खुराक तक लाना है। एकीकृत जीनोमिक चिप, देशी मवेशियों के लिए गौचिप और भैंसों के लिए महिषचिप को जीनोटाइपिंग सेवाओं के साथ विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के तहत महाराष्ट्र में 19 मेगावाट क्षमता के पांच सौर पार्क का उद्घाटन किया।

सूबे के 76 लाख18,784 किसानों के खाते में 1,552 करोड़ : मंत्री

पटना । कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 18वीं किस्त के रूप में बिहार के 76,18,784 किसानों के बैंक खाते में 1,552 करोड़ रुपए का अंतरण किया गया। कृषि मंत्री ने इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होनें आगे बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना देश के सभी रैय्यत किसान परिवारों को आय सहायता प्रदान करने की दृष्टि से केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजना है। जिसको केन्द्र सरकार द्वारा 01 दिसम्बर 2018 से लागू किया गया है। इस योजना का उद्देश्य फसल के स्वस्थ एवं उचित उपज के लिए किसान को विभिन्न उत्पादन क्रय करने में वित्तीय मदद प्रदान करने के लिए है ताकि किसानों के प्रत्याशित कृषि आय को सुनिश्चित किया जा सके। श्री पाण्डेय ने कहा कि इस योजना पर खर्च होने वाली शत-प्रतिशत राशि का क्रियान्वयन खुद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी करते हैं। इस योजना के अन्तर्गत रैय्यत किसान परिवार को सहायता राशि के रूप में 6,000 रुपए प्रतिवर्ष प्रत्येक चार माह के अन्तराल (अप्रैल से जुलाई, अगस्त से नवम्बर एवं दिसम्बर से मार्च) पर 2,000 रुपए के तीन बराबर किस्तों में दिया जाता है।

इस बार क्वाड देशों के बीच समुद्री अभ्यास मालाबार की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली /एजेंसी। क्वाड देशों के बीच विशाखापट्टनम में 08 अक्टूबर को भारत की मेजबानी में समुद्री अभ्यास मालाबार शुरू होगा, जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं हिस्सा लेंगी। इस समुद्री अभ्यास की शुरूआत विशाखापट्टनम में बंदरगाह चरण से होगी और उसके बाद समुद्री चरण होगा। हिंद महासागर और भारत-प्रशांत क्षेत्र में साझा समुद्री चुनौतियों का समाधान करने के मकसद से दो चरणों में यह नौसैन्य अभ्यास 18 अक्टूबर तक चलेगा। मालाबार अभ्यास 1992 में संयुक्त राज्य अमेरिका और भारतीय नौसेना के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था, जो अब प्रमुख बहुपक्षीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो गया है। इसका उद्देश्य अंतर-संचालन को बढ़ाना, आपसी समझ को बढ़ावा देना है। इस अभ्यास में विभिन्न भारतीय नौसेना प्लेटफॉर्म शामिल होंगे, जिसमें गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, बहुउद्देशीय फ्रिगेट, पनडुब्बी, फिक्स्ड विंग एमआर, लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने एमएच-60आर हेलीकॉप्टर और पी-8 समुद्री गश्ती विमान के साथ एक एन्जैक क्लास फ्रिगेट एचएमएएस स्टुअर्ट को तैनात करेगा इसी तरह संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना अपने इंटीग्रल हेलीकॉप्टर और पी-8 समुद्री गश्ती विमान के साथ एक आर्ले बर्क-क्लास विध्वंसक यूएसएस डेवी को तैनात करेगी। जापान एक मुरासामे-क्लास विध्वंसक जेएस अरियाके के साथ अभ्यास में शामिल होगा। सभी चार देशों के विशेष बल भी अभ्यास में भाग लेंगे।

प्रतियोगिता प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए हरसंभव मदद करेगी राज्य सरकार : सीएम

मुख्यमंत्री ने वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के 'लोगो और शुभंकर' का किया अनावरण

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में बिहार में पहली बार होनेवाली वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, 2024 के लोगो डिजाइन और शुभंकर का आवरण हटाकर अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि वीमेंस एशियंस चैंपियंस ट्रॉफी, 2024 का आयोजन राजगीर में किया जा रहा है। राजगीर में भव्य खेल स्टेडियम बनाया गया है। मैं भारतीय महिला हॉकी टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और अन्य देशों से आनेवाली खिलाड़ियों का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि बाहर से आनेवाले लोगों के लिए बेहतर ढंग से सारा इंतजाम कराएं। सुविधा में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सभी अतिथियों की मेहमाननवाजी अच्छे ढंग से करें जिससे वे बिहार के बारे में अच्छा अनुभव लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन सफल हो इसके लिए हरसंभव प्रयास और सहयोग राज्य सरकार करेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने मुख्यमंत्री को बताया कि वीमेंस एशियंस चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी बिहार कर रहा है इसका आयोजन 11 से 20 नवंबर के बीच राजगीर के खेल स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें छह देशों भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की महिला हॉकी की टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता का शुभंकर ह्यगुड़िया बिहार की राज्य पक्षी गौरैया से प्रेरित है। गुड़िया के हाथ में हॉकी स्टीक हॉकी प्रतियोगिता का प्रतीक चिह्न है तथा हाथ में गोलकीपर का दस्ताना और बचाव की मुद्रा एक गोलकीपर के अंदर सतर्कता, स्फूर्ति एवं सुरक्षा के रणनीतिक गुणों को प्रतिबिंबित करता है। पास में पूरी टीम के लिए रखी एक गेंद खेल भावना के साथ मिलकर खेलने की अनिवार्यता को दशार्ता है। यह प्रतियोगिता महिला हॉकी खिलाड़ियों की है इसलिए महिला सशक्तीकरण में बिहार सरकार की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता को पुष्ट करने के लिए गौरेया के प्रतीक के रूप में गुड़िया का शुभंकर चुना गया है। इस प्रतियोगिता के ह्यलोगोह्ण का डिजाइन गौरवशाली बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक ऐतिहासिक विरासत और सर्वांगीण प्रगति का प्रतीक है। बोधि वृक्ष और हॉकी स्टिक को लोगो के रूप में रखा गया है। बोधि वृक्ष ज्ञान शक्ति, सद्भाव, सहिष्णुता और विकास का प्रतीक है जो बिहार के समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक इतिहास से लोगों को जोड़ता है। हॉकी स्टिक भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी का प्रतीक है।

कार्यक्रम के दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान सुश्री नवनीत कौर ने यह प्रतियोगिता राजगीर में आयोजित कराने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वो दुनिया के कई स्टेडियम में खेल चुकी हैं मगर आधुनिक और पुरातन शैली के समन्वय के साथ जितना खूबसूरत और शानदार हॉकी स्टेडियम राजगीर का बना है वो अद्भुत है और ऐसा कहीं नहीं देखी। सुश्री नवनीत कौर ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आपने राजगीर में बहुत बड़ा और भव्य खेल स्टेडियम बनाया है। अपने देश मेंभी और दूसरे देशों में भी हमलोग खेलने जाते हैं लेकिन इतना बढ़िया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कहीं नहीं देखा है। मुझे बिहार आकर अच्छा लगा है। हम सबको खुशी हो रही है कि आपके नेतृत्व में बिहार में खेल हित के लिए इतना बेहतर कार्य किया जा रहा है। हमें बिहार और देश पर गर्व है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष 30 सेकेंड का वीमेंस एशियंस चैंपियंस ट्रॉफी, 2024 पर आधारित एक जिंगल्स प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सुश्री सेलेमा टेटे और उपकप्तान सुश्री नवनीत कौर ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंट किया।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने में सहयोग करेगा भारत: राजनाथ

प्रात : किरण

नई दिल्ली /एजेंसी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इलाके में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बनी हुई भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत का जोर क्षेत्र में विवादों के शांतिपूर्वक निपटारे के अलावा सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की ओर है। भारत यहां एक नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और यूएन के तहत बनाए गए वैश्विक नियम-कानूनों के सम्मान के अपने पुराने रुख पर कायम है। यह जानकारी राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित किए गए इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग-2024 (आईपीआरडी) को संबोधित करते हुए दी। यह तीन दिवसीय सम्मेलन है जिसकी शुरूआत बीते तीन अक्टूबर को हो गई थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लिए भारत का विजन सतत-आर्थिक विकास और आपसी सुरक्षा को लेकर भागीदारी बढ़ाने की ओर है। हमें क्षेत्र में एक भरोसेमंद, पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और हिंद-प्रशांत में सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले देश के रूप में देखा जा रहा है। हम आसियान की केंद्रीयता के साथ क्षेत्रीय संवाद, स्थायित्व और सामूहिक विकास के पक्षधर हैं। भारत महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। उसकी क्षेत्रीय भागीदार देशों के साथ तमाम गतिविधियां जारी हैं। इनमें द्विपक्षीय अभ्यास, सूचना साझा करने वाले कदम और सामूहिक समुद्री सुरक्षा तंत्र को मजबूती प्रदान करना शामिल है। इलाके में हिंद-प्रशांत के देशों के साथ सहयोग बढ़ाने में भारतीय नौसेना की काफी अहम भूमिका है। वह लगातार तमाम भागीदारों के साथ क्षमता विकास में लगी हुई है। भारत का हित विवाद में नहीं बल्कि समुद्री सहयोग को लगातार बढ़ावा देने की ओर है। किसी देश का हित अन्य किसी के साथ विवाद में आने का नहीं होना चाहिए।

जाकिर नाइक के पाकिस्तान में भव्य स्वागत से भड़के भारत ने की निंदा

नई दिल्ली /एजेंसी। कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक के पाकिस्तान में किए गए हालिया भव्य स्वागत की भारत ने निंदा करते हुए कहा है कि मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली है कि जाकिर नाइक ने पाकिस्तान की यात्रा की है। जहां पाक ने गले लगाकर उसका गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे हमें कोई आश्चर्य नहीं हुआ है कि जाकिर नाइक का पाकिस्तान में भव्य स्वागत किया गया है। यह निराशाजनक होने के साथ ही निंदनीय भी है। भारत के कानून के हिसाब से नाइक उसका एक भगोड़ा अपराधी है। वह किस पासपोर्ट या कागजों के आधार पर पाकिस्तान पहुंचा। उसके बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री के भारत दौरे के वक्त इस मामले पर चर्चा की गई थी।

खाड़ी से भारतीयों की वापसी संभव :

जायसवाल ने मौजूदा तनाव के बीच इजरायल, ईरान सहित खाड़ी के अन्य देशों से भारतीयों की वापसी को लेकर कहा कि इसे लेकर भारतीय विमान उड़ान भर रहे हैं। जो लोग स्वदेश वापस लौटना चाहते हैं। इनका इस्तेमाल कर वापसी कर सकते हैं। फिलहाल सरकार की तरफ से भारतीयों को देश वापस लाने के संबंध में कोई आधिकारिक अभियान नहीं चलाया जा रहा है। इजरायल, ईरान और लेबनान में भारतीयों की कुल संख्या 43 हजार है। इनमें इजरायल में सबसे ज्यादा 30 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

पूर्ववर्ती छात्र समागम उन्मीलन का आयोजन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत शनिवार को जगत नारायण लाल कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्र समागम उन्मीलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रआफता बरजा,मदन,कुमार,मुश्तकिन,आलिया, पप्पू, अरुण कुमार,सोनी कुमारी आदि ने महाविद्यालय के प्रति अपनी खट्टी मीठी यादें व्यक्त किए। इस अवसर पर एलुमनी एसोशिएशन के अध्यक्ष प्रो राजेश शुक्ला जी, जो इस महाविद्यालय के छात्र भी रहे और पांच वर्षों तक प्रधानाचार्य भी, उन्होंने अपने उद्गार व्यक्त किए। इस एसोशिएशन के कोषाध्यक्ष अविनाश बाबू, एसोसिएशन के सचिव आशुतोष बाबू अपने संबोधन में बच्चों को नियमित महाविद्यालय आने को कहा। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो निखिल कुमार सिंह और डॉक्टर दिलीप कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रधानाचार्या प्रोफेसर मधु प्रभा सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तित्व का निर्माण है। उन्होंने अपनी संबोधन में खासकर पूर्ववर्ती छात्राओं से कहा कि वह अपनी शिक्षा बीच में ना छोड़े। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन पूर्व प्राध्यापक अजीत कुमार और कार्यक्रम का संचालन राज नारायण सिंह ने किया

नवरात्र पर हुआ मंगल पाठ

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। नवरात्र के पर श्री दादी जी भक्त मंडल एवं सखी मंगल के संयुक्त तत्वावधान में मिरचाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में नवमी तक हर दिन सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री दादी जी का भव्य अलौकिक शृंगार व 56 भोग लगाया जा रहा है। मंगल पाठ में राधिका चौधरी, अनिता झुनझुनवाला, रमा भरतिया, सुनैना झुनझुनवाला, सेजल झुनझुनवाला, मंडल के उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला, संजीव देवड़ा के साथ नारायणी महिला मंडल सक्रिय हैं।

उत्पाद विभाग की टीम का तीन स्थान पर छापा, 26 लाख की शराब बरामद

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी । पटना उत्पाद विभाग की टीम ने तीन स्थान बेऊर मोड़ के पुराना गोदाम में छापेमारी कर वर्ष 2016 निर्मित मेड इन बिहार का 350 कार्टून शराब जब्त किया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर संदलपुर और जगनपुरा में की गई छापेमारी में 261 बोतल विदेशी शराब जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली थी कि बेऊर मोड़ के शांति टिंबर के पास पुराना गोदाम था। उस गोदाम में बिहार निर्मित वर्ष 2016 का शराब पड़ा हुआ था। इस सूचना का सत्यापन कर रेकी कराई गई। इसके बाद उत्पाद निरीक्षक कुलवंत सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर वहां छापेमारी की गई। इस दौरान वहां से करीब 350 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया गया। इसकी कुल कीमत 24 से 25 लाख रुपया आंकी गई है। सबसे आश्चर्य वाली बात यह है कि निर्मित शराब बिहार की है और वर्ष 2016 का निर्मित है। यहां से तीन लोगों पटना के पंकज कुमार रोशन कुमार और अंकित कुमार को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में एसआई निशा नेहा, एएसआई साहेब गुप्ता, शशि ठाकुर, ब्रजकिशोर ठाकुर, सुनील कुमार और साधना कुमारी के साथ बल शामिल था। सहायक आयुक्त ने बताया कि एक दूसरी टीम उत्पाद निरीक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में संदलपुर और जगनपुरा में छापेमारी की। इन दोनों स्थानों से 261 बोतल यानी कुल 193 लीटर विदेशी शराब को जब्त किया गया। यहां से दो लोगों विपिन कुमार और मोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी टीम में अजीत कुमार के अलावा एएसआई अजीत पटेल भारत कुमार और पुलिस बल शामिल थी।

16 से 25 अक्टूबर तक होगी बदलो बिहार न्याय यात्रा : भाकपा माले

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पटना में माले महासचिव का दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार की तथाकथित डबल इंजन की सरकार डबल बुलडोजर की सरकार है। राज्य की भयावह गरीबी, पलायान, बाढ़ आदि समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। कुछ सड़कों -हवाई अड्डों का सब्जबाग दिखलाकर बिहार के विकास का जो बखान किया जाता रहा है वह पूरी तरह बकवास है।

विशेष राज्य के दर्जे बिहार को विशेष राज्य का दर्जा अथवा बैकवर्ड एरिया ग्रांट आदि सवालों से भी सरकार ने मुंह चुरा लिया है।

दूसरी ओर, हाल के दिनों में राज्य में दलित-गरीबों-महिलाओं पर संगठित हिंसा, अपराध व बलात्कार हर रोज नया रिकॉर्ड बना रहा है। भूमि सर्वे गरीबों को उजाड़ने का अभियान बन रहा है।

बड़ी पटनदेवी मंदिर में फेज-1 का काम तीन माह में होगा पूरा : डीएम

शीतला माता मंदिर के विकास का छह योजनाओं का काम हुआ पूरा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी । प्राचीन विरासत शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर के फेज एक का काम तीन माह में पूरा होगा, जबकि फेज 2 का काम दशहरा समाप्त होने के साथ ही शुरू कर दिया जाएगा। यह बात जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने स्थल निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने शीतला माता मंदिर का भ्रमण भी किया। उन्होंने चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निदेश पर प्राचीन विरासत स्थलों को अक्षुण्ण रखने एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक विकास कार्य कराया जा रहा है। इन कार्यों का निरीक्षण करने के लिए वे समय-समय पर यहां आते रहते हैं। कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा बताया गया कि श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर के मुख्य भवन का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है। बचे हुए कार्य को तीन माह में पूरा करा लिया जाएगा। मंदिर के बगल में स्थित सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए जेनरेटर का भी अधिष्ठापन किया जा चुका है।

डीएम डॉ चंद्रशेखर ने निदेश दिया कि श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर में दुगार्पूजा के तुरंत बाद फेज-2 का काम शुरू किया जाए। इसमें मुख्य भवन के ठीक सामने यात्री मंडप, भव्य गेट, तीन मंजिला सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना है।

डीएम ने कहा कि प्राचीन विरासत स्थल शीतला माता मंदिर के विकास के लिए सरकार द्वारा छह योजनाओं की स्वीकृति दी गई थी। इसे पूरा कर लिया गया है। इन योजनाओं में मंदिर की चहारदीवारी, सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार, नाला निर्माण, परिसर में कोटा स्टोन लगाने का कार्य पूरा हो गया है। स्टेनलेस स्टील के भव्य गेट लगाने का काम चल रहा है, जो तीन दिनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सभी विरासत स्थलों के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास कार्यों में अच्छी प्रगति है।कार्यपालक अभियंता को टाइम लाइन के अनुसार शेष सभी कार्यों को ससमय पूरा करने का निदेश दिया गया। पटना सिटी एसडीओ सत्यम सहाय को निर्माण कार्यों में प्रगति का नियमित पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया गया है। डीएम ने कहा कि दुगार्पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं हो, इसके लिए पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है। पटना नगर निगम अजीमाबाद अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी को पालीवार टीम को लगा कर विशेष तौर पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। पटना सिटी एसडीओ एवं एएसपी-2 को भीड़ प्रबंधन, सुचारु यातायात व्यवस्था तथा विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

शराब के खिलाफ महिला ब्रिगेड ने निकाल हल्ला बोल रैली

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। राष्ट्रीय महिला ब्रिगेड और दुर्गा दस्ता की ओर से हल्ला बोल रैली शनिवार को निकाली गई। पटना साहिब स्टेशन के पास से यह रैली निकल कर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए शहीद भगत सिंह चौक पहुंची। यहां पर सभा की गई। ब्रिगेड की प्रदेश अध्यक्ष नीलम कुमारी ने कहा कि एक माह के अंदर पुलिस प्रशासन ने शराब माफियाओं पर नकेल नहीं कसा, तब महिलाएं शराब माफिया और अपराधियों को हल्ला बोल कर सबक सिखाने का काम करेंगी। रैली को प्रियंका कुमारी ने भी संबोधित किया। आयोजन में पटना नगर की अध्यक्ष मीना यादव, मीरा देवी, मंजू देवी, गीता देवी, लक्ष्मी देवी, कुसुम देवी, दमयंती देवी, दुर्गा दस्ता की पूजा कुमारी, अप्सरा कुमारी, क्रांति कुमारी, मोनिका कुमारी आदि शामिल थीं। महिला ब्रिगेड की अध्यक्ष नीलम ने कहा कि अब शराब के खिलाफ अभियान निरंतर चलाया जाएगा। यह निर्णय संकल्प सभा में लिया गया।

फतुहा में दुगार्पूजा के अवसर पर डांडिया महोत्सव की भव्य तैयारियाँ जोरों पर



प्रातः किरण संवाददाता

फतुहा। शहर के द ग्रीन वाटिका उत्सव हॉल में दुर्गा पूजा के अवसर पर अगामी 8 अक्टूबर को भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन शाम 4 बजे से किया जा रहा है। जिसमें सभी उम्र के महिला, पुरुष एवं बच्चें शामिल होकर गरबा नृत्य के साथ-साथ जाने-माने संगीतकार एवं बैंड का लुफ्त उठा सकेंगे। कार्यक्रम को और मनोरंजन बनाने के लिए नृत्य के अतिरिक्त आयोजन स्थल पर फूड आदि की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की तैयारी को देखते हुए मौके पर फतुहा नगर मंडल के भाजपा अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक और व्यवहारिक ज्ञान के लिए आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम कर हम समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। इस मौके पर डांस स्टूडियो के संस्थापक कमलदीप कुमार, ऋषि राज, सोनाली आदि कार्यक्रम की सफलता को लेकर सक्रिय है।

16 को कॉमेडी महोत्सव गांधी सरोवर के उत्तरी छोर पर होगा

- जिला प्रशासन की टीम ने कौमुदी महोत्सव स्थल का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। पाटलिपुत्र परिषद द्वारा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से गांधी सरोवर परिसर में 16 अक्टूबर को कौमुदी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में संस्कृति विरासत परंपरा एवं रीति-रिवाज पर आधारित श्री कृष्ण राधिका के महारास के रूप में सुगम संगीत तथा क्लासिकल की प्रस्तुति होगी।

महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन एवं कला, संस्कृति विभाग के पदाधिकारीयों ने गांधी सरोवर परिसर के उत्तरी छोर का निरीक्षण किया। बताया गया कि विगत वर्ष की तरह इस वर्ष वही आयोजन स्थल चयनित किया गया है। पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि आयोजन स्थल की विधिवत साफ- सफाई, बिजली व्यवस्था, बेरिकेटिंग, बैठने की व्यवस्था, आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए जिला प्रशासन को अवगत कराया गया।

इसके सफल संचालन के लिए परिषद की ओर से आठ उप समितियों का गठन किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से एडीएम मनोरंजन सिंह, मृत्युंजय कुमार, एनडीसी अभिनाश कुमार, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी प्रीति आलोक निरक्षण को आए थे।

मौके पर परिषद के अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवारा, शिव प्रसाद मोदी, आलोक चोपड़ा, संजय रॉय, अजय यादव, बलराम माथुरी, मो नैयर इकबाल, सरोज जायसवाल, राजेश कुमार शुक्ला टिल्लू, डॉ राजीव गंगोल, विनय कुमार, विनोद किसलय, ज्ञान प्रकाश आदि उपस्थित थे।

मंदिरों में भक्तों की पूजा-अर्चना को सुबह से लग रही लाइन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता शक्तिपीठ श्री बड़ी व छोटी पटनदेवी मंदिर, अगमकुआं के शीतला माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्र में धार्मिक अनुष्ठान लगातार चल रहा है। श्री बड़ी पटनदेवी के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि मंगला आरती से ब्रह्म मुहूर्त में भगवती की उपासना की गई। पूजा-अर्चना, भोग व आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए भगवती का पट खोल दिया गया। छोटी पटनदेवी के महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, अगमकुआं शीतला माता मदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, सुनील कुमार व जयप्रकाश पुजारी, गड़हा स्थित पटनदेवी मंदिर में बबलू पांडेय ने अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से किया। खाजेकलां के पानीटंकी स्थित प्राचीन काली मंदिर में मुन्ना बाबा और दीरापर स्थित काली मंदिर में आचार्य शशिकांत मिश्रा की देखरेख में भगवती काली की पूजा और उपासना की जा रही है। सर्वमंगला देवी मंदिर, गुलजारबाग में पंडित द्वारिकानंद मिश्र, गुड़ की मंडी स्थित पीताम्बरा मंदिर, श्री काले हनुमान मंदिर में पंडित राजेश मिश्रा के साथ बेगमपुर स्थित जल्ला हनुमान मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज व महारागंज में पूजा-अर्चना की गयी। इसी प्रकार से मनोरंजन पूजा समिति, दलहट्टा, नंदगोला बड़ी देवी जी, नया गांव से गुरहट्टा, खाजेकलां पूजा समिति, तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर, कुम्हरार स्थित पंचित बैठका में बड़ी देवी जी आदि स्थानों पर भी पूजा-अर्चना का अनुष्ठान हो रहा है। शनिवार को भगवती चंद्रघंटा की पूजा और उपासना की गई।

एनएमसीएच के डेंगू वार्ड के निरीक्षण व व्यवस्था से संतुष्ट दिखे डीएम

स्कूलों, अपार्टमेंट सहित सोसाइटीज में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर का निरीक्षण करने के बाद अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर जाने के क्रम में डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह अचानक नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने डेंगू वार्ड का निरीक्षण किया तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। यहां इलाज के लिए भर्ती मरीजों से बातचीत के दौरान उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि मरीजों को यहां मूलभूत सुविधाओं के साथ ही दवा भी मिल रही है। लगातार डॉक्टर के द्वारा उन सबों की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। डीएम ने कहा कि यहां इलाज का बेहतर प्रबंध है और डेंगू के लिए खास वार्ड भी बनाया गया है। अस्पताल प्रशासन ने यहां 50 बेड रिजर्व रखा है। फिलहाल यहां 13 मरीज भर्ती हैं। पुरुष और महिला मरीजों के लिए 20-20 बेड सुरक्षित है, जबकि आकस्मिक स्थिति के लिए 10 अतिरिक्त बेड सुरक्षित रखा गया है।

डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत में सुविधाओं पर संतोष जताया गया। उनका इलाज ठीक तरह से चल रहा है। चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के द्वारा नियमित तौर पर केयर किए जाने के साथ ही अस्पताल में ही सभी आवश्यक जरूरी दवा की निःशुल्क उपलब्धता होने की बात भी मरीज ने कही। मरीज ने कहा कि निजी अस्पताल से अच्छी सुविधा यहां मिल रही है। डेंगू वार्ड में मरीजों को मच्छरदानी भी प्रदान किया गया है। यहां तीन पालियां में करीब 40 चिकित्सकों को तैनात किया गया है। निरीक्षण के दौरान नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार, मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो अजय कुमार सिन्हा सहित अन्य चिकित्सक भी मौजूद थे।

डीएम ने कहा कि एनएमसीएच सहित जिला के सभी अस्पताल में डेंगू के इलाज की बेहतर व्यवस्था है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मरीजों की संख्या लगभग आधी है इस वर्ष डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 1,906 है। स्वस्थ हुए रोगियों की संख्या 1,403 है। सितंबर माह में वर्ष 2023 में डेंगू के 1,948 मामले आए थे, जबकि सितंबर 24 में 1,267 मामले अब तक आए हैं।

हालांकि उन्होंने कहा कि अभी डेंगू के मामलों में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने लोगों से खासकर कहा कि आप जहां रहते हैं उसके छत घर में और आसपास पानी जमा नहीं होने दें। उन्होंने सिविल सर्जन, एसडीओ तथा नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्धारित मानकों के अनुसार हर तरह के निरोधात्मक एवं सतर्कतामूलक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के करीब 500 कर्मियों की टीम द्वारा नियमित रूप से फॉगिंग एवं एंटी लार्वा टेमीफोस का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा टेक्निकल मालाथियोन की फॉगिंग कराई जा रही है।

गोलीबारी में पीड़ित परिवार से लोजपा (रा) के कार्यकर्ताओं ने किया मुलाकात

प्रातः किरण संवाददाता

फतुहा। प्रखंड के बीबीपुर में गांव में बीते दिनों अपराधियों ने दलितों के घर पर चढ़ कर गोलीबारी किया था जिसमें एक बच्चा गोलु कुमार और एक महिला सुनीता देवी को गोली लगा था जिसमें बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी और महिला गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक के पिता का नाम राजीव पासवान है जबकि घायल महिला के पति का नाम महेश पासवान है। इस घटना की खबर लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान मिला तो केन्द्रीय मंत्री के आदेशानुसार बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजु तिवारी के नेतृत्व में छः सदस्यीय जांच कमिटी गठित किया गया। इस कमिटी का नेतृत्व एससी-एसटी प्रदेश अध्यक्ष परसुराम पासवान ने किया। कमेटी के सदस्य लेवर सेल के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, प्रदेश महासचिव सुरेश पासवान, प्रदेश सचिव सुरेश पासवान, प्रदेश सचिव सूर्या पासवान एससी-एसटी के प्रदेश उपाध्यक्ष अध्यक्ष दिनेश पासवान सहित सभी ने घटनास्थल पर जा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात किया और प्रशासन से बात कर जल्द ही अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए बोले और सरकार से उचित मुआवजा दिलाने की बात किया। इसकी जानकारी जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने दिया। इस में शामिल हुए जिलाध्यक्ष पटना पूर्वी रंजीत यादव, पंचायती प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ सिंह, फतुहा प्रखंड अध्यक्ष छोटे मुखिया, फतुहा नगर अध्यक्ष अनिल चन्द्रवंशी, युवा नगर अध्यक्ष फतुहा अमर दीप पासवान, रसेनर पासवान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

दादी के अंतिम संस्कार में आया पोता गंगा में डूबा

फतुहा, प्रातः किरण। शनिवार को शीम नदी थाना क्षेत्र के मौनिया घाट पर 17 वर्षीय किशोर गंगा में स्नान करने के दौरान डूब गया तथा लापता हो गया। इस घटना के बाद मौनिया घाट पर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों से लेकर स्थानीय गोताखोरों द्वारा गंगा में उसकी तलाश की गयी लेकिन उक्त किशोर का कुछ अता-पता नहीं चला। जानकारी होते ही नदी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। खबर लिखे जाने तक गंगा में उसकी तलाश जारी थी। गंगा में डुबे किशोर की पहचान स्थानीय भिखुआ गांव निवासी वृजमोहन प्रसाद के 17 वर्षीय पुत्र दीपू कुमार के रुप में हुई है। बताया जाता है कि दीपू कुमार की साठ वर्षीय दादी के निधन हो जाने के बाद अंतिम संस्कार करने के लिए सम्मसपुर स्थित श्मशानघाट पर आया था। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के बाद दीपू अन्य परिजनों के साथ गंगा स्नान करने के लिए मौनिया घाट पहुंचा। दीपू भी अन्य लोगों के साथ गंगा स्नान करने के लिए गंगा में उतरा। पैर फिसलने से वह अनियंत्रित हो गया और देखते ही देखते गंगा की तेज धारा में बहते बहते गंगा में डूब गया। घाट पर परिजन पहुंच गये और अपने लाडले को एक नजर देखने के लिए गंगा को निहारते रहे। घाट पर परिजनों का क्रंदन स्वर गुंजने लगा। फिलवक्त गंगा में उसकी तलाश जारी है।

पटना सिटी गोलीकांड के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

पटना सिटी (प्राकि)। पांच अक्टूबर, 1974 को पटना सिटी स्टेशन पर जेपी आंदोलन के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे आंदोलनकारियों पर उस समय के डीएम के आदेश पर गोली चलवाई गई थी, जिसमें अनेक लोग शहीद और घायल हुए। वह सब हाथ-पैर से मजबूर हो गए। उन शहीदों की याद में हर वर्ष जेपी सेनानी संघर्ष समिति के द्वारा पटना साहिब स्टेशन पर जेपी सेनानी एकजुट होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने आते हैं। शनिवार को 50वीं वर्षगांठ पर लोग जुटे और उन शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। उस गोलीकांड में शहीद हुए मो मंसूर आलम के बेटे मो अआफताब आलम भी मौजूद थे। सभी ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि जो भी आंदोलनकारी एक दिन या एक माह जेल गए हों या भूमिगत होकर आंदोलन को चलाते रहे। जो घायल हुए, उन सभी को जेपी सेनानी पेंशन दिया जाए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जेपी सेनानी आयोग का जल्द गठन करने और पटना साहिब स्टेशन मथनी के पास शहीद पार्क बनाने की मांग रेलवे के उच्चाधिकारी से की गई। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष डॉ एकबाल अहमद और संचालन महासचिव शंभू प्रताप सिंह ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जेपी सेनानी प्रभात वर्मा, अर्जुन राय, मेहर कुमार आजाद, विनोद कुमार, मिथिलेश सिंह, आत्मा राम, श्रवण मेहता, शंभू शरण, वीरेन्द्र कुमार आदि क्रांतिकारी शामिल थे।

अंकित को गोली मारने के आरोपी किशोर को रिमांड होम भेजा गया

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता। खाजेकलां थाना क्षेत्र के दुली घाट स्थित शिव मंदिर के पास अंकित कुमार उर्फ कल्पना को दो अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा 30 सितंबर को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। इस संबंध में वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर छापामारी टीम का गठन किया गया था। इसमें एक विधि विरुद्ध किशोर को हिरासत में लेकर किशोर न्याय परिषद में अग्रसारित किया गया है। यह जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने दी।

उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को अपराह्न करीस पांच बजे दीवान मोहल्ला दुली घाट शिव मंदिर के पास अंकित कुमार उर्फ कल्पना पिता रमेश राय, जो दीवान मोहल्ला सीढ़ी घाट का रहने वाला है, को दो अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया गया था। इस संबंध में उनकी मां पूनम देवी के फर्द बयान पर कांड 414 दर्ज किया गया था। कांड के जख्मी अंकित कुमार उर्फ कल्पना वर्तमान में एनएमसीएच में इलाजरत है। इस कांड में वरीय अधिकारी के निर्देश पर छापामारी टीम का गठन किया गया था। जिला आसूचना इकाई के सहयोग से तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कांड में अनुसंधान कर कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल एक विधि विरुद्ध किशोर को हिरासत में लिया गया। बाद में उससे पूछताछ करने के बाद किशोर न्याय परिषद में न्यायिक हिरासत में अग्रसारित किया गया है। उसके द्वारा इस घटना में अपने एवं अन्य सहकर्मियों के साथ घटना को अंजाम देने की बात कही है। घटना में शामिल अन्य सहयोगी, जिसका कि पूर्व से हत्या व लूट का आपराधिक इतिहास रहा है, की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

गिरफ्तार विधि विरुद्ध किशोर के पास से एक मोबाइल की बरामदगी हुई है। छापामारी दल में थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना के अलावा अपर थानाध्यक्ष सह एसआई शुभेंद्र कुमार, विकास कुमार सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, परि एसआई सोनू कुमार सिंह, सिपाही सरोज कुमार, ओमप्रकाश और कुतुबुद्दीन अंसारी शामिल थे।

कालाजार से लड़ाई में आरएमआरआई की भूमिका बिहार में सबसे अधिक : डॉ कृष्णा पांडेय

- विभिन्न विक्टर जनित ट्रॉपिकल डिजीज में मीडिया से सहयोग की अपेक्षा की गई

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी । आईसीएमआर-राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज आरएमआईएमएस और ड्रग्स फॉर नेग्लेक्टेड डिजीज इनीशिएटिव, एक अंतरराष्ट्रीय गैर लाभकारी दवा अनुसंधान और विकास संगठन, जो अपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों (एनटीडी) के लिए एक नया उपचार विकसित कर रहा है। अपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों के उन्मूलन के लिए मीडिया में सही संवाद बनाने के उद्देश्य है,पर मीडिया कार्यशाला शनिवार को आयोजित की गई। इसका उद्घाटन आईसीएमआर आरएमआईएमएस के निदेशक और वैज्ञानिक-जी डॉ कृष्णा पांडेय ने कहा कि हम कालाजार के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे रहे हैं। वैज्ञानिकों और हितधारकों के बीच संवाद स्थापित करने में मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। इसी के परिणामस्वरूप कालाजार बीमारी का उन्मूलन हुआ है। उन्होंने विसरत लीशमैनियासिस (जिसे आमतौर पर कालाजार के नाम से जाना जाता है) और अन्य विक्टर जनित रोगों के खिलाफ लड़ाई में आईसीएमआर आरएमआईएमएस, पटना की गतिविधियों और उपलब्धियां के बारे में बताया। डॉ कृष्णा पांडेय ने बताया कि फिलहाल डब्ल्यूएचओ बंगलादेश से कालाजार उन्मूलन की घोषणा कर दी है, मगर अभी भारत और खासकर बिहार में ब्लॉक लेवल पर तीन साल तक इसे बनाए रखना है। अभी ब्लॉक वाइज हजार लोगों में एक मरीज मिल पा रहा है और इसे तीन साल तक सस्टेन करना है। एचआईवी लिसमेनिया का ट्रायल ट्रीटमेंट का गाइडलाइन बन गया है। पीकेडील का इलाज 12 सप्ताह तक देने से कुछ प्रभाव मरीज पर होता है इसे शॉर्ट टर्म कांबिनेशन थेरेपी पर काम करके भी उसे ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए पटना में भी वैक्सीन छह लोगों को दिया गया है। फिलहाल देश के विभिन्न सेंटरों पर 10 हजार लोगों को यह वैक्सीन दिए जाने का लक्ष्य है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर श्री संजय कुमार चतुर्वेदी को जिम्मेवारी सौंपी गई है। भारत में डब्ल्यूएचओ के कंट्री ऑफिस के स्टेट कोऑर्डिनेटर एनटीडी डॉ राजेश पांडेय ने भारत में लगातार फैल रहे एनसीडी का अवलोकन किया और स्थानीक आबादी के बीच रोगों के बारे में ज्ञान और धारणा बनाने में मीडिया के प्रभाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नेगलेक्टेड ट्रापिकल डिजीज नाम क्यों? कालाजार बिहार में उपेक्षित नहीं है। कालाजार उन्मूलन में सफलता मिली है। दवा का इजाद भी हुआ है। फिलहाल 1.7 बिलियन ऐसे हैं, जो ऐसे एरिया में रहते हैं, जो इससे पीड़ित हैं। फिलहाल फाइलेरिया, लेप्रोसी, डेंगू, रेबीज, स्नेक बाइट, चिकनगुनिया पर काम हो रहा है। इसे आसानी से कंट्रोल किया जाना संभव है। दरअसल अधिक आबादी, गरीबी, सुविधा जहां कम है, वहां यह रोग अधिक होता है। डॉक्टर पांडेय ने कहा कि किसी को दो सप्ताह से अधिक बुखार है, तो मानें कि टीबी या कालाजार हो सकता है। लेप्रोसी नई डिजीज बैक्टीरिया से होता है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के संक्रामक रोग और वैक्सीन वितरण के उपनिदेशक डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी की टिप्पणी से श्रोता चकित रह गए। एनसीडी के संचार और आउटरेज के लिए अधिक निवेश की जरूरत है। अंतरक्षेत्रीय समन्वय के माध्यम से ही इन रोगों को वास्तव में हमेशा के लिए समाप्त किया जा सकता है। रिसर्च डायग्नोस्टिक और ड्रग मुख्य रूप से काम करने की जरूरत है फाइलेरिया छुआछूत नहीं है या मच्छर काटने से होता है। उन्होंने बताया कि पहले नाला कच्चा बना होता था, अब नाला पक्का हो गया है। ऐसे में मच्छरों को पनपने से नहीं रोका जा सकता है। हम सबों ने हर घर शौचालय और ओडीएफ कर लिया, मगर शौचालय निर्माण के बाद ऊपर में एक पाइप लगाते हैं और उसमें जाली लगा देते हैं। अब वह मच्छरों के अंडा देने और उसके एक सप्ताह में तैयार होने का वह सबसे सुरक्षित जगह है। इसके लिए पाइप के ऊपर में रहे जाली पर पतली जाली या मच्छरदानी का कपड़ा भी बांधकर मच्छरों के पनपने से रोका जा सकता है। डीएनडीआई की दक्षिण एशिया की निदेशक डॉ कविता सिंह ने प्रतिभागियों को बिहार के पूर्णिया और सारण जिलों में गंभीर कालाजार के निदान और उपचार के लिए न्यायसंगत दवा खोज और इसके दो उत्कृष्ट केंद्रों (सीओई) के विकास के लिए संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एक दवा को विभिन्न क्लिनिकल ट्रायल से गुजरने में वर्षों लग जाते हैं। आईसीएमआर रोग उन्मूलन के अध्यक्ष डॉ रजनीकांत श्रीवास्तव ने विज्ञान संचार में चुनौतियां और बिधाओं के बारे में बात की। उन्होंने वैज्ञानिकों और समुदायों के बीच एक इंटरफेस के रूप में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं मीडिया ट्रेनर सुश्री मिनाती चकलानवीस ने वैज्ञानिक समाचारों का मसौदा तैयार करने और संचार करते समय गलत सूचना, दुष्प्रचार, फर्जी खबरों का मुकाबला करने और तथ्यों की जांच करने के साधनों के बारे में बात की। अपर निदेशक सह एसपीओ (वीबीडीसीपी) डॉ अशोक कुमार ने वेक्टर जनित रोगों के लिए निवारक उपायों को अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने में मीडिया की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पटना नगर निगम के द्वारा भले शहरी क्षेत्र में फॉगिंग किया जा रहा है।

DNDi
Best Science for the Most Neglected
ICMR RMRIMS
Building the Right Narrative in Media
Elimination of Neglected Tropical Diseases
5 OCT
Dr Bhupendra Tripathi
Dr Rajni Kant Srivastava
Dr. Krishna Pandey
Dr. Ashok Kumar
Dr. Rajesh Pandey

भूमि सर्वेक्षण : 42 हजार 287 मौजों में ग्राम सभा संपन्न

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सूबे के 42445 मौजों में सर्वे का काम जारी

भूमि सर्वेक्षण के कार्यों की प्रगति को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक जे प्रियदर्शिनी ने की। बैठक में सबसे पहले प्रथम फेज के 20 जिलों के कार्य की प्रगति देखी गई। खासकर खानापुरी, प्रारूप प्रकाशन और लगान निर्धारण के लिए बचे मौजों की समीक्षा की गई और लंबित कार्यों के शीघ्र निष्पादन का निदेश बंदोबस्त पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में प्रथम चरण और द्वितीय चरण दोनों को मिलाकर सभी 38 जिलों के 534 अंचलों के सभी गांवों में ग्राम सभा की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक से स्पष्ट हुआ कि सूबे के जिन 42445 मौजों में सर्वे हो रहा है उसमें 42287 मौजों में ग्राम सभा संपन्न हो चुकी है। जबकि निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए मौजों की संख्या 39822 है। बाकि मौजों को भी वेबसाइट पर जल्द अपलोड करने का निदेश, निदेशक द्वारा दिया गया।

स्वघोषणा से प्राप्त आवेदनों की संख्या 3798514 :

सभी जिलों में प्रपत्र-2 यानि स्वघोषणा से प्राप्त आवेदनों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। सभी जिलों को मिलाकर अबतक कुल 1555293 रैयतों ने अपने कागजातों को ऑनलाइन अपलोड किया है। जबकि 1993374 आवेदन ऐसे हैं जो सर्वे शिविरों में ऑफलाइन मोड में प्राप्त हुए हैं लेकिन सर्वे कर्मियों ने उन्हें वेबसाइट पर अपलोड कर ऑनलाइन कर दिया है। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा की कुल संख्या 3798514 है। इनमें से 249847 आवेदन ऐसे हैं जो ऑफलाइन माध्यम से शिविरों में प्राप्त हैं, जिन्हें ऑनलाइन करना शेष है। 393783 स्वघोषणा के साथ सर्वाधिक प्रपत्र-2 रोहतास जिले में प्राप्त हुआ है, जबकि 295970 स्वघोषणा के साथ गया जिला दूसरे नंबर पर है। वहीं भोजपुर जिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मिलाकर कुल 33355 स्वघोषणा ही अबतक प्राप्त हुए हैं जबकि पूर्वी चंपारण भी इस मामले में 34594 स्वघोषणा के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर है। सभी जिलों को निदेश दिया गया कि वो ज्यादा से ज्यादा रैयतों से संपर्क कर उन्हें स्वघोषणा अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करें।

9889 गांवों का खतियान लिखने का काम पूर्ण

सभी अंचलों में तेरीज या खतियान लेखन का काम भी प्रगति पर है। प्रपत्र-5 में लिखे जानेवाले इस खतियान की भी जिलावार समीक्षा की गई। सभी जिलों को मिलाकर कुल 9889 गांवों का खतियान लिखने का काम पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 24739 मौजों में खतियान लेखन का काम जारी है। बाकि मौजों में भी शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा।

बैठक में ओएसडी नवाजिश अख्तर और सभी प्रमंडलों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

सर्वेक्षण कर्मियों का वेतन पूजा से पहले होगा भुगतान

भूमि सर्वेक्षण के कार्य में लगे सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को सितंबर माह तक का वेतन हर हाल में पूजा की छुट्टी से पहले मिल जानी चाहिए। इसके लिए जो भी जरूरी कदम हो उन्हें उठाया जाए और मंगलवार तक हर हाल में वेतन का भुगतान कर दिया जाए। यह निदेश भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे प्रियदर्शिनी ने सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों की बैठक में दिया। सभी जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बैठक में बताया गया कि नवनियुक्त कर्मियों का बैंक में अकाउंट खुल गया है, निदेशालय से आवंटन प्राप्त है, भुगतान की कार्रवाई की जा रही है और उनके द्वारा अगले एक दो दिन में यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

मिशन 2025 के लक्ष्य को देना है मूर्त रूप : उमेश

जदयू राज्य कार्यकारिणी की बैठक में बोलें प्रदेश अध्यक्ष

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें आने वाली चुनौतियों को अवसर में बदलकर मिशन 2025 के लक्ष्य को मूर्त रूप देना है। साथ ही पार्टी के कार्यकताओं को नीतीश सरकार की तमाम ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी अंतिम छोर में खड़े आम जनता तक पहुंचाना है। प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। श्री कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता ने जनसेवा के प्रति अपनी प्राथमिकताओं से कभी समझौता नहीं किया। बाल विवाह और शराबबंदी जैसे कई समाज सुधार की दिशा में नीतीश कुमार द्वारा चलाए गए अभियानों की प्रशंसा आज देश और दुनिया में होती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारे नेता ने बिहार में ससमय जातीय गणना कराकर आसाधरण काम को अंजाम दिए है।

इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह, मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद देवशचंद्र ठाकुर, मंत्री सह राष्ट्रीय महासचिव अशोक चैधरी, राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया। विधानपार्षद सह वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने राजनैतिक प्रस्ताव एवं प्रदेश महासचिव प्रह्लाद सरकार ने संगठन संबंधी प्रस्ताव को पेश किया और सभी ने एक स्वर में प्रस्ताव का समर्थन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी (स्थापना) चंदन कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी ने की।

ये रहें मौजूद :

बैठक में मुख्य रूप से मौजूद मंत्री श्रवण कुमार, मदन सहनी, मंत्री लेसी सिंह, मंत्री शीला मंडल, मंत्री रतनेश सदा, मंत्री महेश्वर हजारी, मंत्री जयंत राज, मंत्री सुनील कुमार मंत्री जमा खां, मंत्री सुमित कुमार सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री श्याम रजक, सांसद दिलेश्वर कामैत, सांसद सुनील कुमार, सांसद लवली आनंद, सांसद रामप्रीत मंडल, सांसद दिनेश चंद्र यादव, सांसद विजयालक्ष्मी देवी, सांसद डॉ आलोक कुमार सुमन, सांसद अजय कुमार मंडल, सांसद गिरधारी यादव, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सह विधानपार्षद नीरज कुमार, विधानपार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित विधानमंडल के सभी सदस्यगण, पूर्व सांसदगण, प्रदेश पदाधिकारीगण एवं जिला अध्यक्षगण मौजूद रहे।

बाढ़ पीड़ितों की सेवा में एनडीए सरकार तत्पर: दिलीप

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राहत कार्यों का लिया जायजा
- बाढ़ पीड़ितों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं और सहायता मिलती रहेगी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना/सहरसा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि एनडीए सरकार बाढ़ पीड़ितों की सेवा और राहत कार्यों के प्रति हर समय तत्पर है। डॉ. जायसवाल ने सहरसा जिले के गंडौल चौक पर बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए संचालित सामुदायिक किचन का दौरा किया साथ ही उन्होंने एनडीए सरकार द्वारा चलाए जा रहे बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान डॉ. जायसवाल ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि बाढ़ पीड़ितों को उच्च गुणवत्ता का भोजन और हरसंभव सहायता मिलती रहे। डॉ. जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित लोगों तक नियमित और गुणवत्तापूर्ण भोजन के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं पहुँचाई जाएं। उन्होंने कहा, एनडीए सरकार इस कठिन समय में बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद के लिए हर पल तत्पर है। डॉ. जायसवाल ने स्पष्ट किया कि एनडीए सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर प्रभावित परिवार को समय पर राहत और सहायता मिले, ताकि इस आपदा में कोई भी असहाय महसूस न करे। इसके साथ ही, डॉ. जायसवाल ने महिषी विधानसभा क्षेत्र के पुनाच में एनडीए सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए संचालित राहत कार्यों का निरीक्षण किया। डॉ. जायसवाल ने कहा, यह सरकार का संकल्प है कि इस कठिन समय में हर बाढ़ पीड़ित के साथ खड़ा रहें और उनके जीवन को जल्द से जल्द व्यवस्थित करने की दिशा में काम किया जाए। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि राहत और पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी न हो, और हर जरूरतमंद को समय पर सहायता मिलती रहे। सरकार राहत शिविरों में भोजन, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान कर रही है। डॉ. जायसवाल ने आश्वासन दिया कि सरकार हर पीड़ित तक उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं पहुँचाने के लिए कृतसंकल्प है।

लोकल फॉर वोकल से लोगों को रोजगार के अवसर मिलें: अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकल फॉर वोकल तथा स्वच्छता को बढ़ावा देकर समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने का काम किया हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के वोकल फॉर लोकल की पहल के कारण पर्व-त्यौहार के समय में छोटे-मोटे आम व्यापारियों, रेहड़ी पटरी, ठेले खोमचे वाले की कमाई को बढ़ाने का काम मोदी जी ने किया है। गरीब आदमी को व्यापार करने के लिए बल देने का काम किया है उन्हें अपनी आमदनी एवं रोजी-रोटी कमाने का अवसर दिया है। साथ ही सभी लोगों की वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपना कर अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का भी मौका दिया है। लोकल फॉर वोकल के लाभ से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन,स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा,स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करना,सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। आपको लोकल फॉर वोकल को अपनाने के लिए स्थानीय उत्पादों का उपयोग करें, स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करें,छोटे और मध्यम आकार के उद्योगों को समर्थन दें, सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दें,लोकल फॉर वोकल के बारे में जागरूकता फैलाएं। लोकल फॉर वोकल रोजगार सृजन पर भी केंद्रित है, ताकि लोगों को रोजगार के अवसर मिलें। इस पहल में सांस्कृतिक विरासत को भी बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारतीय संस्कृति को बचाया और बढ़ावा दिया जा सके। श्री अरविन्द ने कहा कि 10 साल पहले तक कांग्रेस शासन काल में भारत की 60 प्रतिशत से ज्यादा आबादी खुले में शौच के लिए मजबूर थी जो मानव गरिमा के विरुद्ध था। इतना ही नहीं ये देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का अपमान था जो पीढ़ी दर पीढ़ी निरंतर चला आ रहा था। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता एवं स्वच्छता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के कारण आज हर गांव खुले में शौच से मुक्त है।

जदयू का राजनीतिक प्रस्ताव स्तुति गान तक हीं सीमित : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने जदयू के प्रदेश कार्यकारिणी के राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रस्ताव में विरोधाभासी तथ्यों के साथ हीं केवल एक व्यक्ति विशेष के स्तुति गान तक हीं सिमीत है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राजनीतिक प्रस्ताव देखने से तो यही लगता है कि वैचारिक दृष्टिकोण से पार्टी खुद अस्पष्ट और भ्रमित है। पार्टी का एकमात्र लक्ष्य किसी प्रकार की सौदेबाजी कर सत्ता में बने रहना है। प्रस्ताव में जदयू ने अपने को महात्मा गांधी, डॉ अम्बेडकर, लोहिया, जेपी, युसूफ मेहर अली और कपूरी जी के वैचारिक विरासत का वाहक होने का दावा किया गया है। पर व्यवहारिक रूप इस दल का आचरण उन पुरुषों के वैचारिक सोच के विपरित हीं रहा है। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर साम्प्रदायिक और विभाजनकारी शक्तियों के साथ हीं प्रभुत्ववादी ताकतों को स्थापित करने में जदयू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रस्ताव में दावा किया गया है कि यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज मिला रहता तो बिहार अबतक विकसित राज्यों की श्रेणी में आ जाता। वहीं यह भी कहा गया है कि प्रधानमंत्री की कृपा से विशेष पैकेज मिल भी रहा है। इससे स्पष्ट है कि यदि मुख्यमंत्री की कुर्सी सुरक्षित रहे तो जदयू बिहार के वाजिब हिस्से के लिए भी केन्द्र से कोई मांग नहीं करेगा। बिहार में कराए गए जातिय जनगणना और बढ़ाए गए आरक्षण का श्रेय मुख्यमंत्री जी को दिया गया है पर इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने और राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत गणना कराने सम्बन्धी मांग की कोई चर्चा नहीं किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि आज बिहार का एक बहुत बड़ा हिस्सा बाढ़ की विभिषिका झेल रही है पर केन्द्रित मदद के लिए प्रस्ताव में एक शब्द भी नहीं है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जदयू के राजनीतिक प्रस्ताव का एकमात्र लब्बोलुआब यही है कि जदयू की एकमात्र प्राथमिकता सत्ता में बने रहना है। इसके लिए न कोई वैचारिक प्रतिबद्धता है और न बिहार का विकास। अपने प्रस्ताव में जदयू ने भाजपा को भी स्पष्ट संदेश दे दिया है कि वह मुख्यमंत्री पद पर कभी भी कोई समझौता नहीं करेगा। और भाजपा को हर हाल में जदयू का छोटा भाई बनकर हीं रहना होगा।

प्रीपेड स्मार्ट मीटर से आम जनता को हो रहा नुकसान : मोहन

- पूरे राज्य में इस फैसले की वापसी तक हम आंदोलनरत रहेंगे : अखिलेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिजली विभाग के द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के लगातार आंदोलनों की कड़ी में बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कैमूर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला मुख्यालय भभुआ में जन जागरण अभियान में शामिल हुए। बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश ने जन जागरण अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में गरीबो के ऊपर आर्थिक जुल्म किए जा रहे हैं। बिजली के प्रीपेड स्मार्ट मीटर के नाम पर गोरखधंधा किया जा रहा है और ये सीधे सीधे बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सीएफएल आया तो गरीबों को महंगे बिजली से बचाने के लिए जागरण चलाया गया और तब के बिजली की बिल और अब की बिजली बिल के कीमत में कितना अंतर आ चुका है ये सभी को दिख रहा है फिर स्मार्ट मीटर के नाम पर गरीबों का खून चूसने के लिए ऐसे हथकंडे अपनाने से जनता को ही नुकसान हो रहा है। खून चूसने वाले मीटर से बिहार की जनता को बचाने का काम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता अंतिम दम तक करेंगे। बिहार सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि पहले अखबारों से खबर आती है कि तीन दिन बिजली नहीं कटेगी अब आज खबर आ रही है कि सात दिन बिजली नहीं काटी जायेगी, आप यूं ही हमारा साथ देते रहिए हम आपको आश्वस्त करते हैं कि इस निरंकुश सरकार को स्मार्ट मीटर योजना को ही वापस लेने को हम सब मजबूर करके दम लेंगे। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने जन जागरण अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि हम लगातार इस मुद्दे पर राज्यव्यापी जन जागरण अभियान चला रहे हैं। जब इस योजना को लाने वाले लोगों पर भ्रष्टाचार का आरोप साबित हो चुका है तब इस योजना से सीधा लाभ अदानी की कंपनी को करने के लिए नाहक आम आदमी को परेशान करके उनके जेब से पैसे खींचने का काम सरकार कर रही है। कांग्रेस करती ऐसी सभी गतिविधियों के के खिलाफ खड़ी रहेगी जहां आम आदमी के साथ सरकार प्रायोजित ज्यादती की जाएगी। पूरे राज्य में इस फैसले की वापसी तक हम आंदोलनरत रहेंगे। इस अवसर पर सांसद मनोज कुमार , विधायक मुन्ना तिवारी ,संतोष मिश्रा , कैमूर जिला अध्यक्ष सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन मौजूद थे ।

सवेरा अस्पताल में कैंसर जागरूकता व निशुल्क जांच का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- निःशुल्क शिविर में महिलाओं ने कराई मैमोग्राफी और पैप स्मीयर जांच

पटना। सवेरा अस्पताल में शनिवार को ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता और जांच के लिए आयोजित किए गए निःशुल्क मैमोग्राफी और पैप स्मीयर टेस्ट कैंप में भारी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। यह कैंप सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने अपनी जांच करवाई। कैंप का आयोजन रोटरी पटना मिडटाउन द्वारा किया गया था, जिसमें महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुफ्त सेवाएं प्रदान की गईं। सवेरा अस्पताल के एमडी और रोटरी पटना मिडटाउन के अध्यक्ष, डॉ वी पी सिंह ने इस अवसर पर कहा,ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के मामले देशभर में बढ़ रहे हैं, और इससे बचाव के लिए महिलाओं में जागरूकता और समय पर जांच बेहद जरूरी है। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को इन घातक बीमारियों के प्रति सचेत करना और उन्हें शुरूआती चरण में ही पहचानने में मदद करना था। ब्रेस्ट कैंसर के लक्षणों के बारे में बताते हुए डॉ. सिंह ने कहा, हर महिला को समय-समय पर खुद से जांच करनी चाहिए। यदि छाती पर कोई गांठ महसूस होती है, तो तुरंत कैंसर विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि, रजोनिवृत्ति के बाद या उसके आसपास अत्यधिक रक्तस्राव, पानी का डिस्चार्ज, या पेट में दर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और समय रहते पैप स्मीयर जांच करवानी चाहिए। कैंप के माध्यम से सवेरा अस्पताल और रोटरी पटना मिडटाउन ने महिलाओं को स्वस्थ जीवन जीने के लिए एक

भाकपा का दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 04 अक्टूबर से चल रही जिला सचिवों की दो दिवसीय कार्यशाला आज शनिवार को संपन्न हुयी। कार्यशाला का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय सचिव के. नारायणा ने की जबकि विषय प्रवेश राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय द्वारा किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला में 26 दिसम्बर से शुरू हो रहे पार्टी के शताब्दी वर्ष, अगले साल 2025 में होने वाले बिहार विधान सभा चुनाव, बिहार में बाढ़ की विभीषिका, प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ उठ रहे जनाक्रोश, बिहार में गिरती कानून व्यवस्था, बिहार भूमि सर्वेक्षण आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यशाला का उदघाटन करते हुए राष्ट्रीय सचिव के. नारायणा ने कहा कि सीपीआई का शताब्दी वर्ष 20 दिसम्बर, 2024 से शुरू हो रहा है और 26 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। इस दौरान सभी स्तरों पर समारोह आयोजित किये जायेंगे। इसकी तैयारी अभी से जिलों में शुरू कर दी जाय। केंद्र और राज्य सरकार सभी मोर्चे पर विफल है। बिहार की जनता बाढ़ की त्रासदी झेल रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी तक बिहार के बाढ़ पर कुछ नहीं बोले है। राज्य सरकार बाढ़ पीड़ितो को सहायता उपलब्ध कराने में विफल है। केंद्र और राज्य सरकार बाढ़ पीड़ितों को सहायता मुहैया कराने की गारंटी करें। राष्ट्रीय सचिव व पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में गरीबों, मजदूरों, महिलाओं, अल्पसंख्यक, दलितों, आदिवासियों पर हमले बढ़े हैं। देश की जनता महँगाई से त्रस्त है। लोकसभा चुनाव के बाद महंगाई में उछाल आ गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। केंद्र और राज्य सरकार महँगाई रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय कहा कि भूमि सर्वे का नाम पर हो रहे लूट के खिलाफ 15 अक्टूबर को सभी भूमि सर्वे शिविरों पर धरना, प्रदर्शन किया जायेगा। बिहार में सीपीआई के स्थापना का 85वाँ वर्ष 20 अक्टूबर को पूरा हो रहा है।

विकलांग व्यक्तियों को बांटा गया व्हीलचेयर

सेवा समर्पित फाउंडेशन द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

पटना। सेवा समर्पित फाउंडेशन द्वारा पुनपुन लखना उत्तरी पश्चिम में सेवा समर्पित फाउंडेशन द्वारा निशुल्क जांच शिविर लगाकर लोगों का निशुल्क जांच कराया गया। वहीं पर संस्था की ओर से पैर से विकलांग व्यक्तियों को व्हीलचेयर बांटा गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया संस्था के द्वारा समय-समय पर गांव कस्बों में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन करके लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का भी काम किया जाता है। अभी भी बहुत से गांव ऐसे हैं जहां पर सरकारी स्वास्थ्य सुविधा नहीं है। ऐसे में सेवा समर्पित फाउंडेशन उनके स्वास्थ्य को लेकर सदैव तत्पर है उनकी सेवा के लिए। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोगी राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार के अलावा राष्ट्रीय प्रवक्ता सम्राट शुक्ला एवं बिहार अध्यक्ष विक्रम सिंह और यह पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने का जिम्मा उठाया।

बिना रिश्वत दिए किसी का कोई काम नहीं होता : तेजस्वी

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार सरकार पर हमला बोल रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। तेजस्वी यादव ने लिखा कि वरिष्ठ भाजपा नेता, दो बार के केंद्रीय मंत्री, छह बार सांसद, तीन बार विधायक और जिनका पुत्र वर्तमान भाजपा सांसद है वो भाजपा- नीतीश सरकार में बिहार में व्याप्त अफसरशाही एवं जनप्रतिनिधियों की दशा पर व्यक्तव्य दे रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि अब आप कल्पना करिए कि थाना और ब्लॉक में आम लोगों को कितनी परेशानियों और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है? बिना रिश्वत दिए बिहार में किसी का काम नहीं होता। सार्वजनिक रूप से कोई नहीं कहेगा यहाँ तक की सत्ताधारी विधायक अपने क्षेत्र में मनचाहे अधिकारियों के तबादलों एवं कार्यों के लिए भेंट चढ़ाते है। सांसद-विधायकों को नीतीश कुमार के परम दुलारे अधिकारी प्रणाम करना तो दूर उनका फोन तक नहीं उठाते। सरकार में शामिल लोग और सेवानिवृत अधिकारी बिहार के सर्वेसर्वा बन बिहार को पीछे धकेल रहे हैं।

रामलीला का तीसरा दिन : अहिल्या उद्धार, विश्वामित्र जी के यज्ञ की रक्षा

पटना। नागाबाबा ठाकुरबाड़ी में निरंजन लाल व्यास के नेतृत्व में 10 दिवसीय रामलीला का मंचन हो रहा है। शनिवार को रामलीला के तीसरे दिन श्री दशहरा कमेटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, महापौर पटना सीता साहू, उपमहापौर रेशमा देवी चंद्रवंशी एवं अन्य ने किया। इसके बाद आरती की गई। दीप प्रज्वलन के बाद मंत्री ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य की विजय का त्योहार है। यह हमें संदेश देता है

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1
भवन निर्माण विभाग, पटना
अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–13 वर्ष 2024–25

निम्नलिखित कार्य हेतु निबंधित संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक–15.10.2024 के 11:00 बजे पूर्वाह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है ।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:00 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय अभियंता/सहायक अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विवरणी निम्नलिखित है:–

S.No.	Name of work	Period
1.	SITC of 08 Passenger (544 Kg) Lift (G+1) in 02 No. Circular Road, Patna	03 Month
2.	Operation & Maintenance of 01 No. 10 Passenger (MRL (680) Kg (G+1) lift/Elevator installed at 10 Circular Road, Patna (make- Kone)	01 Year

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना

PR. No. 009879 (BCD) 2024-25

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यो के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से **भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रूप में आमंत्रित करती है:–**

क्र.सं. 1, निविदा सूचना सं० टी.सी.–157–2024–एस.पी.जे., कार्य का नाम : समस्तीपुर मंडल में – **(1)** सहायक मंडल इंजीनियर/ नरकटियागंज के अधिकार क्षेत्र में नरकटियागंज – पनियहवा खण्ड में : पुल संख्या 315, 320, 324, 326, 327 एवं 333 का आर सी सी कलवर्ट बॉक्स द्वारा पुनर्निमाण कार्य। **(2)** सहायक मंडल इंजीनियर/ बापुधाम मोतीहारी के अधिकार क्षेत्र में कपड़पुरा–नरकटियागंज खण्ड में : पुल संख्या 138, 186, 200, 206, 214 एवं 221 का आर सी सी कलवर्ट बॉक्स द्वारा पुनर्निमाण कार्य। **(3)** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/बापुधाम मोतीहारी के अधिकार क्षेत्र में मुजफ्फरपुर – सगौली खण्ड में : पुल संख्या 173, 174, 189, 191 एवं 228 का आर सी सी कलवर्ट बॉक्स द्वारा पुनर्निमाण कार्य ।, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 63809703.54, **बयाने की राशि (रूपये मे) :** 469100.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 18 माह।

क्र.सं. 2, निविदा सूचना सं० टी.सी.–158–2024–एस.पी.जे., कार्य का नाम : (1) मुजफ्फरपुर – पनियहवा खण्ड में : पुल संख्या 356, 337, 302, 149 & 277 का पीएससी स्लैब के द्वारा स्टील गर्डर का बदलाव (पुल संख्या 356 को छोड़कर)। खरपोखरा–बगहा के बीच किमी० 286/11–12 पर पुल संख्या 356 (5x6.10m) भैरोगंज–खरपोखरा के बीच किमी० 275/3–4 पर पुल संख्या 337 (1x6.10m) नरकटियागंज–पनियहवा खण्ड में किमी० 247/1–2 पुल संख्या 302 (1x6.10m) मुजफ्फरपुर – सगौली खण्ड में किमी० 110/14–15 पुल संख्या 149 (2x6.10m) सगौली – नरकटियागंज खण्ड में कुमारबाग – चकिया के बीच किमी० 219/13–14 (पुल संख्या 356 को छोड़कर) का पीएससी स्लैब के द्वारा स्टील गर्डर का बदलाव। **(2)** मुजफ्फरपुर –नरकटियागंज खण्ड में मेहसी–चकिया के बीच किमी० 132/11–12 पुल संख्या 171 (3x6.10m) का पीएससी स्लैब के द्वारा स्टील गार्डर का बदलाव।, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 145796578.25, **बयाने की राशि (रूपये में) :** 879000.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 24 माह।

1. आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय:– 28.10.2024 को 12.00 बजे तक। **2. ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय :–** 28.10.2024 को 12.00 बजे के बाद। **3. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:–** वेबसाईट:– **www.ireps.gov.in,** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/समस्तीपुर
पीआर/1260/एसपीजे/ईएनजीजी./टी/24–25/72

पूजा पंडाल के पास पटना नगर निगम का होगा सेल्फी प्वाइंट

नगर आयुक्त द्वारा विशेष बैठक कर पदाधिकारियों को दिया गया निर्देश

- सभी 75 वार्डों में नजर आएगा आई लव चकाचक पटना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



दुर्गा पूजा में पटनावासियों को मां की प्रतिमा के साथ-साथ पटना के लिए स्वच्छता एवं जागरूकता वाला सेल्फी प्वाइंट भी नजर आएगा। सभी 75 वार्डों में पूजा पंडाल के पास पटना नगर निगम द्वारा सेल्फी प्वाइंट लगाया जाएगा जहां आमजन अपने स्वच्छ पटना पर गर्व करते हुए उसके साथ सेल्फी ले सकते हैं। शनिवार को नगर आयुक्त द्वारा बैठक कर पदाधिकारी को विशेष दिशा निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि पटना नगर निगम द्वारा निरंतर मिशन टोटल सेग्रीगेशन चलाया जा रहा है। पूजा में स्वच्छता के प्रति आमजन जागरूक करने के लिए यह प्रयोग किया जा रहा है। अंचल वार निगम क्षेत्र में स्थित प्रमुख पूजा पंडालों में सेल्फी प्वाइंट बनाया जायेगा। सभी अंचल इसके लिए सूची प्रदान करेंगे। सप्तमी को मां के पट खुल जाने के साथ ही सेल्फी प्वाइंट की भी शुरूआत हो जायेगी। स्वच्छ पटना शहर अपना और आई लव चकाचक पटना के जरिए स्वच्छता के प्रति लोगों को संदेश दिया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

रविवार को भी कार्य करेगी टीम :

नगरी द्वारा शहर में जल रही सभी स्ट्रीट लाइट एवं हाई मस्त लाइट की भी समीक्षा की गई एवं निर्देश दिया गया कि रविवार एवं छुट्टी के दिन भी टीम एक्टिव रहकर सभी खराब लाइटों की मरम्मत करेगी एवं नए लाइट भी लगाएगी। गौर तलब है कि पटना नगर निगम द्वारा सभी 75 वार्डों में 1500 नए स्ट्रीट लाइट एवं 20 सर्वजनिक स्थलों पर हाई मास्ट लाइट लगाया जा रहा है। बैठक के दौरान उप नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता विद्युत, सभी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य नगर निगम कर्मी मौजूद थे।

प्रातःकिरण
पटना, रविवार,06 अक्टूबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर । प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्याणपुर मिल्की भूमिहार टोल में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने की। संगोष्ठी में बच्चों का मासिक मूल्यांकन का औसत था अर्धवार्षिक मूल्यांकन में प्राप्त अंकों को प्रगति पत्र में प्रदर्शित कर बच्चों को प्रभावित के समक्ष दिया गया। अनुशासन व शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक रमेश कुमार, कौशिक कुमार, नरेश कुमार, शिक्षिका साधना कुमारी, कुमारी द्रोपदी, आरती कुमारी, ममता कुमारी,सुधा कुमारी, इंदु कुमारी,पुजा कुमारी सहित लगभग 3 दर्जन अभिभावक व स्कूल के बच्चे मौजूद थे।

समाहरणालय के सेवानिवृत्त लिपिक के निधन पर शोक

प्रातः किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर । प्रखंड अंतर्गत नरहन निवासी सह समस्तीपुर समाहरणालय के सेवानिवृत्त प्रधान लिपिक खखनू रजक का निधन हृदयाघात से हो गई।वे 70 वर्ष के थे। उनके निधन पर मुकेश पूर्वे, डॉ राजवर्धन राय, शोभा कांत राय, राजकुमार पूर्वे, जिला परिषद सदस्य जितेंद्र राम, रौशन पूर्वे, सुधांशु दास, रविंद्र राय, रामसागर राय, अजय पूर्वे, संजय पूर्वे, रजनीश पूर्वे, डॉ अरविंद मधुकर उर्फ पप्पू, राजकुमार दास, राजकुमार चौधरी, अनिल रजक, गणेश मंडल, मनोज महतो आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। बता दें कि खखनू रजक अपने पीछे चार पुत्र सुनील कुमार, अनिल कुमार, सुशील कुमार, सरोज कुमार, चार पोते,दो पोती सहित भरा-पूरा परिवार को छोड़कर स्वर्ग सिधार गए।

एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव होने तक एडहॉक कमिटी गठित

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।बिहार स्टेट बार काउंसिल पटना द्वारा एडवोकेट्स एसोसियेशन मुजफ्फरपुर में अगले चुनाव होने तक एडहॉक कमिटी का गठन किया गया हैं। इस कमिटी में डॉ. पवन कुमार को अध्यक्ष, राजीव रंजन को महासचिव, विजय कुमार शाही, रजी अहमद सिद्दकी एवं विनोद कुमार को उपाध्यक्ष, हरीमाधव शर्मा, शिवशंकर नाथ एवं सत्यनारायण प्रसाद को संयुक्त सचिव, माधव शर्मा, कृष्ण मोहन सिंह एवं मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा को सहायक सचिव, सज्जाद आलम को कोषाध्यक्ष, राघवेंद्र कुमार, सुजीत कुमार को ऑडिटर, रजनीकांत कुमार, हरिकृष्ण कुमार, विमलेश कुमार, संजय कुमार एवं नवीन कुमार को एक्जीक्यूटिव मेम्बर नियुक्त किया गया हैं। यह अधिसूचना बिहार स्टेट बार काउंसिल पटना द्वारा जारी किया गया हैं।

अधिवक्ताओं और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए हस्ताक्षर अभियान

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा के नेतृत्व में पूरे बिहार के अधिवक्ताओं एवं पत्रकारों के लिए सुरक्षा अधिनियम लागु करवाने हेतु हस्ताक्षर अभियान का शुरूआत किया गया।एडवोकेट्स एसोसिएशन में विधिवत कार्यक्रम की शुरूआत की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष रामशरण सिंह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अधिवक्ता एस. के. झा इस मुहिम में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे। संघ के महासचिव वीरेंद्र कुमार लाल ने कहा कि हम सभी लोग अधिवक्ता एस. के. झा के साथ हैं। अधिवक्ताओं और पत्रकारों के हितों के लिए अधिवक्ता एस. के. झा की यह पहल सराहनीय है। वरीय अधिवक्ता विजय कुमार शाही ने कहा कि मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा अधिवक्ता समाज के धरोहर हैं। इनके कुशल नेतृत्व में एक नये युग का आरम्भ होने जा रहा है। मिडिया को जानकारी देते हुए मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने कहा कि अधिवक्ता और पत्रकार लोकतंत्र के मजबूत स्तम्भ हैं। इनकी सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारा यह अभियान पूरे बिहार में चलेगा। इसके बाद हम माननीय पटना उच्च न्यायालय के समक्ष जनहित याचिका दायर करेंगे और सरकार पर कोर्ट के माध्यम से अधिनियम बनाने हेतु दबाव बनाएंगे। मौके पर अधिवक्ता राजीव रंजन, भोलेनाथ वर्मा, मुकेश ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, ब्रजेश कुमार, रामसरोज सिंह, मो. कयूम, कबीर राज, नेहा कुमारी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अजय कुमार, अनिल झा, प्रवीण श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता और पत्रकार मौजूद थे।

दुर्गापूजा को ले 425 स्थलों पर हुई दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

उपद्रवी, गुण्डा तत्वों एवं साम्प्रदायिक अफवाह फैलाने पर कड़ी निगरानी रखा जायेगा

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। जिलाधिकारी राजीव रौशन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी द्वारा संयुक्त रूप से आदेश जारी करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार 12 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। संयुक्तादेश में बताया गया कि इस वर्ष 10 अक्टूबर को महासप्तमी है। वहीं 11 अक्टूबर को महाअष्टमी,महानवमी एवं 12 अक्टूबर को विजयादशमी है, इसलिए उक्त पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु विशेष चौकसी एवं सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारित रखने हेतु जिले के सभी संवेदनशील स्थलों सहित 425 स्थलों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है।उग्रवादी,उपद्रवी तत्वों एवं गुण्डा तत्वों एवं साम्प्रदायिक अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए, आवश्यकता पड़ने पर उनके विरूद्ध तत्काल कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।संयुक्तादेश में बताया गया कि इन अवसरों पर यदि कोई व्यक्ति धर्म, नस्ल, भाषा वगैरह के आधार पर नफरत फैलाने की कोशिश करते हुए पाये जाते है, किसी दूसरे वर्ग या समुदायक के धर्म को अपमानित करने के उद्देश्य से धार्मिक स्थल को नुकसान अथवा अपवित्र करता है या करने की कोशिश करता है, उनके धर्म अथवा धार्मिक मान्यता को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से जान-बूझकर दुर्भावना से ग्रसित होकर कोई कार्य करता है तथा कानूनी रूप से आयोजित धार्मिक अनुष्ठान अथवा पूजा में बाधा पहुँचता है, तो उनके विरूद्ध भा.द.वि. की धारा 153 ए॰ एवं 295, 295 ए एवं 296 के तहत कार्रवाई की जाएगी। धार्मिक जुलूसों,पंडालों के लिए दिये जाने वाली अनुज्ञप्ति में यह शर्त निश्चित रूप से रहे कि ऐसे कोई झाँकी अथवा दृश्य जुलूस में नहीं होगा, जिससे किसी साम्प्रदाय, जाति, वर्ग अथवा समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुँचे अथा किसी प्रकार की वैमनस्यता उत्पन्न होने की संभावना हो। इसके उल्लंघन की अवस्था में उन व्यक्तियों, जिनके नाम से अनुज्ञप्ति जारी किया गया है, के विरूद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सेक्टर में प्रतिनियुक्त सेक्टर प्रभारी, थानाध्यक्ष, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक का यह दायित्व होगा कि वे जहाँ पूजा पंडाल स्थापित हुआ है, खासकर पूरी रात्रि में जिन पुलिस पदाधिकारी एवं सिपाहियों की ड्यूटी लगायी गयी है, वे पूजा पंडाल में बने हुए है या नहीं से सम्पर्क कर उन्हें पूजा पंडाल में उपस्थित कराएगें तथा अनुपस्थित पाये जाने वाले के संबंध में वरीय पदाधिकारी को प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।

डीएम ने दिया दाखिल- खारिज मामले को तेजी से निष्पादन का निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने शुक्रवार को विभिन्न स्तर पर आयोजित जनता दरबार के परिवाद पत्र के निष्पादन तथा म्यूटेशन मामलों के निष्पादन में तेजी लाने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियो तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबद्ध अंचलाधिकारी के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की तथा आवश्यक निर्देश दिया।बैठक में जिलाधिकारी ने म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस,अभियान बसेरा, जमीन मापी, एलपीसी निर्गत करने के मामलों की अंचलवार समीक्षा की।

म्यूटेशन मामलों की समीक्षा में अंचलाधिकारी कांटी, मीनापुर, मुशहरी के कार्यप्रणाली तथा कार्य की प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया गया। समीक्षा में पाया गया कि म्यूटेशन मामले में कांटी अंचल में 48 प्रतिशत मीनापुर में 52 प्रतिशत, मुसहरी में 60 प्रतिशत म्यूटेशन मामले का निष्पादन हुआ है। जिला के निष्पादन की औसत उपलब्धि 65 प्रतिशत है।

जिलाधिकारी ने जिला के औसत उपलब्धि से निम्न प्रदर्शन करने वाले अंचलाधिकारी एवं कर्मी से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। अपेक्षित सुधार नहीं लाने वाले अंचल के कर्मी को चिह्नित कर प्रति कर्मी 500 का फाइन किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक अंचल को 75 प्रतिशत की उपलब्धि रखने की हिदायत दी गई।समीक्षा बैठक में पाया गया कि म्यूटेशन के मामले में सरैया का 61प्रतिशत, मरवन का 62 प्रतिशत कुढ़नी का 65 प्रतिशत, मोतीपुर का 64 प्रतिशत, बंदरा का 64 प्रतिशत निष्पादन है।

परिमार्जन प्लस मामले की समीक्षा में पाया गया की साहेबगंज का 10 प्रतिशत, मोतीपुर का 13 प्रतिशत कटरा का 12प्रतिशत, सकरा का 14, ,मीनापुर का 13, ,गायघाट का 15, कांटी का 19, बंदरा का 19 ,औराई का 17 ,मुसहरी का 13,मरवन का 18, और कुढ़नी का 15 प्रतिशत उपलब्धि है। जिलाधिकारी ने अगले एक सप्ताह में न्यूनतम 60 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। एलपीसी मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया साथ ही अभियान बसेरा ,आधार सीडिंग, भूमि मापी मामलों में भी अपेक्षित प्रगति तथा विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

जिलाधिकारी ने जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम, सीएम डैशबोर्ड, तथा जिला जनता दरबार के लंबित परिवाद पत्रों का प्राथमिकता के तौर पर दो सप्ताह के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त श्री विक्रम वीरकर, उप विकास आयुक्त श्री श्रेष्ठ अनुपम अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री सुधीर कुमार सिन्हा सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

क्राईम मीटिंग में पुलिस पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर में शनिवार को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यलय के कक्ष में डीएसपी विपल्व कुमार के द्वारा अनुमण्डल क्षेत्र के सर्किल इंस्पेक्टर और थाना अध्यक्ष समेत पुलिस पदाधिकारी के साथ मासिक अपराध गोष्ठि सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान डीएसपी विपल्व कुमार ने बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि दुर्गा पूजा शोभायात्रा मेला जुलुश प्रतिमा विसर्जन रूट चार्ट समेत आगामी पर्व त्योहार व विधि शांति व्यवस्था को लेकर विशेष चौकसी बरते और असमाजिक तत्वो पर पैनी नजर रखे । पूजा पंडालों मेला शोभायात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम जुलूस प्रतिमा विसर्जन को ले विस्तृत जानकारी रखने और पुलिस बल की तैनाती करने एवं क्षेत्र में पुलिस बल की गस्ती तेज रखने। डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित है और पूजा समिति को लाइसेस लेना अनिवार्य है और सभी से आपसी सद्भाव शांति पूर्वक आयोजन करने को ले विशेष दिशा निर्देश देते हुए पंडाल मेला भीड़ भाड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की तैनाती करने असमाजिक उपद्रवी तत्वों पर पैनी नजर रखने। श्रद्धालुओं आम लोगों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र मे अहले सुबह दिवा संध्या रात्रि विशेष सघन गस्ती तेज करने और सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने। विधिव्यस्था बनाये रखने और पर्व त्योहार को देखते हुए विशेष सतर्कता की जरूरत है अपराध नियंत्रण और शान्ति व्यवस्था कायम रखना हमारी पहली प्राथमिकता हैं। बोर्डर क्षेत्र के मद्देनजर एसएसबी नेपाल पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से पेट्रिलिंग करे। क्राइम कंट्रोल तथा शराब धंधेबाजों पर नकेल कसना निरंतर जारी रखने की हिदायत दी। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। लंबित कांडो की समीक्षा कर लम्बित कांडो का निष्पादन जल्द करने, केसों के संधारण विभिन्न विभागीय कागजातों अभिलेखो की गहन जांच की और समीक्षा करते हुये अभियान के तहत फरार वारंटियो की गिरफ्तारी कुर्की की कार्रवाई करने समेत अन्य निर्देश देते हुए कई अहम बिंदुओ पर विशेष चर्चा की गई। सूचना तंत्र और टीम वर्क के तहत कार्यों का निष्पादन करे। आम जनो की सुरक्षा और क्षेत्र में विधि व्यस्था और शांति बनाये रखने को ले चौकीदार को भी गस्त लगाने समेत अन्य निर्देश देने को कहा गया। हम सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियों के तहत कार्यों निर्वहन करे। जेल से छूटे हुए अपराधियों पर भी पैनी नजर और जानकारी रखे। बैको में चेकिग और आसपास भी गस्त लगाये। बैको में बिना कार्यों के संदिग्ध लोग दिखने पर गहन पूछ ताछ और जाच करे। विधि व्यवस्था भंग करने वालों की चिन्हित कर निश्चित रूप से कार्रवाई करें। सीमांचल क्षेत्र होने के कारण असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने,अपराध नियंत्रण को लेकर आने वाले ठण्ड मौसम के कुहासे में सम्भावित अपराध की सम्भावनाओं के बावत रात्रि गश्ती बढ़ाने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को दिये। क्राईम मीटिंग सह समीक्षा बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी सह जयनगर थाना अध्यक्ष अंकुर कुमार , लदनियां थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार , देवधा थाना अध्यक्ष प्रीति भारती, बासोपट्टी थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

जमीन जोतने से मना करने पर फायरिंग

प्रातः किरण संवाददाता

कल्याणपुर। थाना क्षेत्र के अंजना पंचायत के बांकीपुर गांव में दो पक्षो राजनदन राय व राम उचित राय के बीच हुई मारपीट की घटना हुई , जिसमें एक पक्ष के वार्ड 14 के लगभग 50 वर्षीय स्वर्गीय नीति लाल राय के पुत्र राम उचित राय लाठी डंडे से जख्मी हो गये। जख्मी ने बताया कि लंबे अरसे से जमीनी विवाद चल रहा था। विपक्ष के लोग ट्रैक्टर से मेरी पुश्तैनी जमीन को जोतने आए। जब मैं जमीन जोतने से मना किया तो तीन-चार की संख्या में मुंह बांधे बदमाशों ने पिस्तौल से दस राउंड फायरिंग की। चलाई गई गोली से कोई जख्मी नहीं हुआ। फायरिंग से बाकी पुर गांव में दहशत व्याप्त है।सूचना पर पहुंची 112 पुलिस के समक्ष चार खोखा घटनास्थल से बरामद कर करने की बात पुलिस ने बताई। जख्मी का ईलाज सामुदायिक अस्पताल में कराया गया है। दोनों पक्षों द्वारा थाना में दिए गए ।आवेदन के आलोक में थाना अध्यक्ष प्रशिक्षु डीएसपी विकास केशव दलबल के साथ घटनास्थल की जांच करने गए ।उन्होंने बताया कि जांच में 10 राउंड फायर करने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने बताया कि एक भी आरोपी घर पर नहीं है। आवेदन के आधार पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

कृषि विश्वविद्यालय में प्रसार शिक्षा परिषद की आठवीं बैठक आयोजित

प्रसार शिक्षा परिषद
8 वीं बैठक
RPCAU

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षीय भाषण देते हुए

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में प्रसार शिक्षा परिषद की आठवीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशेषज्ञों के साथ किसानों को भी शामिल किया गया ताकि वे कृषि के भविष्य पर चर्चा कर सकें।

कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और डिजिटल एग्रीकल्चर आने वाले दशकों में कृषि मे बड़ा परिवर्तन लायेगा । वैज्ञानिकों को इसके लिए अभी से तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और डिजिटल एग्रीकल्चर को लेकर वैज्ञानिकों को एक विस्तृत प्रशिक्षण मैन्यूअल बनाना चाहिये जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन तकनीक तथा अन्य को लेकर अलग अलग माड्यूल हो। उन्होंने कहा कि किसानों को अभी से प्रशिक्षण देना चाहिए ताकि वे ड्रोन जैसी नवीन तकनीकों से लाभ उठा सकें।बीएयू सबौर के पूर्व कुलपति डॉ. ए.के. सिंह ने कहा कि पूसा विश्वविद्यालय डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में देश भर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और वे कुलपति डॉ पी एस पांडेय से डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में अपना गुरु मानते है।उन्होंने भी इस विश्वविद्यालय क डिकृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) को डाटा संकलन में विशेष सतर्कता बरतना चाहिए क्योंकि इस फीडबैक के आधार पर विश्वविद्यालय और सरकार किसानों के लिए नीतियां निर्धारित करती है। आईआईएफएस।आर मोदीपुरम के पूर्व निदेशक डॉ. एस.के. शर्मा ने कहा कि ड्रोन ट्रेनिंग को लेकर विश्वविद्यालय की चर्चा दूसरे राज्यों में भी होती रहती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों को हर प्रखंड की फसल पारिस्थितिकी का अध्ययन करना चाहिए और ध्यान देना चाहिए कि वहां किस तरह की फसल को बढ़ावा दिया जा सकता है। आईसीएआर, नई दिल्ली के पूर्व सहायक प्रसार शिक्षा महानिदेशक डॉ. रणधीर सिंह ने कहा कि वैज्ञानिकों को किसानों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं को जानने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसानों के विचारों पर नीति निर्धारण में विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

एटारआई, आईसीएआर के निदेशक डॉ. अन्जनी सिंह ने सरकार की नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पद्मश्री राजकुमारी देवी उर्फ किसान चाची ने कहा कि उनकी विकास यात्रा में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान है ।उन्होंने कहा कि हाल आयोजित कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम में भी अमिताभ बच्चन के सामने उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर कुलपति की तारीफ की है। उन्होंने प्रसार शिक्षा परिषद का सदस्य बनाए जाने पर कुलपति को धन्यवाद दिया।

प्रगतिशील कृषक राघव शरण ने जैविक उत्पादों के बाजार की समस्या पर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से सहयोग मांगा और खेती में मजदूरों की समस्याओं को लेकर भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम के दौरान निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ मयंक राय ने स्वागत भाषण दिया जबकि प्रसार शिक्षा के प्राध्यापक डॉ रत्नेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम के दौरान कुलसचिव डा मृत्युंजय कुमार,निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह, निदेशक शिक्षा डा उमाकांत बेहरा डीन पीजीसीए डॉ अमरेश चंद्रा, डीन इंजीनियरिंग डॉक्टर राम सुरेश वर्मा, डॉ मोती लाल मीणा, डॉ फूलचंद, डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न वैज्ञानिक एव पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आपदा पीड़ितों की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म : सांसद

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा।प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों की सेवा व सहायता सबसे बड़ा मानवीय धर्म माना जाता है। कीरतपुर प्रखंड के दो दर्जन से उपर गांव एवं पंचायतों में सांसद सह लोकसभा में भाजपा के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर के सौजन्य से एक दर्जन से उपर गांव में उनके कार्यकर्ताओ के द्वारा टोली बनाकर राहत शिविरों में दो हजार से ज्यादा सुखा पैकेट का वितरण मेडिकल कैंप व अन्य प्रकार की सहायता की गईं। भाजपा नेता व राहत विचरण टोली के सदस्य विनय पासवान तथा पिंटू झा ने बताया की सांसद डा गोपाल जी ठाकुर के निर्देश पर उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए राहत सामग्रियों को हर बाढ़ प्रभावित परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है।

भाजपा नेताओं के अनुसार आज शनिवार को बाढ़ से प्रभावित एवं विस्थापित नरकटिया भंडरिया भुवौल कुबौल दंगा जमालपुर तेतरी खैसा के लगभग डेढ़ हजार परिवारों के बीच आवश्यक राहत सामग्रियों का वितरण किया गया तथा बांधो पर शरण लिए विस्थापित लोगों के पी बीच चापाकल जैविक टॉयलेट मेडीकल कैम्प जैसी आवश्यकताओं की भी पूर्ति की जा रही है।

अधिवक्ता संघ के द्वारा शोक सभा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी । जयनगर अनुमंडल अधिवक्ता संघ द्वारा शोक सभा का आयोजन कर मधुबनी के पूर्व पी.पी एवं जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अनुमंडल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विजय कान्त चौधरी ने की अध्यक्षता मे 05 अक्टूबर 2024 को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओ ने श्री यादव के मानवीय गुणों की चर्चा करते हुए उन्हें दीन-हीन का मसीहा बताया साथ ही लंम्बी अवधी तक फौजदारी मामलो मे सेशन कोर्ट मे की गई सेवा पर प्रकाश डाला और 02 मिनट का मौन रखा एवं न्यायिक कार्य से अधिवक्ता अलग रहे। कार्यक्रम में पवित्र नारायण झा डा.वीरेन्द्र झा दिनेश पूर्वे भरत कुमार रजक चन्देश्वर प्रसाद श्याम किशोर सिंह दिलीप कुमार झा संघ के महासचिव इन्द्र कुमार सिंह, उमेश पूर्वे ,सूर्य नारायण पूर्वे,मुकेश कुमार, राम शरण साह, मिथिलेश कुमार, मिथिलेश पासवान, संतोष कुमार मंडल,प्रीत लाल पासवान, राजेश कुमार महतो,सुमन कुमार संघ के संयुक्त सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह के अलावे टाइपिस्ट एवं न्यायिक कार्य से आये आगन्तु ने भाग लिया।

दैंता पोखर भीम अखाड़ा दंगल समिति की बैठक,अखाड़ा के निरीक्षण का हुआ निर्णय

विभूतिपुर/समस्तीपुर ।

प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत स्थित दैंता पोखर भीम अखाड़ा दंगल समिति की बैठक शनिवार को सर्व कल्याणी मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूर्व उप प्रमुख सह वर्तमान पंचायत समिति सदस्य रामनाथ राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अखाड़ा को दुरुस्त करने, पहलवानों को आमंत्रण, ठहराव व भोजन की व्यवस्था करने,सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा व वोलेंटियर बहाल करने आदि मुद्दे पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। वही निर्णय लिया गया कि पुरुष विजेता पहलवान को 5100 रुपया तथा उप विजेता पहलवान को 4100 रुपया, वहीं महिला विजेता पहलवान को 2500 रुपया तथा उप विजेता को 2100 रुपया नगद दिया जाएगा। वहीं विजेता एवं उप विजेता पुरुष एवं महिला पहलवान को नगद राशि के साथ साथ शील्ड और मेडल देकर पुरस्कृत किया जाएगा। बता दें कि दैंता पोखर भीम अखाड़ा के प्रांगण में हर साल की भांति इस वर्ष भी सर्व कल्याणी मां दुर्गा पूजा के अवसर पर 14 सितंबर से 16 सितंबर तक तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। बैठक में संयोजक रणवीर कुमार विनोद, महासचिव ललन सिंह, कोषाध्यक्ष रंजीत राय, सचिव रंजीत पोद्दार, मंटून राय, रंजीत राय, पप्पू राज, रामप्रवेश राय, रामप्रीत सिंह, कमल झा, लखन राय, शिलवंत राय,विजय पोद्दार, अमर चौधरी, मनोज राय आदि सदस्यों ने भाग लिया।

नदियो में जल संग्रहण करने के लिए नदियों की नियमित सफाई करने की है जरूरत:भूषण सिंह

प्रातः किरण संवाददाता

'बाढ विपद-आर और पार' विषयक
अन्तरक्रिया कार्यक्रम
Galaxy A22

मधुबनी। नेपाल-भारत खुला संवाद समुह के द्वारा बाढ़ से मरने वालों लोगों के प्रति श्रद्धांजली दिया गया । जयनगर जनकपुर नेपाल -भारत खुला सीमा संवाद समुह के द्वारा बाढ़ विपद आर और पार विषय पर अंतर क्रिया कार्यक्रम जनकपुर के होटल शुभम में प्रदेश सचिव श्याम सुंदर सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें दर्जनो लोगो ने भाग लिया कार्यक्रम देर संध्या में संपन्न हुआ। कार्यक्रम बाढ़ में डुबने से हुए मृत्यु लोगो को मोमबत्ती जलाकर शोक प्रकट व श्रद्धांजली अर्पित करते हुए अंतर क्रिया कार्यक्रम का सुरूआत करते हुए नेपाल- भारत में बाढ़ से हो रहे तवाही व बबार्दी के समाधान पर उपस्थित लोगो ने विस्तार रूप से चर्चा किए। अंतर क्रिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि नेपाल हिमालय से निकलने वाली कोशी नदी मे बराह क्षेत्र- कमला नदी में शीशा पानी-बागमती नदी में नुनथर हाई डैम निर्माण करने की जरूरत है क्योंकि वर्षो पूर्व भारत नेपाल सरकार के सहमति से हाई डैम बनाने की कार्य जापान के (जाइका) जापान इन्टरनेशनल कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को दिया जा चूका है लेकिन वापसी विवाद के कारण निमार्णाधीन है। साथ ही साथ हिमालय और चूरा के साथ हो रहे छेड़छाड़ जैसे जंगल काटना पहाड़ को तोड़ने पर नियंत्रण होना चाहिए और नदियो कि नियमित सफाई हो ताकि जल संग्रहण अधिक से अधिक कर सके और उक्त नदियो के अलावे अन्य छोटी छोटी नदियों कि सफिंर्ली धाराओ पर मजबूती से नियंत्रण के लिए जरूरत अनुसार तटबंधों को बाढ़ से पूर्व निर्माण करने की जरुरत है। ताकि बाढ़ के साथ साथ सुखार का भी स्थाई निदान हो सके इस के लिए आम लोगों को सड़क से सदन तक बाढ़ व सुखार के स्थाई निदान के लिए जनांदोलन तेज करने कि बात कहे। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि नेपाल कांग्रेस प्रदेश संसदीय दल के प्रदेश सभापति कृष्णा यादव केन्द्रीय अध्यक्ष राजीव झा महासचिव रामजी राय भाकपा-माले प्रखंड सचिव भूषण सिंह जयनगर भारत पत्रकार ललित झा दीपक यादव तराई मधेश लोकतांत्रिक पार्टी के महिला नेत्री वीभा ठाकुर बिंदु देवी व मूरली मनोहर मिश्र हिमानसू चौधरी संजय सिंह सहित दर्जनों पत्रकार राजनीतिक दलो के कार्यकताओं ने भाग लिए।

प्रगति पत्र छात्र-छात्रा के बीच वितरण किया गया

- **विद्यालय के छात्र एवं अभिभावक के साथ बैठक करने से छात्र की पढ़ाई एवं परीक्षा मूल्यांकन कि समीक्षा की जाती है: प्रधानाध्यपाक**

प्रातः किरण संवाददाता

उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंता ककरघट्टी प्रखण्ड-खजौली

मधुबनी। खजौली प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय गोबरौरा विद्यालय परिसर में शनिवार को प्रधानाध्यापक नूतन प्रजापति के अध्यक्षता में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक की बैठक बुलाई गई.इस बैठक के दौरान विद्यालय के 1 से 8 वर्ग के बच्चो के बीच अर्ध वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन 024 का प्रगति पत्र छात्र छात्रा के बीच वितरण किया गया. इस दौरान एचएम नूतन प्रजापति ने कहा कि विद्यालय के छात्र एवं अभिभावक के साथ बैठक करने से छात्र की पढ़ाई एवं परीक्षा मूल्यांकन कि समीक्षा की जाती है. वही प्रधानाध्यापक प्रजापति ने उपस्थित अभिभावक से कहा कि विद्यालय में बच्चो की अभिभावक के साथ बैठक करने से विद्यालय मे बच्चों की पठन पाठन से लेकर स्कूल के विकास की चर्चा की जाती है. उन्होने कहा कि विद्यालय बच्चों को विद्यालय में पठन पाठन के आलबे छात्र की पढ़ाई से संबंधित पर बारीकी से चर्चा की.इस मौके पर शिक्षक नूतन प्रजापति फूल कुमारी संजय कुमार सिंह निर्मला कुमारी बबिता कुमारी मोजूद थे. वही उक्रमित मध्य विद्यालय बेता ककरघट्टी में प्रधानाध्यापक सतीश कुमार के नेतृत्व में 1 से 8 वर्ग तक छात्र,छात्राएं एवं अभिभावक के साथ बैठक किया गया.इस बैठक के दौरान विद्यालय के सभी छात्र को प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर प्रसन्न हुई. एचएम ने कहा कि विद्यालय के 8वी की छात्र साक्षी कुमारी 98 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है.

वही वर्ग 8 के खुशबू कुमारी 97 प्रतिशतलाकर विद्यालय में दुतीय स्थान एवं वर्ग 7 की छात्रा चांदनी कुमारी 97.8 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रही.वही एचएम सतीश कुमार ने कहा कि विद्यालय में पठन पाठन की बेहतर व्यवस्था से विद्यालय की छात्र छात्राएं अर्ध वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन किया है. इस प्रगति रिपोट वितरण के समय उपस्थित अभिभावक अपने बच्चे द्वारा अच्छी अंक पाने से हर्ष व्यक्त की है. इस मौके पर प्रधानाध्यापक सतीश कुमार शिक्षक तनवीर असरफ सकलदीप पांडेय संतोष कुमार मो कमालुद्दीन मो.महफूज अर्जुन दास सुनीता देवी दुर्गी कुमारी आमना खातून सहित छात्र छात्रा अभिभावक मोजूद थे।

आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में एक पक्ष ने लगाया झूठा केस करने का आरोप

कहा- उनके आवेदन पर पुलिस ने दर्ज नहीं किया मामला, आर्म्स एक्ट में फंसाया गया है उन्हें

प्रातः किरण संवाददाता

समस्तीपुर ।समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर निजामत में आपसी विवाद में हुए एक मारपीट की घटना में एक पक्ष के आवेदन दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में दूसरे पक्ष के आरोपी एक युवक ने पुलिस पर उसके आवेदन पर एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में जितवारपुर निजामत वार्ड संख्या 19 के स्व. रामउचित राय के पुत्र मदन कुमार ने कहा है कि पिछले महीने की 22 तारीख की शाम को वह अपने दुकान से घर जा रहे थे। इसी दौरान उनके घर के सामने सड़क पर पानी गिरा हुआ था। जिसकी वजह से वह फिसल कर गिर गए थे। सड़क इस तरह से बेवजह पानी गिराने को लेकर जब उन्होंने कोरबद्धा लगुनियां सूर्यकंठ के स्व. जागेश्वर राय के पुत्र युगल राय से पूछा तो वह उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद राम स्वार्थ राय, संजीव कुमार, राम बाबू राय, राम पुकार राय व राम सेवक राय अपने-अपने हाथ में लाठी-डंडा, रॉड से लैश होकर आया और उनके साथ मारपीट करने लगा। रामसेवक राय ने अपने हाथ में लिये रॉड से जान मारने की नियत से उनके सिर पर चलाया, लेकिन छिप जाने के कारण रॉड उनके दाहिना कंधा पर लगा और वह गिर गए। इसके बाद सभी ने मिलकर लात-मुक्का, लाठी से उनके पीठ एवं पैर पर मारा तथा इसी दौरान राम पुकार राय ने उनके पॉकेट से 15 हजार रुपए निकाल लिया, जिसे वह दुकान से लेकर जा रहे थे। वहीं संजीव कुमार ने उनके गले से करीब 20 हजार रुपए मूल्य का सोने का हनुमानी छीन लिया। वहीं रामस्वार्थ राय ने अपने कमर से पिस्तौल निकाल कर इसको जान से ही मार देते हैं। हो-हल्ला और शोर-शराबा सुनकर ग्रामीणों के जुटने पर बीच-बचाव करने पर उनकी जान बची। स्थानीय लोगों के साथ मामले को सुलह कर केस नहीं करने की बात को लेकर पंचायत बैठाया गया था, लेकिन दूसरे पक्ष के लोग पंचायत में नहीं आए। वहीं उन लोगों ने उनके विरुद्ध झूठा केस कर दिया है। इसकी जानकारी होने पर वह केस करने के लिए विलम्ब से रजिस्ट्री पोस्ट के माध्यम से थाना को आवेदन दिया है, लेकिन पुलिस ने उनके आवेदन पर एफआईआर दर्ज नहीं किया है। उन्हें आशंका है कि वह लोग उनके साथ किसी अपनी घटना को अंजाम दे सकते हैं।



जिलाधिकारी के जनता दरबार में 32 से अधिक फरियादियों ने लगाई न्याय की गुहार

प्रातः किरण संवाददाता

जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने जिला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। मौके पर सुदूरवर्ती क्षेत्र एवं दूर दराज क्षेत्र से आये 32 से ज्यादा फरियादियों ने उनसे मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। जिलाधिकारी महोदया ने आम जनों की समस्याओं को गौर से सुना और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया।

उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी महोदया अपने कार्यालय कक्ष में प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर आमजनों की समस्याओं को सुनते हैं। जन शिकायत से संबंधित सुनवाई के क्रम में भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, खतियान, दखल-कब्जा, जमीन की नापी, पेय नल जल, राशन कार्ड, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, स्वास्थ्य सेवाएं, अनुकम्पा, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा से लाभ, क्रेडिट कार्ड, बासगीत पर्चा, पक्की नली गली तथा शिक्षा आदि से संबंधित मामले छाये रहे।

जिलाधिकारी महोदया ने हर मामलों को गौर से सुना और संबंधित पदाधिकारी को विधि-सम्मत्त कार्रवाई का निर्देश दिया।

मौके पर अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी दुलारचंद राम, जन शिकायत पदाधिकारी समेत कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

सरकारी विद्यालयों में अभिभावक व छात्र-छात्राओं के बीच परिणाम पत्रक का किया गया वितरण

प्रातः किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के सभी प्रारंभिक विद्यालय में अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन के उपरांत परिणाम पत्रक का शनिवार को वितरण किया गया।ज्ञात हो कि इस बार एससीईआरटी की ओर से 18 मार्च से 26 मार्च तक सभी प्रारंभिक विद्यालयों में पहली से आठवीं तक के छात्रों का बोर्ड परीक्षा के तर्ज पर शिक्षा विभाग के निर्देश पर अर्द्ध-वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 2024 आयोजित की गई थी,जिसके उपरांत सभी संकुल संसाधन केंद्र में उक्त मूल्यांकन के उत्तर- पुस्तिका का मूल्यांकन परीक्षक एवं प्रधान परीक्षक के द्वारा कराया गया।मूल्यांकन के बाद शनिवार को सभी विद्यालयों में उक्त परीक्षा का परिणाम पत्रक अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी में बच्चों के समक्ष वितरण किया गया।संगोष्ठी में अभिभावक के साथ परिणाम पत्रक वितरण करते समय शिक्षकों के द्वारा अभिभावकों को उनके बच्चे के बारे में जानकारी दी गई एवं बच्चे में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शमशुल होदा ने परिणाम पत्रक वितरण समारोह का निरीक्षण करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने पर सभी छात्रों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखा गया,उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें।शमशुल होदा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस विद्यालय के छात्रों का परिणाम ग्रेड सी,डी और ई प्राप्त होगा तो उन छात्रों के लिए विशेष कक्षाओं का संचालन होगा।प्रधानाध्यापक ऐसे छात्रों को चिन्हित करेंगे।अभिभावक -शिक्षक संगोष्ठी कार्यक्रम में अभिभावक दिनेश मंडल,संजय रावत,अमित दास,सुमित्रा देवी,संजू देवी,मीना देवी,रंजीत यादव,रंजू देवी,पिन्टू कुमार,सोनम कुमारी एवं विद्यालय प्रधान निरंजन पासवान,युगल किशोर रजक,अवध बिहारी शर्मा,उमाशंकर प्रसाद,वीणा कुमारी,दिनेश रजक,आशीष कुमार,अरुण मंडल,अमरेश सिंह,अमरेंद्र गुप्ता,रंजीत शर्मा,शिक्षक दीपेंद्र कुमार दीपक,दिलीप मंडल,विश्वजीत मेहता,राजीव वर्णवाल,प्रेमनाथ केशरी,कुमार परवेज,प्रदीप रजक,मंटू मंडल सहित कई शिक्षक अभिभावक उपस्थित थे।

गिद्धौर इलाके में धड़ल्ले से बिक रही देशी शराब

शराबियों की मौज, शराब माफियाओं की कट रही चांदी

प्रातः किरण संवाददाता

गिद्धौर। सुशासन की सरकार में भले लाख दावे कर रही है कि बिहार में शराब बंदी है लेकिन शराब बंदी बेपटरी हो चुकी समाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में लगी है। तो दूसरी तरफ क्षेत्र के शराब माफिया स्थानीय पुलिस प्रशासन की आंखों में धूल झौंक आम लोगों को कच्चे शराब की लत लगाकर उनके जान से खिलवाड़ करने में लगे हैं। जिसका ताजा उदाहरण गिद्धौर-झाझा मुख्य राजमार्ग पर कर्बला मोड़ के समीप की है।वही ग्रामीणों ने बताया कि यह सेवा गांव निवासी व थाना के प्राइवेट ड्राइवर पप्पू रावत है।वही ग्रामीणें द्वारा अत्यधिक कच्ची शराब सेवन कर लिए जाने के कारण उसके घंटे से अचेत अवस्था में पड़े होने पर उसकी तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया गया। हालांकि दैनिक भास्कर अखबार इसकी पुष्टि नहीं करता हैं राहगीरों द्वारा उक्त व्यक्ति की पहचान सेवा गांव निवासी गिद्धौर थाना के प्राइवेट ड्राइवर पप्पू रावत के रूप में की जा रही है। सड़क पर नशे में धुत सड़क पर पड़े इन युवकों को देखकर इसका अनुमान साफ साफ लगाया जा सकता है। बिहार में शराब बंदी कानून के बावजूद क्षेत्र के शराब माफिया पुलिस प्रसासन को चुनोती दे क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार से लाखों रुपये की कमाई कर इलाके में चांदी काट रहे हैं। जिससे निचले तबके के गरीब गुरबों को शराब की लत से आर्थिक तंगी झेलनी पड़ रही है वहीं शराब की लत उनके जीवन को बर्बाद कर रहा है।इन दिनों प्रखंड के रतनपुर,कैराकादो, ललमटिया,पतसंडा मुसहरी,तारडीह गंगरा आदि महादलित टोले एवं आसपास के इलाकों में शराब की भट्टीयों को चोरी छिपे धधकते एवं शराब के बिक्री का नजारा साफ देखा जा सकता है। जिसकी सुधि लेने वाला कोई नही है।

कहते हैं थानाध्यक्ष

इस संदर्भ में थानाध्यक्ष पंकज कुमार से पुछे जाने पर कहा कि प्राइवेट ड्राइवर पप्पू रावत को 15 दिन पुर्व ही थाना से हटा दिया गया है।वायरल फोटों की जानकारी मिलते ही गश्ती गाड़ी भेजा गया था,लेकिन वो वहाँ नही मिला।वही शराब माफियाओं को चिन्हित कर उनके ऊपर लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है।

10 अक्टूबर तक विद्यालयों में गतिविधियां करने का निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गिद्धौर। मध्याह्न भोजन योजना निर्देशक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में एक ऐसे विद्यालय परिवेश के निर्माण की परिकल्पना की गई है जिसमें बच्चों के कल्याण के सभी क्षेत्रों सहित मनोसामाजिक परिपेक्ष्य भी शामिल है। इसी उद्देश्य की प्रतिपूर्ति हेतु आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की एक पहल/ मनोदर्पण/ 2020 की शुरूआत की गई। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर को आयोजित की जाती है। इस अवसर पर 10 अक्टूबर तक स्कूली बच्चो,शिक्षक,अभिभावकों,समुदाय के सदस्यों के साथ मिलकर गतिविधियों आयोजित की जा सकती है एवं किए गए गतिविधियों को मनोदर्पण@ सीआईईटी डॉट एनआईसी पर साझा किया जा सकता है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्र,शिक्षक एवं अभिभावकों को मनोसामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए कई गतिविधियों की जा रही है। जिसमें राष्ट्रीय टॉल भी टेली-हेल्पलाइन सेवाएं 8448440632 जो सप्ताह के सभी दिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक प्रशिक्षित परामर्शदाताओं के माध्यम से छात्रों,शिक्षको और अभिभावकों को मनोवैज्ञानिक- सामाजिक सहायता प्रदान कर रही है। छात्रों के मानसिक भलाई की चिंताओं को दूर करने और शिक्षकों एवं अभिभावकों का समर्थन करने के लिए,वर्ग 6-8 के बच्चों के लिए परामर्शदाताओं के साथ लाइव इंटीरैक्टिव सत्र/सहयोग आयोजित की जाती है।

सोमवार से शुक्रवार शाम 5 से 5:30 बजे तक संबंधित विशेषज्ञ के साथ वेबिनार,परिचर्चा आयोजित की जाती है। प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक इसके अतिरिक्त मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विभिन्न सम्मेलन कार्यशालाएं परामर्शदाताओं की सेवा इत्यादि आयोजित की जाती है।

संक्षिप्त खबरें

गशती पुलिस के साथ अभद्रता युवक को पुलिस ने की पिटाई, ईलाज जारी

प्रातः किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर । रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस के साथ एक युवक समस्तीपुर दरभंगा मुख्य सड़क के बरहेता गांव के ही समीप एक युवक सड़क पर घूम रहा था । रात्रि गस्ती पुलिस ने जब पूछताछ की तो युवक राजेश साह के पुत्र दीपु साह ने पुलिस के साथ अभद्रता से व्यवहार करते हुए सड़क पर गिरा जिससे युवक जख्मी हो गया। जख्मी युवक को पुलिस ने टेंपो से सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में ईलाज कराया। इधर जख्मी युवक की मां संतोषी देवी ने बताया कि मेरे बेटे को कल्याणपुर पुलिस ने टेंपो पर चढ़ा कर बेरहमी से पिटाई कर गंभीर रूप से जख्मी करते हुए कल्याणपुर अस्पताल में भर्ती कराया। मुझे चिकित्सक से बेटे की जख्म की संतुष्टि नहीं मिली तो सदर अस्पताल समस्तीपुर में बेटे की ईलाज करवा रही हूं। बेटे के साथ बैरहमी से पिटाई को लेकर समस्तीपुर के पुलिस कप्तान के यहां न्याय की गुहार लगाई ।

जमीनी विवाद मामले में एक युवक जख्मी

प्रातः किरण संवाददाता

कल्याणपुर समसतीपुर । थाना क्षेत्र के जमीनी विवाद मामले में हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के अकबरपुर निवासी शंकर पासवान के पुत्र धर्मेंद्र पासवान जख्मी हो गये। परिजनों के सहयोग से जख्मी का ईलाज सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में कराई गई। इसकी पुष्टि प्रभारी चिकित्सा दाधिकारी डॉ बी के ठाकुर ने किया।

लूट कांड के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर । पुलिस ने उजियारपुर से लूट कांड के आरोपी युवक को शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक अकबरपुर दुम दुमा पुल के नजदीक विगत महीना में पिस्टल के बल पर बाइक लूट मामले का आरोपी था। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ही चांध्रर पुर गांव निवासी कुशेश्वर पासवान के पुत्र मोनू पासवान के रूप में हुई है।अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आगे की कार्रवाई करते हुए समस्तीपुर कोर्ट भेज दी गई है।

दिग्विजय सिंह स्वास्थ्य केंद्र के नाले का गंदा पानी नदी में निकाला जा रहा

वहीं बीस मीटर दूर हजारों श्रद्धालुओं द्वारा दुर्गा मां को किया जाता है दंडवत प्रणाम

प्रातः किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नाले का गंदा पानी गिद्धौर के उलाय नदी में निकाला जा रहा है। जिससे कि पानी तो दुषित हो रही है वही हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा दुर्गा मां के दंडवत देने के लिए लोग आते हैं और वही गंदे पानी में स्नान कर माता की आराधना कर दंडवत देते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।वहीं स्वास्थ्य केंद्र में तीन से चार सोखता का निर्माण कराया गया है। लेकिन एक भी पाइप सोखता में नहीं दिया गया है। सभी नाले का गंदा पानी नदी की ओर निकाल दिया गया है जिससे दंडवत देने आ रहे हैं श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। उक्त गंदे पानी में श्रद्धालु के स्नान करने से हालत खराब हो रही है। गंदे पानी में दंडवत परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालु मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र के नाले का पानी नदी में गिरने से नदी का पानी दूषित हो रहा है। गंदे पानी से श्रद्धालु भक्त लेट कर दंडवत लगा रहे हैं, इससे भक्तों की आस्था से खिलवाड़ हो रहा है। स्थानीय प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है।

आपको बता दे की इस ऐतिहासिक मां दुर्गा मंदिर परिसर में मां के आराधना को लेकर बिहार एवं झारखंड समेत अन्य जगहों के श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। नवरात्र के मौके पर कलश स्थापना से महानवमी तक पौराणिक काल से ही चली आ रही दंडवत देने की प्रथा एवं मां भगवती के प्रति असीम आस्था से हर रोज सैकड़ो श्रद्धालुओं ने मां दुर्गे की भक्ति में लीन नजर आते हैं।

स्कूली बच्चों के बीच शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] सरडोनिक्स स्कूल में शनिवार को स्कूली बच्चों के बीच शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विष्णु शर्मा ने उपस्थित लोगों एवं स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व अधर्म पर धर्म की जीत के प्रतीक का पर्व है। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति करने वाले स्कूली बच्चों को मेडल और प्रशस्त्रि पत्र देकर निदेशक ने सम्मानित किया। जिसमें देवी दुर्गा के साथ माता लक्ष्मी, सरस्वती भगवान गणेश, कार्तिक के अलावे अन्य देवी देवताओं का रूप धारण कर स्कूली बच्चों ने मां दुर्गा के भक्ति गीत पर अपनी प्रस्तुति दी। स्कूली बच्चों के द्वारा गीत- संगीत की पावन भक्ति के प्रस्तुत संगम से पूरा विद्यालय परिवार, उपस्थित दर्शक हर्षित, रोमांचित होकर झूम उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने साबित कर दिया कि उनके अंदर प्रतिभा की कोई कमी नही है।

विद्यालय निदेशक एम अख्तर ने कहा कि अध्ययन- अध्यापन के साथ साथी गाइड लाइन के अनुसार समस समय पर स्कूली बच्चों के बीच ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होने से बच्चों के चतुर्दिक विकास में बड़ी मदद मिलती है तथा उनका संपूर्ण विकास सुनिश्चित हो पाता है। मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित स्कूली बच्चे एवं अन्य लोग मौजूद थे।

7 को युवराज कपिलेश्वर सिंह करेंगे चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव का भूमि पूजन

कार्यक्रम में संघ व भाजपा के नेता सहित देशभर के विद्वान और विचारक शिरकत करेंगे

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा(आससे)। साहित्य और संस्कृति के गौरव को समर्पित चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव का आयोजन 18 से 20 अक्टूबर तक होगा। इस महोत्सव के आयोजन की विधिवत शुरूआत के लिए 7 अक्टूबर को भूमि पूजन का आयोजन किया जा रहा है। यह भूमि पूजन सुबह 11.30 बजे संपन्न होगा, जिसमें स्वागत समिति के अध्यक्ष युवराज कपिलेश्वर सिंह मुख्य रूप से भूमि पूजन करेंगे।

इस आयोजन के दौरान कई प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति से कार्यक्रम को और भी विशेष बनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, जो बिहार विधान परिषद में उप नेता हैं और महोत्सव के संयोजक हैं, उपस्थित रहेंगे। उनके साथ मोहन सिंह, क्षेत्र कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राजेश पांडे, क्षेत्र प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, और श्री दिलीप जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

इसके अलावा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति भी इस आयोजन को गौरवमयी बनाएगी।यह महोत्सव भारतीय साहित्य और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। इसमें साहित्य, इतिहास और समाज से जुड़े विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा। बिहार के राज्यपाल द्वारा महोत्सव का उद्घाटन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में देशभर से विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान और विचारक शिरकत करेंगे, जो साहित्य, संस्कृति, और भारतीय इतिहास पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। महोत्सव के सह-संयोजक राजेश झा ने बताया कि कार्यक्रम की प्रगति बेहद सकारात्मक है और सभी तैयारियां सुचारू रूप से चल रही हैं।

बिहार के सरकारी खजानों पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार : मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा शुक्रवार को ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने किया और अपने साथ लाए सुखा राहत पैकेट बाढ़ पीड़ितों के बीच वितरण किए। इस दौरान मंत्री श्री चौधरी ने कमला बलान तटबंध के पूरब बसे सुघराईन पंचायत के भरैन मुशहरी गांव का निरीक्षण किया और बाढ़ पीड़ित लोगों समस्या से रूबरू हुए। नव गठित समता मूलक समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व भरैन मुशहरी निवासी अजय कुमार पासवान ने आवेदन पत्र देकर हर साल बाढ़ की समस्या से जूझ रहे भरैन मुशहरी गांव के लोगों को तटबंध से पश्चिम जमीन उपलब्ध कराकर पुनर्वास करने की मांग किया। जिसपर मंत्री श्री चौधरी ने डीएम राजीव रोशन के मोबाइल फोन पर संपर्क कर तटबंध के पश्चिमी सरकारी जमीन का चिंहित कर सभी परिवार को बासगीत का पर्चा देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देकर पूनर्वास का निर्देश दिया बसाया जाएगा। बाढ़ प्रभावित भरैन मुशहरी गांव का जायजा लेने पहुंचे ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने मौके पर डीएम राजीव रोशन से मोबाइल फोन पर मार्च 2025 तक गांव के सभी परिवार को बासगीत की जमीन का पर्चा देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देकर पुनर्वास करने का निर्देश दिया। डीएम ने बाढ़ समाप्त होने के बाद सीओ से उपयुक्त सरकारी जमीन के चयन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया जाएगा। जमीन चयन होते ही सभी परिवार को बासगीत पर्चा और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देकर भवन निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाने का आश्वासन दिया। भैरन मुशहरी गांव एवं तटबंध पर विस्थापित लोगों के बीच सुखा राहत पैकेट का वितरण किया गया। राहत पैकेट में पावरोटी,सत्तू, मोमबत्ती, माचिस पानी के पाउच यादि सामग्री था। भरैन मुशहरी से मंत्री श्री चौधरी मध्य विद्यालय तेगच्छा में चल रहे सामुदायिक किचन का निरीक्षण किया और प्रभारी को अच्छी क्वालिटी के सामग्री का भोजन तैयार कर पीड़ित लोगों खिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद कर रहा है। बिहार के सरकारी खजानों पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार है। सभी जगह सामुदायिक किचन अच्छी तरह चल रहा है। दुर्गा पूजा से पहले सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों के बैंक खाते में 7 हजार रुपए भेजा जाएगा।मौके पर विधायक अमन भूषण हजारी,ज एसडीओ उमेश कुमार भारती, एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी,सांसद पति सयान कुणाल,युवा जदयू के प्रदेश महासचिव गौरव कुमार राय, लोजपा (आर) महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू देवी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव कुणाल पासवान, जिला अध्यक्ष गुंजन कुमारी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मणि कांत झा,भरत चौधरी उर्फ बोलबम सहित कई विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, अभियंता एवं एनडीए गठबंधन के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

मिथिलांचल के विकास के बिना बिहार की उन्नति संभव नहीं है : डॉ मनोज कुमार

मिथिलांचल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फाउंडेशन द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा।राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार को मिथिलांचल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ आई.पी.एस. अधिकारी आई.जी. विकास वैभव ने सस्टेनेबल एग्रीकल्चर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। डॉ. कुमार को यह सम्मान मिथिलांचल के आर्थिक विकास में उनके शोध व प्रसार प्रयासों को मान्यता देते हुए प्रदान किया गया। डॉ. कुमार ने मिक्की एवं कार्यक्रम आयोजक अनूप कुमार झा तथा मोहन झा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मिथिलांचल के विकास के बिना बिहार की उन्नति संभव नहीं है।

मिथिलांचल में प्रतिभा असीमित है।

उन्हें निखारने के लिए अनुकूल वातावरण ०त्वरित प्रयासों की जरूरत है। कहा कि राज्य के सतत विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने की भी जरूरत है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के संयोजक मुख्य अतिथि आई जी विकास वैभव ने कहा कि विकसित बिहार का निर्माण करने के लिए बिहार में औद्योगिक विकास व वृकद स्तर पर रोजगार सृजन बेहद जरूरी है।

इससे अन्य प्रदेशों की तरफ पलायन रुकेगा और बिहार के युवायों में स्वाभिमान की भावना जगेगी। उक्त समारोह में दरभंगा अभियांत्रिकी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप तिवारी, सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. विद्यानाथ झा, सेवानिवृत मृदा वैज्ञानिक डॉ एम एस ठाकुर, सहायक निदेशक उद्यान नीरज कुमार झा, उद्यमी अमरदीप कुमार, धीरेन्द्र कुमार सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त अन्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

विनाश का कारण बन सकती है उन्नत तकनीक

लेबनान में हजारों पेजरों और उसके बाद वाकी टाकी रेडियो , लैपटॉप और और सोलर उपकरणों में में एक साथ हुए धमाकों ने दुनिया को हिलाकर रख दिया है। इन धमाकों में 30 से ज्यादा मौतें हुईं और 3000 से ज्यादा लोग गंभीर रुप से घायल हैं। इसे आतंकी संगठन हिजबुल्ला के खिलाफ इजरायली सुरक्षा एजेंसी मोसाद का आपरेशन माना जा रहा है। तकनीक पर निर्भर व्यवस्थाएं चिंतित हैं। अगर यह संभव है तो जाने और कितना कुछ भी संभव होगा जिसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

नई तकनीकों के समंदर में गोते लगा रही युवा पीढ़ी तो शायद जानती भी न हो कि पेजर है क्या ? 80 के दशक में आया यह संचार माध्यम मोबाइल के आने से जल्द विदा हो गया। भारत में तो इसके आगमन प्रस्थान की भनक भी नहीं लगी। जीपीएस मोबाइल की तुलना में पेजर की बेहद बेसिक तकनीक इसकी ट्रैकिंग मुश्किल बनाती है। संभवतः इसीलिए इजरायली एजेंसियों द्वारा ट्रेस किए जाने से बचने के हिजबुल्ला ने इस पुरानी तकनीक पर निर्भर होना ठीक समझा। बहरहाल यह आश्वस्ति झूठी ही साबित हुई है।

धमाकों के पीछे पहली थ्योरी यह है कि इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल की फ्रीक्वेंसी हैकिंग से पेजर में लगी लिथियम बैटरी का टैंपरेचर बढ़ाकर ये धमाके किए गए। दूसरी थ्योरी के अनुसार हिजबुल्ला ने यह पेजर ताईवानी कंपनी गोल्ड अपोलो से खरीदे थे जिनकी बैटरी के साथ मोसाद ने विस्फोटक प्लांट कर दिए। एक संदेश ने विस्फोटक एक्टिवेट किया और हजारों पेजर एक साथ फट गए। हिजबुल्ला इस त्रासदी से उबर भी नहीं पाया था कि सैकड़ों वाकी-टाकी उपकरणों, लैपटॉप और यहां तक कि सोलर उपकरणों में भी ऐसे ही धमाके हुए। ताजातरीन खबरें तो यह हैं कि एक बेहद खुफिया और सोचे समझे तरीके से इजराइल ने एक फर्जी कंपनी के माध्यम से यह पेजर खुद बनाकर गोल्ड अपोलो कंपनी को सप्लाई किए जो अंततः हिजबुल्ला के सदस्यों तक पहुंचे। हमास के सुप्रीम कमांडर इस्माइल हानियां की इजरायल के दुश्मन नंबर एक ईरान की राजधानी तेहरान में हुई हत्या भी तकनीक के दम पर ही संभव हुई थी।

इस घटना से उपजी चिंताएं भयावह हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई.ओ.टी.) तकनीक ने साईबर पहुंच को उपयोग की लगभग हर वस्तु तक पहुंचा दिया है। इस तकनीक से बिजली, मोटर वाहन, सुरक्षा और निगरानी, स्वास्थ्य प्रबंधन, कृषि, स्मार्ट होम और स्मार्ट सिटी जैसे बुनियादी ढाँचे को उन्नत किया जा रहा है। उपभोक्ता भी चाहता है कि दैनिक उपयोग की हर वस्तु हर वक्त उसकी पहुंच हो। कंपनियां इस कमजोरी का फायदा उठाकर हर उपभोक्ता उपकरण में यह तकनीक अपना रही हैं। कंपनियों को छुपा फायदा यह भी है कि उन्हें मार्केटिंग के लिए महत्वपूर्ण डाटा फ्री मिल रहा है जिसका उपयोग वे न सिर्फ खुद करती हैं बल्कि उसे बेचकर पैसा भी कमाती हैं। अनुमान है कि 2025 तक वैश्विक स्तर पर लगभग 11.4 बिलियन उपभोक्ता और 13.3 बिलियन इंटरप्राइजेज आई.ओ.टी. डिवाइस से युक्त होंगे और साईबर हमलों की पहुंच में होंगे। इनमें मोबाइल, कार , स्मार्ट वॉच, हैल्थ मानीटर, फ्रिज, टीवी , एयर कंडीशनर समेत पेसमेकर जैसे बैटरी से चलने और शरीर के अंदर लगाए जाने वाले मेडिकल उपकरण भी शामिल हैं। पेजर धमाके बताते हैं कि ऐसे किसी भी उपकरण को बम में तब्दील करना संभव है। अधिसंख्य लोग मोबाईल से निकलने वाले घातक रेडिएशन के खतरे से अपरिचित होंगे। विभिन्न देशों में इस रेडिएशन लिए अलग-अलग सीमाएं तय हैं। क्या तकनीक के बल पर इस रेडिएशन को जानलेवा घातक स्तर तक बढ़ाया जा सकता है ? अगर हां तो यह खतरे की एक और घंटी है।

यूक्रेन युद्ध का प्रारंभिक अनुमान था कि ताकत के दम पर रूस इसे कुछ ही दिनों में खत्म कर देगा। सारे अनुमान गलत साबित हुए और लगभग दो साल का लंबा समय बीतने के बावजूद यह अब भी जारी है। पश्चिमी देशों द्वारा दिए गए उन्नत तकनीकी उपकरणों के दम पर यूक्रेन न सिर्फ युद्ध में बना हुआ है बल्कि उसने रुस जैसे ताकतवर देश को गहरा नुकसान भी पहुंचाया है। इजरायल की हमास तथा हिजबुल्ला जैसे आतंकवादी संगठनों के साथ चलने वाली लंबी लड़ाई भी तकनीक के प्रयोग से निर्णायक स्थिति में पहुंचती दिख रही है। जाहिर है, भविष्य के युद्ध सेनाओं और हथियारों नहीं बल्कि वातानुकूलित कक्षों में तकनीक के दम पर लड़े जाएंगे। साईबर हमलों की ऐसी श्रृंखला युद्धों और आतंकवादी गतिविधियों तक ही सीमित नहीं रहेगी। ऐसे एक हमले से किसी भी देश की पूरी आर्थिक और जनोपयोगी व्यवस्था छिन्न-भिन्न कर उसे पंगु बनाया जा सकता है।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी न सिर्फ व्यक्तिगत बल्कि वैश्विक सुरक्षा की भी सबसे महत्वपूर्ण आधुनिक चुनौतियों में से एक है। राज्य विशेष या आतंकवादी समूह के हाथ में पहुंचकर ऐसी तकनीक कितनी विध्वंसक हो सकती है, सोच कर ही सिहरन होती है। बुनियादी ढांचे या सैन्य रसद नेटवर्क को नष्ट करने के लिए किया गया साईबर हमला कभी भी अंतरराष्ट्रीय संकट साबित हो सकता है।

परमाणु अप्रसार संधि की तर्ज पर ऐसी अंतरराष्ट्रीय सहमति जरूरी है जो इसका नियमन करे। प्रयास हो तो रहे हैं मगर प्रगति धीमी है।

अगर लेबनान में हुए धमाकों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस विषय पर और शीघ्रता से सोचने पर मजबूर किया तो यह त्रासदी से सबक सीखने की अच्छी बानगी होगी।

ये तो लड्डू जेहाद हो गया

विश्व प्रसिद्ध तिरूपति बालाजी मंदिर में भोग लगाने और भक्तों को बांटे जाने वाले लड्डू में पशुओं की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल किए जाने के आरोप सामने आने से लाखों लोगों की आस्था पर आघात लगा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों और लैब रिपोर्ट को सहीं माना जाए तो इससे अधिक अनैतिक और अधार्मिक कुछ हो ही नहीं सकता। जिस लड्डू को भक्तों ने भगवान व्यंक्टेश्वर की कृपा और आशीर्वाद समझकर ग्रहण किया था उसमें सुअर और बीफ के मांस से निकाली गई चर्बी का इस्तेमाल हुआ है। इतना ही नहीं अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर तिरुपति मंदिर से एक लाख लड्डू अयोध्या पहुंचे थे। तिरूपति बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए हर रोज करीब 85 हजार से ज्यादा भक्त पहुंचते हैं। यानि लाखों लोगों ने मिलावट वाला लड्डू प्रसादम ग्रहण किया, एक तरह से लड्डू जेहाद हो गया। इस लड्डू में जानवरों की चर्बी की मिलावट की खबर ने देश भर के सनातनियों को सकते में डाल दिया है। इतना ही इस खबर के बाद देश के अन्य विख्यात मंदिरों में प्रसाद बनाने की प्रक्रिया, उसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री से लेकर वितरण तक की निरीक्षण-परीक्षण किया गया। इधर, लड्डू प्रसादम में मिलावट से लेकर रिपोर्ट सार्वजनिक होने तक के मामले में भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ये मामला आस्था के साथ राजनीतिक मसला बन गया है। एसएमएस लैब सर्विस की रिपोर्ट इसी साल जून महीने की है। मंदिर के प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी में जानवर की चर्बी के सबूत वाली लैब रिपोर्ट जुलाई में आ गई थी लेकिन सीएम चंद्रबाबू नायडू ने इसका खुलासा एक माह बाद किया। आखिर इस लेट-लतीफी की क्या वजह थी ये भी अहम सवाल है। सीएम नायडू के गंभीर आरोपों के बाद पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने भी मीडिया से कहा कि उनकी सरकार ने पिछले कई दशकों से मंदिर में होने वाली टेंडर की तय प्रक्रिया का पालन किया है। तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में मिलावट की बात सामने आने के बाद अभी तक महज राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों, जबानी जमा खर्च ही हुआ है और कोर्ट में अदालती कार्रवाई शुरू हुई है, इसके अलावा मंदिर के शुद्धिकरण हुआ है बाकी धर्म ध्वजा उठाने वालों का बड़ा तबका फिलहाल खामोश ही है।

दक्षिणी भारत में मौजूद भगवान तिरुपति बालाजी का चमत्कारिक मंदिर देश-दुनिया में मशहूर है। भगवान विष्णु को समर्पित इस मंदिर की वास्तुकला और शिल्पकला देखने लायक है। ये मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरूपति के पास तिरुमला पर्वत पर स्थित है। भगवान तिरुपति बालाजी का मूल नाम श्री वेंकटेश्वर स्वामी है, जो खुद भगवान विष्णु हैं। इस मंदिर की ख्याति तिरुपति बालाजी के रूप में है और यहां भगवान विष्णु की पूजा होती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक भगवान श्री वेंकटेश्वर अपनी पत्नी पद्मावती के साथ तिरुमला में रहते हैं। भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान वेंकटेश्वर के कई नाम हैं। उन्हें भगवान कृष्ण का प्रतिरूप माना जाता है, इसलिए उन्हें गोविंद भी कहा जाता है। तिरुमाला पहाड़ी पर स्थित मंदिर के गर्भगृह के निर्माण और उसमें मूर्ति की स्थापना के समय को लेकर अलग अलग मत है। बुद्धिजीवी श्रद्धालु मंदिर के पांच हजार साल पुराना होने का दावा भी करते हैं, लेकिन 1100 साल पहले के पल्लव राजवंश के समय से मंदिर में पूजा-अर्चना होने का इतिहास में वर्णन है। माना जाता है कि जो भी भक्त सच्चे दिल से भगवान वेंकटेश्वर के सामने मनोकामना मानता है, उसकी हर इच्छा पूरी होती है।

दुनिया भर में मशहूर और चमत्कारिक मंदिर के लड्डू में जो भगवान को भोग भी लगाया जाता था और फिर भक्तों को प्रसाद के तौर पर बांटा भी जाता था, ऐसे प्रसाद में जानवरों की चर्बी की मिलावट में न सिर्फ आस्था पर चोट की बल्कि कई संगीन सवाल खड़े कर दिए हैं। भले ही मिलावट की खबर फैलने के बाद मंदिर का शुद्धिकरण किया गया हो, शांति होमम और वास्तु पूजा की गई हो, पंचगव्य (गोबर, गौ मूत्र, दूध, घी, दही) से मंदिर को शुद्ध किया गया हो और महा शांति होमम किया गया हो लेकिन इससे अपराध कम नहीं हो जाता। आखिर जो लोग सात्विक जीवन जीते हुए मांसाहार से दूर रहते हैं, उन्हें अगर यह मालूम हो कि उन्होंने पशुओं और उसमें भी गाय-भैंस के मांस से बने घी के प्रयोग से बने प्रसाद का सेवन किया है, तो उनकी आस्था और विश्वास को कितनी ठेस पहुंची होगी। अब यह भी कहा जा रहा है कि जिन लड्डूओं को प्रसाद के रूप में बांटा जाता है, उनमें यह मिलावट नहीं थी बल्कि अन्य खाद्य पदार्थों में इसकी मिलावट की जाती थी। जानवरों के मांस से बने पदार्थों की चाहे किसी भी खाद्य सामग्री में की गई हो मामला तो संगीन है। आखिर तिरुपति बालाजी के मंदिर में मिलने वाले प्रसाद का सच क्या है। क्या हकीकत में मिलावट की जाती रही है या फिर इस सब के पीछे कोई राजनीतिक द्वेश है। सच सामने आना चाहिए। मिलावट के आरोप भी किसी ऐरे गैरे नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने लगाए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन : शहरी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ब्लू-प्रिंट

Swachh
Bharat
Abhiyan
LAUNCHPAD IAS

लेखक : श्री तोखन साहू

> 2 अक्टूबर, 2014 को शुरू किया गया यह मिशन महज एक पहल नहीं, बल्कि एक आंदोलन था झ देश के हर नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित भारत में योगदान करने का आह्वान

ऐसे वक्त में जब हम स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की दसवीं वर्षगांठ मना रहे हैं, हम एक दशक तक चलने वाली एक ऐसी परिवर्तनकारी यात्रा के साक्षी बन रहे हैं, जिसने भारत में साफ सफाई और स्वच्छता को एक नए रुप में परिभाषित किया है। 2 अक्टूबर, 2014 को शुरू किया गया यह मिशन महज एक पहल नहीं, बल्कि एक आंदोलन था झ देश के हर नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित भारत में योगदान करने का आह्वान। आज, एसबीएम ने केवल शौचालयों के निर्माण और पहुंच बढ़ाने से आगे बढ़ते हुए, प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने के लिए समुदायों को सही मार्गदर्शन देने पर ध्यान केंद्रित किया है। यह बदलाव स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है और लोगों को समाज की भलाई में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है। खुद प्रधानमंत्री द्वारा इस पहल को आगे लाने के प्रयास की बदौलत, भारत आज खुले में शौच से मुक्त हो चुका है और इस पहल ने हमारे समुदायों में जन भागीदारी के भाव को बल दिया है।

शहरी क्षेत्रों में एसबीएम ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है। प्रभावी अपशिष्ट पृथक्करण प्रणालियों के कार्यान्वयन से लेकर अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना तक, देश भर के शहरों ने आज नए समाधानों को खुले दिल से अपनाया है, जो हमारे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2014 -2024 के बीच किए गए दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों के कारण ही संभव हो पाया है।

वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण, स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरूआत ने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है, ताकि वे अपने साफ सफाई और स्वच्छता मानकों को बढ़ाने के लिए प्रेरित हो सकें। इस प्रयास ने स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण मूल्यों के साथ एकीकृत किया है।

एसबीएम के केंद्र में विभिन्न समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, नागरिक आज स्वच्छता के चैंपियन बन गए हैं। राज्य सरकारों ने स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय नीतियों को लागू किया है, स्पष्ट दिशानिर्देश स्थापित किए हैं, शहरों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता रणनीतियों को तैयार किया है और सार्वजनिक शौचालयों और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है, इसके साथ ही नगरपालिका कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी निवेश किया गया है। राज्यों ने स्वच्छ सर्वेक्षण जैसे उपकरणों का उपयोग करते हुए, इस मुहिम के तहत हो रही प्रगति को ट्रैक करने और जरुरी बदलाव करने के लिए मजबूत निगरानी और मूल्यांकन तंत्र के साथ अपने प्रदर्शन पर काम किया है। विभिन्न क्षेत्रों के साथ सहयोग करते हुए मिशन ने स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों को एक सामान्य लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने के लिए सशक्त बनाया है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर जोर देने की वजह से संसाधनों को जुटाने और तकनीकी नवाचारों में और सुविधा मिली है, जिससे स्वच्छता समाधान अधिक सुलभ और टिकाऊ हुए हैं। इसके अतिरिक्त सफाई मित्र सुरक्षा शिविर जैसी पहल स्वास्थ्य जांच प्रदान करती है और सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाती है, जो सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए मिशन के व्यापक दृष्टिकोण पर जोर देती है।

यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि स्वच्छता सेवाएं, समावेशी हों और हाशिए पर रहने वाले लोगों तक न्यायसंगत तरीके से पहुंचे और एसबीएम ने सफलतापूर्वक ऐसा किया है। ऐसा ही एक उदाहरण, जो मैंने करीब से देखा है, वह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर का है। एक विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन योजना के जरिए, करीब 200,000 निवासियों वाले इस शहर ने लैंडफिल कचरे को प्रभावी ढंग से कम किया है और इसे स्त्रोत पर प्रबंधित करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता अर्जित की है। इस सफलता का एक प्रमुख कारण है, 470 सफाई कर्मियों का एक समर्पित समूह, जो शहर के लिए कचरे का प्रबंधन करने के लिए प्रशिक्षित जीवंत महिलाओं का एक समूह है। उनके प्रयासों ने न केवल राजस्व उत्पन्न करने के लिए बल्कि समावेशी रणनीतियों के सामाजिक-आर्थिक लाभों का प्रदर्शन करते हुए, अंबिकापुर नगर पालिका को सामुदायिक सेवाओं में पुनर्निवेश करने में भी सफलतापूर्वक मदद की है।

अंबिकापुर में महिलाएं संपूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया को चलाती हैं - संग्रह और पृथक्करण से लेकर प्रसंस्करण तक झवे कचरे को दायित्व के बजाय एक संसाधन के रूप में देखती हैं। यह मानसिकता रीसाइक्लिंग और संसाधन वसूली को प्रोत्साहित करती है और अपशिष्ट चक्र को प्रभावी ढंग से संचालित करती है। जिम्मेदार अपशिष्ट निष्पादन के बारे में समुदाय को शिक्षित करके, वे पर्यावरण रखरखाव में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देती हैं, आर्थिक अवसरों के अवसर बनाती है और टिकाऊ प्रथाओं को प्राथमिकता देती हैं। जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन से शुरूआत को ज्यादा अहमियत देने वाले इस नजरिए ने, राज्यों को अपशिष्ट प्रबंधन में प्रशंसनीय प्रगति करने में सक्षम बनाया है।

अंबिकापुर की महिलाओं के नेतृत्व वाली स्वच्छता पहल, उन टियर क्क और टियर क्कक शहरों के लिए एक उम्मीद भरे प्रयास के रूप में कार्य करती है, जो प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों पर काम करना चाहते हैं। हांलाकि हर समुदाय की चुनौतियां अलग होती है, अंबिकापुर मॉडल, सामुदायिक जुड़ाव द्वारा संचालित स्थानीय समाधानों की शक्ति को दर्शाता है। जैसे-जैसे शहरी आबादी बढ़ रही है और अपशिष्ट प्रबंधन तेजी से जरुरी होता जा रहा है, दुनिया भर के शहर अंबिकापुर से प्रेरणा ले सकते हैं। सही समर्थन और प्रतिबद्धता के साथ, हम अपशिष्ट प्रबंधन को विकास और सशक्तिकरण के संसाधनों में तब्दील कर सकते हैं, जिससे समुदायों और पर्यावरण दोनों को लाभ होगा।

हमारे पास देश भर में महिला सशक्तिकरण के तमाम उदाहरण मौजूद हैं, जिनसे साफ सफाई और स्वच्छता के मिशन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में महिलाओं की अहम भूमिका साफ दिखाई देती है। अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शिक्षा और स्वास्थ्य पहलों में महिलाएँ सबसे मजबूत नेतृत्व की भूमिका अदा करती हैं, जो उन्हें बदलाव का एक अहम केंद्र बिंदु बनाता हैं। अपनी सक्रिय भागीदारी के जरिए, उन्होंने न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान दिया है, बल्कि साफ सफाई और स्वच्छता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को भी बदला है। एसबीएम द्वारा लाए गए प्रभावों में से एक है- स्वच्छता भूमिकाओं में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों का निर्माण। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जैसी पहलों ने महिलाओं को अपशिष्ट संग्रह, पृथक्करण और प्रसंस्करण प्रक्रियाओं में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए हैं। सफाई कर्मी के रूप में महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता मिलती है और साथ ही उनके समुदायों में उनका ओहदा बढ़ता है। यह आर्थिक सशक्तिकरण और पारंपरिक लिंग मानदंडों को चुनौती देते हुए उनके आत्मसम्मान और मान्यता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महिलाएं सामुदायिक बदलाव लाने और जागरूकता अभियानों में भी अहम भूमिका निभाती हैं। वे परिवारों को स्वच्छता से जुड़ी प्रथाओं, अपशिष्ट पृथक्करण और स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करती हैं। उनकी भागीदारी स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देती है और एसबीएम की पहलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।

अंत में, एसबीएम में महिलाओं के आने से न केवल स्वच्छता पहल की प्रभावशीलता में इजाफा हुआ है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिला है। और अगर भविष्य में ये मिशन और कामयाबी हासिल करेगा। अब स्वच्छता प्रथाओं में स्थिरता सुनिश्चित करने, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की ओर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। प्रौद्योगिकी और डेटा-संचालित नजरियों का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को और सुधारना तथा अपनी पहुंच का विस्तार करना है, ताकि देश के हर कोने तक स्वच्छता का फायदा पहुंच सके। इसके अलावा, हमें भविष्य की पीढ़ी में भी साफ सफाई और स्वच्छता के मूल्यों को स्थापित करना जारी रखना होगा। स्वच्छता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने वाले शैक्षिक कार्यक्रम, पिछले एक दशक में हमारे द्वारा बनाई गई गति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण साबित होंगे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, आइए हम स्वच्छता की भावना को अपनाते हुए और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए एकजुट होकर काम करना जारी रखें। ये सफर अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन दृढ़ संकल्प और सामूहिक कार्रवाई की मदद से, एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत बनाना हमारे हाथ में है।

देश की सबसे पुरानी पार्टी और स्वतन्त्रता आंदोलन में मिल का पत्थर साबित हुई कांग्रेस के सितारे मां कूष्मांडा को अष्टभुजा देवी के नाम से भी जाना जाता हैं

नवरात्र के चौथा दिन होता है मां कूष्मांडा की पूजा

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

नौ दिनों की आराधना और अनुष्ठान विधि को नवरात्रि के नाम से जाना जाता है। शक्ति जागरण के लिए ऋषि-मुनियों ने नौ दिवसीय साधना अनुष्ठान दिया है, इसलिए इसे नवरात्र कहते है। प्रथम दिन से नवमी दिन तक उपासना और साधना का, जीवन जीने का अवसर भक्त को मिलता है। शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो चुका है, घरो से लेकर दुर्गा मंदिरों तक मंत्रोच्चारण हो रहे हैं। नवरात्र के पहले तीन दिन देवी दुर्गा के शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी और चन्द्रघंटा की पूजा हो चुका है और अब अगले तीन दिन मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता और मां कात्यायनी की पूजा होगी। मां दुर्गा का चौथा स्वरूप कूष्मांडा है। शारदीय नवरात्र के चौथा दिन मां कूष्मांडा की आराधना होती है। इस दिन साधक का मन ह्यअनाहतह्ण चक्र में अवस्थित होता है। इसलिए साधक इस दिन पवित्र होकर और अचंचल मन से मां कूष्माण्डा का पूजा-आराधना करता है।

शास्त्रों के अनुसार, जब सृष्टि की रचना नहीं हुई थी, और सृष्टि का कोई अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार छाया हुआ था, तब मां कुष्मांडा ने अपने ईषत हास्य (मंद मुस्कान) से सृष्टि की उत्पत्ति की। इसलिए मां कुष्मांडा को सृष्टि की आदि-स्वरूपा, आदिशक्ति कहा जाता है। मंद हंसी के द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण ही इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। मां कुष्मांडा के पास इतनी शक्ति है कि, मां का वास सूर्यमंडल के भीतर है। केवल मां कुष्मांडा में ही सूर्यलोक के भीतर रहने की क्षमता है और इन्हीं के तेज से दसों दिशाएं आलोकित हैं। कहा जाता है कि इन्हीं के तेज से ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में तेज व्याप्त है। मां कूष्माण्डा का शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान हैं। मां कूष्मांडा की आठ भुजाएँ हैं इसलिए मां कूष्मांडा को अष्टभुजा देवी के नाम से भी जाना जाता हैं। मां कूष्मांडा के सात हाथों में कमंडल, धनुष-बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है और आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला। मां कूष्मांडा का वाहन शेर है और मां कूष्मांडा को कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं इसलिए भी देवी को मां कूष्मांडा कहा गया है।

मां कूष्मांडा का पूजा-आराधना, अचंचल और पवित्र मन से करने पर भक्तों के रोगों और शोकों का नाश होता है तथा आयु, यश, बल, सुख-समृद्धि, उन्नति और आरोग्य प्राप्त होता है। क्योंकि मां कूष्मांडा अत्यल्प सेवा और भक्ति भाव से ही प्रसन्न होकर अपने भक्तों को आशीर्वाद देती हैं। भक्त को कम समय में ही कृपा का सूक्ष्म भाव का अनुभव होने लगता है। नवरात्र में भोजन के रूप में केवल गंगा जल और दूध का सेवन करना अति उत्तम माना जाता है, कागजी नींबू का भी प्रयोग किया जा सकता है। फलाहार पर रहना भी उत्तम माना जाता है। यदि फलाहार पर रहने में कठिनाई हो तो एक शाम अरवा भोजन में अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, और घी से बनी सब्जी का उपयोग किया जाता है।

मां कूष्मांडा का मंत्र है :-

या देवी सर्वभूतेषु माँ कूष्माण्डा
रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
सुरासम्पूर्ण कलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे॥
पूजा मंत्र
ॐ कूष्माण्डायै नमः
ध्यान मंत्र
वन्दे वांछित कामर्थे
चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढ़ा अष्टभुजा

संक्षिप्त खबरें

नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मढ़ौरा नगर। मढ़ौरा थानान्तर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना का आरोपित किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की कारित घटना में पीड़िता के परिजन के लिखित आवेदन के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मढौरा थाना कांड संख्या-563/24, धारा-64 बी०एन०एस० एवं 4/6 पॉक्सो एक्ट दर्ज किया गया हैं। आरोपी पिड़िता का पटीदार ही बताया जा रहा है। घटना से संबंधित अन्य पहलुओं की पुलिस जांच एवं गिरफ्तारी हेतु प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 घंटे के अंदर छापामारी कर विधि विरूद्ध बालक को गिरफ्तार किया गया। टीम में पु.अ.नि. चन्देश्वरी यादव, पु.अ.नि. नविता रानी, प्र.पु.अ.नि. सत्यम कुमारी,प्र.पु.अ.नि. संजीत कुमार,स.अ.नि. जितेन्द्र कुमार,पी.टी.सी. शत्रुघन कुमार मढ़ौरा थाना एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल पुलिस पदाधिकारी थें।

सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी

लहलादपुरः जनता बाजार थाना क्षेत्र के सारण गांव में जनता बाजार-पैगम्बरपुर मुख्य सड़क पर पिकअप भान के टक्कर से एक वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जिन्हें कलाम मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी पप्पु खां ने उठाकर पीएचसी, लहलादपुर लाया तथा इलाज कराया. मगर जख्मी की स्थिति गंभीर देखते हुए, बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया गया. जख्मी स्थानीय थाना क्षेत्र के ही धनेश छपरा गांव निवासी 60 वर्षीय शिवकुमार राय उर्फ विजय शंकर राय बताये जाते हैं, जो नवरात्रि के मौके पर श्रीढोंढ़नाथ मंदिर में भगवान शिव का पूजा-अर्चना करके अपने घर साईकिल से वापस जा रहे थे कि पिकअप भान ने पीछे से टक्कर मार दिया. घटना शनिवार के दिन लगभग नौ बजे की है.

छात्र छात्राओं के अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन का प्रगति पत्रक वितरण

बनियापुर। प्रखंड के प्रारम्भिक विद्यालयों मे आयोजित अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन का अभीभावक गोष्ठी कर परिणाम घोषित किया गया,जहा अभिभावकों को प्रगति पत्रक वितरण किया गया।वही विद्यालय के प्रधानाध्यपक द्वारा अभिभावकों को संबोधित करते कहा गया कि विद्यालय मे अध्ययनरत छात्र छात्राओं का मूल्यांकन बोर्ड के तर्ज पर एस सी आर टी द्वारा अंतरविद्यालयी स्तर पर किया।प्रगति पत्रक का अवलोकन कर अपना मनतव्य देते पुनः विद्यालय को वापस कर देना। प्रखंड के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों मे एक साथ सभी विद्यालयों मे अभिभावक गोष्ठी आयोजित करते प्रगति पत्रक का वितरण कर दिया गया।जहा छात्र अभिभावकों मे काफी उत्साह देखा गया।

बेरुई में मनी समाजसेवी चंद्रमा सिंह की 15वीं पुण्यतिथि

बनियापुर। प्रखण्ड के बेरुई में स्व. चंद्रमा सिंह चौहान की 15 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर परिवार के सदस्यों व आसपास के लोगों ने पुष्प अर्पित की। चन्द्रमा बाबू हमेशा गरीबों और बंचितो की सेवा किए। उनकी इस सेवा भावना को याद करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच साड़ी, कम्बल और वस्त्र का वितरण किया जाता है। इस बार भी यह आयोजन किया गया। शनिवार को बेरुई उनके पैतृक आवास पर किया गया। उनके पुत्र धुर्व सिंह चौहान, रामकुमार सिंह चौहान, दिलिप सिंह चौहान तथा अभिमन्यु सिंह चौहान, वार्ड पार्षद ने बताया कि चंद्रमा बाबू देश सेवा के लिए आर्मी में बहाल हुए थे। उन्होंने एक सेना के रूप में देश की सेवा की। अवकाश प्राप्ती के बाद भी समाज सेवा की भावना उनके अंदर कम नहीं हुई थी। उन्होंने ग्रामीणों की खूब सेवा की। बाद में वे विधान सभा के चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई। ग्रामीण आज भी उन्हें याद करते हैं। उनकी पत्नी सफेदा कुअर, पुत्र और भतीजा उन्ही के पदचिह्नों पर चलकर सेवा को कर्तव्य समझते हैं। यही कारण है कि हर वर्ष पुण्यतिथि गांव के लोगों के बीच मनाए जाने की प्रथा आज भी कायम है।

बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का किया गया वितरण

परसा।दरियापुर प्रखंड के बारवे पंचायत के बाढ़ पीड़ितों के बीच सांसद राजीव प्रताप रूडी के पहल पर राकेश सिंह के नेतृत्व में खाद्य सामग्री वितरण अभियान जारी है।शनिवार को सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो बाढ़ पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री वितरण किया गया।राकेश सिंह ने बताया कि सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा बाढ़ पीड़ितों पर पैनी नजर रखा गया है।

दुर्गापूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण के निमित जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हाईब्रीड मोड में बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। दुर्गापूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण के निमित समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में हाईब्रीड मोड में बैठक सम्पन्न हुयी। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने बाढ़ आपदा को लेकर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा किये गये बेहतर कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के सार्थक प्रयास से अबतक के सभी पर्व-त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होते आ रहा है। दुगार्पूजा के अवसर पर पूरे जिले में विधि-व्यवस्था बनी रही, इस हेतु सभी को सजग एवं सतर्क रहकर अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करना है। समाज में शांति व्यवस्था कायम रहे, इस हेतु कारगर प्रयास करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि लॉ एंड ऑर्डर को प्रभावित करने वाले तत्वों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाय, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाय। हर हाल में लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन रखना है। उन्होंने निर्देश दिया कि बिना अनुज्ञप्ति के कोई भी पूजा-पंडाल नहीं लगाए जाएंगे और ना ही जुलूस निकले, इसका ध्यान रखना है।उन्होंने निर्देश दिया कि असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर निरोधात्मक कार्रवाई करें। असामाजिक गतिविधि पर नजर बनाकर रखें और त्वरित निरोधात्मक कार्रवाई करें। कैम्प कोर्ट करते हुए असामाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करें। हैबिचूअल ऑफेण्डर के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। जबरन चंदा वसूली पर सख्त निगरानी रखें तथा कार्रवाई करें। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिलास्तर सहित अनुमंडल एवं प्रखंडस्तर पर कंट्रोल रूम निरंतर फंक्शनल रहना चाहिए। छोटी घटनाओं की भी जानकारी कंट्रोल रूम, वरीय अधिकारियों को देते हुए तुरंत स्पॉट पर पहुंचकर उचित कार्रवाई करें। कंट्रोल रूम विसर्जन की तिथि को विशेष तौर पर संचालित रहना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी निश्चित रूप से उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। किसी भी परिस्थिति में प्रतिनियुक्ति स्थल से अनुपस्थित नहीं रहना है। समय-समय पर कंट्रोल रूम में एवं व्हाट्सअप ग्रुप में फोटो भेजना है। उन्होंने निर्देश दिया कि अफवाहों को लेकर सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी अलर्ट रहेंगे। अफवाह नहीं फैले, इस हेतु सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों पर नजर बनाकर रखेंगे। पूजा-पंडालों अथवा अन्य किसी स्थल पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला आपतिजनक नारा, लेखन, बैनर, पोस्टर आदि नहीं लगे, इस पर विशेष ध्यान देना है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निर्देश दिया कि विभागीय निदेर्शानुसार पूजा-पंडालों में लगाये जा रहे वॉयर आदि की जांच कर लेंगे। साथ ही बिजली तार लुंज-पुंज अवस्था में नहीं रहे, इसे भी अच्छे तरीके से जांच करवा लेंगे। बेतिया पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने निर्देश दिया कि सोशल मीडिया सेल 247 फंक्शनल रहेगा तथा पोस्टों की निगरानी करेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि असामाजिक तत्वों की निगरानी हेतु ड्रोन टीम पूरी तरह एक्टिव रहेगा। इसके साथ ही बम डिस्पोजल स्क्वॉयड, मेटल डिटेक्टर आदि की व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखी जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि सुसंगत धाराओं के तहत असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय। आर्म्स वेरिफिकेशन करा लिया जाय। सेलिब्रेटी फायरिंग नहीं हो, इसका ध्यान रखा जाय। संवेदनशील स्थलों पर वार्ड स्तर पर शांति समिति की बैठक कर ली जाय। डीजे को पूर्व में ही जब्त कर लिया जाय। सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से सतत निगरानी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी एवं फोर्स प्रतिनियुक्ति स्थल पर मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करेंगे। सभी थानाध्यक्ष चौकीदारी परेड, गुंडा परेड करा लें। मद्य निषेध को लेकर निरंतर छापेमारी अभियान चलाया जाय। पूजा-पंडालों के इंट्री एवं एक्जिट प्वाइंट प्रॉपर तरीके से हो, ताकि भारी भीड़ के मद्देनजर श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। पुलिस अधीक्षक, बगहा, श्री सुशांत कुमार सरोज ने पूर्व के पर्व-त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से फिल्ड में निकलें। अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक करें। लॉ एंड ऑर्डर हेतु जारी ज्वाइंट ऑर्डर को अच्छे तरीके से पढ़े और उसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पूर्व के साम्प्रदायिक मामलों में चार्जशिटेड को गुंडा पंजी में शामिल करें, गुंडा परेड कराते हुए विधिसम्मत कार्रवाई करें। सभी थानाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि डीजे किसी भी सूरत में नहीं बजना चाहिए। विसर्जन को लेकर गोताखोरों की सूची अपडेट रखें ताकि विषम परिस्थिति में त्वरित गति से कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि ड्रोन पेट्रोलिंग, सोशल मीडिया की निगरानी, सीसीटीवी आदि का अधिष्ठापन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा का त्यौहार सम्पन्न कराएं। इसके साथ ही पूजा पंडालों में अग्नि से सुरक्षा हेतु सभी उपाय प्रॉपर होना चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया शौर्य सुमन, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही पुलिस अधीक्षक बगहा सुशांत कुमार सरोज, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा गौरव कुमार सहित अन्य सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष आदि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

नवजात शिशुओं को एसएनसीयू लाने व वापस घर छोड़ने के लिए उपलब्ध करायी जायेगी निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा

प्रात : किरण, संवाददाता

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत निःशुल्क एंबुलेंस सुविधा देने का प्रावधान नवजात शिशुओं को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभाग संकल्पित नवजात शिशुओं के लिए समर्पित है सदर अस्पताल का एसएनसीयू यूनिट छपरा। नवजात एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग कृत-संकल्पित है। इस दिशा में स्वास्थ्य के विभाग के द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहें है। नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य से जिला अस्पताल में एसएनसीयू यूनिट की स्थापना की गयी है।जिसमें बर्थ एस्फिक्सिया, समय से पहले जन्म, बहुत कम वजन और हाइपोथर्मिया से पीड़ित शिशुओं को विशेष देखभाल प्रदान की जाती है। विभाग ने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा शुरू की है, जिससे नवजातों को अस्पताल लाने और वापस घर पहुंचाने में मदद मिलेगी। यह सेवा 01 वर्ष तक उम्र वाले बच्चों के लिए उपलब्ध होगी। राज्य स्वास्थ्य समिति के शिशु स्वास्थ्य के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजय प्रकाश ने पत्र जारी कर सभी सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे नवजातों को एसएनसीयू में रेफर करने के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का उपयोग करें और डिस्चार्ज के बाद नवजात और उनके अभिभावकों को घर पहुंचाने के लिए भी यह सेवा उपलब्ध कराएं। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग सतत प्रयासरतः विदित हो कि एसआरएस 2020 के अनुसार राज्य का नवजात मृत्यु दर प्रति 1000 जीवित जन्म में मृत्यु दर की संख्या 21 है। एसडीजी का लक्ष्य 2030 तक प्रत्येक जीवित नवजात 1000 पर 12 मृत्यु दर तथा नेशनल हेल्थ पॉलिसी का लक्ष्य 2025 तक नवजात 1000 जीवित जन्म पर मृत्यु दर 16 करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग सतत प्रयासरत है। अप्रैल से अगस्त 2024 तक 449 बच्चों का उपचारः छपरा सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में अप्रैल से अगस्त 2024 तक कुल 449 नवजात शिशुओं का उपचार किया गया है। जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से आये 102 नवजात शिशुओं और उनके अभिभावकों को निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। लेकिन 347 नवजात शिशुओं के अभिभावक स्वयं व्यवस्था कर एसएनसीयू में इलाज के लिए पहुंचे हैं। इसे सुद्दढ़ करने का आदेश राज्य स्तर से दिया गया है। जोखिम के कारणों की पहचान और उचित प्रबंधन से मृत्यु दर में कमी संभवः सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि जन्म के पहले 28 दिनों में नवजात की मृत्यु के अधिकांश मामले होते हैं। हाल के वर्षों में नवजात मृत्यु दर के मामलों में कमी आयी है। इसलिये जोखिम के कारणों की पहचान एवं उसका उचित प्रबंधन नवजात मृत्यु दर के मामले को कम करने के लिये जरूरी है। इसके लिये नवजात के स्वास्थ्य संबंधी मामलों के प्रति व्यापक जागरुकता जरूरी है। यदि नवजात शिशु सुस्त, अस्वस्थ अथवा बीमार मालूम हो तो बिना समय गंवाए नजदीकी अस्पताल में तुरंत ले जाएं। उन्होंने कहा कि नवजात के जन्म के बाद पहले 28 दिन उसके जीवन व विकास के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होता है। क्या है एसएनसीयू जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि 34 सप्ताह से पहले पैदा, 1800 ग्राम से कम वजन, चार किलो वाले या 40 सप्ताह में पैदा बच्चों के लिए एसएनसीयू की सुविधा अनिवार्य है। इसके अलावा पेरीनेंटल एफीक्सिया, न्यूओनेटल जुआंडिस, रेस्प्रेटरी डिस्ट्रेस, रेफ्यूजल टू फीड, सेंट्रल क्यूनोसिस, एप्निया या गैस्पिंग, न्यूओनेटल कंवल्सन, बेबी ऑफ डायबिटिक मदर, डायरिया समेत 24 स्थितियों में नवजात का इलाज एसएनसीयू में किया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर एक वर्ष से कम उम्र तक के शिशुओं को भी यहां भर्ती कर उनका इलाज किया जाता है। एनसीयू नवजातों को समर्पित एक यूनिट होती है। जन्म लेने से 28 दिन तक बच्चे को नवजात माना जाता है। जन्म के तुरंत बाद अगर बच्चे में कोई भी स्वास्थ्य संबंधित दिक्कत है तो उसे भर्ती कर लिया जाता है। नवजात तब तक चिकित्सक व स्टॉफ की देखभाल में रहता है जब तक कि वह स्वस्थ न हो जाए।

डब्ल्यूटीआई और वन विभाग के सौजन्य से वन सभागार में चित्रकला निबंध प्रतियोगिता आयोजित

देश भर में वन जीव संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। नसीम खान क्या बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित वन सभागार में वन जीव संरक्षण सप्ताह के मौके बच्चों के बीच चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।वन प्रमण्डल 2 के फॉरेस्टर आशीष कुमार ने बताया कि एक अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक देश भर में वन जीव संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है।जिसके तहत वन जीवो के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता आए, इसके लिए विभिन्न प्रकार के वन विभाग,डब्ल्यूटीआई और डब्ल्यूआईआई के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस मौके पर प्रशिक्षु डीएफओ स्टॅलिन फेडरेल, रेंजर राजकुमार पासवान समेत डब्ल्यूआईआई और डब्ल्यूटीआई के अधिकारी और वनकर्मी मौजूद थे।

आईजी शिमला जे पी सिंह बने लायंस क्लब छपरा ग्रेटर के सदस्य

प्रात : किरण, संवाददाता

(आई.पी.एस) पुलिस महानिरीक्षक, शिमला
लायंस क्लब छपरा ग्रेटर एवं क्लब ऑफ
लायंस क्लब छपरा राघोजी एवं लायंस क्लब ऑफ छपरा सहारा

छपरा कार्यालय। लायंस क्लब ऑफ छपरा ग्रेटर के अध्यक्ष करण सिंह के निवास पर लायंस क्लब ऑफ छपरा ग्रेटर, लायंस क्लब ऑफ छपरा सहारा, लायंस क्लब ऑफ छपरा राघो जी एवं लायंस क्लब ऑफ खैरा सारण की एक संयुक्त बैठक हुई जिसमें आई जी शिमला जे.पी.सिंह का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया ।इस अवसर पर उन्हें शॉल एवं लायंस क्लब के प्रतीक चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया । क्लब के सदस्यों के अभिनंदन से अभिभूत होकर जे पी सिंह ने कहा कि लायंस क्लब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की मदद कर रहा है जो कि काबिले तारीफ है ।उन्होंने लायंस क्लब के कार्यकलापों से प्रभावित होकर लायंस क्लब की सदस्यता भी ग्रहण की । इस अवसर पर विभूति नारायण शर्मा, विश्व मोहन सिंह, अजीत कुमार सिन्हा, डॉ. कामेश्वर राय, शैलेश कुमार सिंह सहित कई लायंस सदस्यों ने अपने विचार साझा किया । बैठक की अध्यक्षता करण सिंह ने की । स्वागत भाषण वरिष्ठ सदस्य एस जेड ए रिजवी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोज कुमार वर्मा संकल्प ने किया ।
इस कार्यक्रम में राजेश कुमार उपाध्याय, रिजवी राज, मिथिलेश कुमार, एस एम इब्राहिम, मनीष मिश्रा, राजीव गुप्ता, अमिताभ कुमार.सी शशि बाला सिंह, जयप्रकाश, संतोष कुमार सिंह, रूपेश कुमार, विपुल कुमार, अमित सिंह सहित कई लायंस सदस्य शामिल हुए ।

लगातार मिल रहीं जन शिकायतों को लेकर जांच और कार्रवाई का महापौर ने दिया नगर आयुक्त को आदेश

- बिहार नगरपालिका अधिनियम के विहित प्रावधानों के अनुपालन की जांच

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।बेतिया नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया नगर निगम क्षेत्र में प्रस्तावित भवनों के निर्माण में बड़े पैमाने पर उगाही और भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने का खुलासा किया है।इसको लेकर महापौर ने नगर आयुक्त शंभू कुमार को लिखे अपने पत्र में लिखा है कि दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि बेतिया नगर निगम क्षेत्र में प्रस्तावित भवन निर्माण के लिए नक्शा पास कराने में अवैध उगाही की शिकायतें आए दिन मिल रहीं हैं।वही प्राप्त आवेदन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने में भी उगाही के उद्देश्य से भारी विलंब किया जा रहा है।महापौर श्रीमती सिकारिया ने लिखा है कि आवेदनों की प्राप्ति के बाद जांच के नाम पर उसे महीनों लटका कर अनेक संबंधित के स्तर पर किश्तवार उगाही की शिकायत मिलने का उल्लेख किया है। इसको लेकर भी लगातार मिल रही टेलीफोनिक शिकायतों को लेकर निर्देश है कि कार्यालय लंबित जांच और दोषियों पर कार्रवाई के साथ इस विंग से संबंधित कर्मचारी/अधिकारी को हिदायत देने के साथ कड़ी नजर रखने के साथ सात दिनों के अंदर निर्देश का अनुपालन प्रतिवेदन महापौर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का आदेश नगर आयुक्त को दिया है।

प्रशासन द्वारा की गई तीन बच्चों को दत्तक ग्रहण की कार्रवाई

प्रात : किरण, संवाददाता

DISTRICT MAGISTRATE CUM COLLECTOR
SARAN (CHAPRA)
सत्यमेव जयते
DISTRICT MAGISTRATE

छपरा कार्यालय जीवन की आपाधापी के बीच आकांक्षा वाले दंपत्ति जोड़े के लिए शनिवार का दिन खुशियाँ देने वाला रहा। सारण जिला प्रशासन के द्वारा तीन बच्चों को दत्तकग्रहण की कार्रवाई पूर्ण की गई। जिलाधिकारी श्री अमन समीर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में तीन बच्चों को उनके दत्तकग्राही माता-पिता को अंतिम रूप से सौंपा गया। दत्तकग्रहण की प्रक्रिया पूरी होते ही बच्चे को नए माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान दंपत्ति जोड़ों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने भाव विभोर होकर जिला प्रशासन को धन्यवाद प्रेषित किया। तीनों बच्चों को भारत के विभिन्न राज्यों से आए दंपत्ति ने गोद लिया। दपत्तियों द्वारा बच्चों को गोद लेने के लिए कारा के वेब पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किया था। जिसका क्रम आने एवं सारी प्रक्रिया से गुजरने के बाद अनके फाइनल एडॉप्शन की प्रक्रिया जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर द्वारा पूर्ण की गई। ज्ञात हो कि समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान सारण के माध्यम से बच्चे को दत्तक ग्रहण की कार्रवाई की जाती है। संस्थान में चिल्ड्रेन इन नीड ऑफ केयर एंड प्रोटेक्शन वाले बच्चों की पूरी सुरक्षा और सुविधाओं के बीच रखकर उनका भरपूर पालन पोषण किया जाता है। इस अवसर पर प्रभारी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई सुश्री पूजा कुमारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी पंकज प्रसाद, समन्वयक कहकसा रसीद, दीपांशु राज आदि उपस्थित थे। जानिए बच्चों गोद लेने के लिए क्या है नियम कोई भी ऐसा दंपत्ति जिसकी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति सुद्दढ़ हो बच्चा गोद लेने के लिए पात्र हो सकता है। यदि उन्होंने कम से कम दो वर्ष का स्थिर वैवाहिक जीवन व्यतीत किया हो तथा दत्तक ग्रहण के लिए दोनों की आपसी सहमति जरूरी है। अलग-अलग उम्र वाले दंपत्ति के लिए अलग-अलग उम्र के बच्चे की पात्रता होती है। बच्चा गोद लेने के लिए केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन कराना होता है। जाँच के बाद बच्चा गोद लेने के पात्र माता-पिता को बच्चा गोद दिया जाता है। एकल पुरूष अभिभावक को केवल लड़का गोद दिया जा सकता है, जबकि एकल महिला लड़का एवं लड़की दोनों को गोद ले सकती है। दो संतान वाले दर्पत्ति सामान्य बालक के दत्तक ग्रहण के लिए पात्र नहीं है। वह सिर्फ विशेष आवश्यकता वाले बालकों को ही दत्तक ग्रहण कर सकते है। देश में किसी अन्य माध्यम से बच्चा गोद लेना और देना कानूनी अपराध है।

सांसद ने यूपी के मुख्य सचिव से शीघ्र समाधान हेतु लखनऊ में की मुलाकात

कोर्ट में विवाद के कारण यूपी में रिंग बांध का कार्य अधूरा, जलमग्न हुआ सिताब दियारा

- यूपी में कोर्ट केस, बिहार में जलमग्न हुआ सिताब दियारा
- मुख्य सचिव ने सांसद को किया आश्वस्त, विवाद का शीघ्र ही निपटारा

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय । जेपी के गांव को बाढ़ और कटाव से बचाने के लिए सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने 2018 में बड़ी पहल की थी जिसके तहत बिहार और यूपी की संयुक्त परियोजना रिंग बांध की नींव पड़ी थी। इसमें न सिर्फ बिहार का इलाका बल्कि यूपी के गांव भी शामिल हुए। सांसद के प्रयास से जेपी के गांव के यूपी और बिहार के दोनों भाग को बचाने के लिए कुल 125 करोड़ की परियोजना बनी। इसके तहत बिहार सीमा में कुल चार किमी में घाघरा के किनारे कुल 85 करोड़ का बजट से रिग बांध का निर्माण कार्य पूरा कराया गया। वहीं उत्तर प्रदेश के हिस्से का करीब दो सौ मीटर का काम कोर्ट केस की बजह से लटका हुआ है। अब सांसद रुडी ने इस बांध को पूरा कराने के लिए एक बार फिर अपने प्रयास तेज कर दिये है। इसी संदर्भ में सांसद ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से लखनऊ स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रुडी ने मुख्य सचिव को बताया कि यूपी वाले हिस्से में रिंग बांध का कार्य पूरा न होने के कारण बाढ़ से सिताब दियारा जलमग्न हो गया है। सिताब दियारा के जेपी ट्रस्ट तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश की ओर से रिंग बांध पूरा नहीं होने के कारण पानी सिताब दियारा के रामेश्वर टोला में भी प्रवेश कर गया है। सिताब दियारा के रामेश्वर टोला के खेतों में पानी प्रवेश करने के कारण फसल बर्बाद हो गया है। जेपी ट्रस्ट तक के सड़क तक पानी पहुंच गया है। कोर्ट केस में एक पक्ष राज्य सरकार भी है इसलिए राज्य सरकार की ओर से सांसद को आश्वस्त करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि इस इस विवाद का शीघ्र ही निपटारा किया जायेगा।

विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक शनिवार को प्रखंड कार्यालय में लगेगा कैंप

प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरव जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि विद्युत उपभोक्ताओं के समस्याओं के निराकरण के लिए कैंप लगाई जाए और कंट्रोल रूम नंबर जारी किया जाए। इस पर कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल मोतिहारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को कार्यालय अवधि में सभी प्रखंड कार्यालय में विद्युत समस्या निराकरण कैंप लगाया जाएगा। जहां पर विद्युत उपभोक्ता बिजली के तार, पोल, ट्रांसफार्मर, स्मार्ट मीटर, नॉर्मल बिलिंग और नया कनेक्शन इत्यादि समस्या की जानकारी देंगे। उस पर तक्षण कार्रवाई करते हुए समस्या का निराकरण कराया जाएगा। कैंप में सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के साथ-साथ एक टीम रहेगी जो आवेदन प्राप्त करेगी और जांचों परांत शीघ्रता से समस्या निराकरण करेगी। उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर- 9031633795 पर फोन कर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकेगी, जिसका निराकरण शीघ्रता के साथ कराई जाएगी। स्मार्ट मीटर के लाभ को बताते हुए कार्यपालक अभियंता ने कहा कि सभी पुराने मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है एवं स्मार्ट मीटर लगाने के समय उपभोक्ता से कोई शुल्क नहीं ली जाती है। स्मार्ट मीटर द्वारा नए विद्युत कनेक्शन स्थापित करने के लिए किसी प्रकार का प्रतिभूति राशि नहीं ली जाती है बल्कि पहले से लिए गए प्रतिभूति की राशि को स्मार्ट मीटर लगने के उपरांत वापस भी किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर विद्युत प्रणाली को पारदर्शी एवं सुलभ बनता है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध होती है।

भस्का नदी पार दुर्गम जंगली क्षेत्र गुरार-गनौली में एएनएम रंजू कर रहीं हैं बच्चों का टिकाकरण

- एचएससी हरनाटांड से 6 किमी तक है जंगली रास्ता, 22 किमी बाद है
- नेपाल की सीमा बच्चों,गर्भवती महिलाओं व वयस्कों को कई बीमारियों से बचाता है नियमित टीकाकरण
- टीकाकरण के 90 प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास जंगली जानवरों व नदी में पानी बढ़ने का लगातार बना रहता है खतरा

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(कुमार अभिजितम)।जंगल और नदियों के बीच जाकर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा बच्चों का नियमित टीकाकरण किया जा रहा है । जिले के अति दुर्गम जल-जमाव एवं जंगली क्षेत्र गुरार एचएससी गनौली में छूटे हुए बच्चों के नियमित टीकाकरण के लिए एएनएम रंजू कुमारी के साथ बीएचएम कुमार विशाल, बीसीएम अनिल कुमार कैरियर लेकर सुबह पीएचसी हरनाटांड़ बगहा 02 से निकलते है। इसके बाद 6 किलोमीटर तक जंगली रास्तों का सफर तय करना होता है। रंजू ने बताया कि इस क्षेत्र से 22 किमी बाद पड़ोसी देश नेपाल की सीमा लगती है। उन्होंने बताया कि गोडार में 157, पिपरा में 21, गनौली में 20, वनहवाटोला में 162, मलकौली में 21 तथा हरैयाकोर में टीकाकरण किया गया है। इन जगहों पर बच्चों के नियमित टीकाकरण के बाद जल्द घर लौटने की चिंता रहती है क्योंकि उन जगहों पर जंगली जानवरों व अभी नदी में पानी बढ़ने का लगातार खतरा बना रहता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिँह नीरज ने बताया कि बाढ़ग्रस्त दियारा क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य विभाग की टीम सजग और सतर्कता के साथ अपना दायित्व निभा रही है। तभी तो बगहा 02 के दुर्गम इलाकों में बच्चों का नियमित टीकाकरण का कार्य तेजी से होता दिखाई देता है। नियमित टीकाकरण बच्चों, गर्भवती महिलाओं और वयस्कों को कई बीमारियों से बचाता हैः सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया कि जिले के कुछ हिस्से ऐसे हैं जहाँ जंगल के भीतर और पहाड़ियों पर लोग बसे हैं। बरसात के समय में इनके रास्ते बंद रहते हैं। वहाँ पहुंचना मुश्किल होता है। ऐसे में हमारे स्वास्थ्यकर्मी और एएनएम वहां जाकर बच्चों को कई प्रकार की बीमारियों से बचाव को टीकाकरण का कार्य कर रहे हैं। साथ ही गर्भवती माताओं का भी टीकाकरण कर रहीं हैं। नियमित टीकाकरण के 90 प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण से बच्चों और वयस्कों को कई बीमारियों से बचाया जा सकता है, जैसे-डिप्थीरिया, टेटनस, काली खांसी, पोलियोमाइलाइटिस (पोलियो), खसरा, कण्ठमाला, रूबेला, हीमोफिलस इन्फ़्लुएंजा टाइप बी (एचआईबी), हेपेटाइटिस बी आदि से सुरक्षित रखता है। टीके पूरी तरह से असरदार होते हैं। सभी टीकों का पूरा कोर्स सही उम्र पर दिया जाना चाहिए। अगर कोई टीका छूट जाए, तो याद आते ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता या डॉक्टर से संपर्क करके टीका लगवा लेना चाहिए। टीके उप-स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, या राजकीय चिकित्सालयों पर मुफ़्त में मिलते हैं। गर्भवती महिलाओं को टेटनस का टीका लगवाकर, उन्हें और उनके नवजात शिशुओं को टेटनस से बचाया जा सकता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
पटना, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का मिला लाभ

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र के कुशी बाजार पर स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा कुशी बाजार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ प्रखंड के लेवा निवासी विकास कुमार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ दिया। बैंक प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि लेवा निवासी पुष्पा देवी पति विकास कुमार ने 29 फरवरी 2024 को 436 रुपया देकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराया था। उनकी मृत्यु 20 मई 2024 को हो गई। उनके मृत्यु उपरांत प्रक्रिया पूरी कर उनके पति विकास कुमार जो बीमा योजना में नोमानी है, उन्हें शनिवार को दो लाख रुपए का चेक दिया गया। बीमा योजना की राशि प्राप्त कर पति कुछ राहत महसूस कर रहे है।

बीडीओ ने पारवारिक लाभ योजना के तहत मृतक की माता को दिया चेक

संझौली(रोहतास)। मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीडीओ प्रभा कुमारी ने शनिवार को मृतक के परिजन को आर्थिक लाभ प्रदान किया। प्रखंड कर्मियों के साथ बीडीओ ने सोनी गांव जाकर 20 हजार हजार रुपये का चेक दिया गया। जानकारी के अनुसार 24 सितंबर को ग्राम सोनी टोला निवासी अनिल सिंह का पुत्र दीपक कुमार का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतक परिवार के आश्रित माता को बीडीओ ने चेक दिया। इस दौरान मृतक माता ने फफक पड़ी। बीडीओ ने परिजनों को ढांढस बढ़या। मौके पर प्रखंड नाजिर आशीष चौबे सहित प्रखंड कर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

भव्य डिजिटल कृष्ण लीला की तैयारी को लेकर बैठक आज

आरा। शहर के होटल ग्रांड में रविवार को भव्य डिजिटल कृष्ण लीला के आयोजन की तैयारी और व्यवस्था हेतु एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते कृष्ण लीला समिति के प्रेम पंकज उर्फ ललन जी ने बताया कि डिजिटल कृष्ण लीला के आयोजन में आप सभी सनातनियों का सहयोग और कर्तव्यनिष्ठा की जरूरत है। उक्त कार्यक्रम और समिति को पुनः जागृत करने एवं अपनी संस्कृति की प्रचार-प्रसार हेतु हेतु बैठक की आयोजित की गई है।

जनता दरबार में कोइलवर पहुँचे भोजपुर डीएम,एसपी

आरा। भोजपुर डीएम तनय सुल्तानिया और एसपी राज शनिवार को कोईलवर थाना पहुंचे। कोइलवर थाना में लगे जनता दरबार में उन्होंने कोइलवर सीओ प्रियंका कुमारी, प्रभारी थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल के साथ जनता दरबार में शामिल हुए और जनता दरबार में आये फरियादी से जमीन विवाद के मामले को सुना। डीएम तनय सुल्तानिया ने सीओ को निर्देश दिया कि जनता दरबार में भूमि विवाद से सम्बंधित तामिला कराये वही दूसरे पक्ष के लोग नहीं आते है तो उन्हें दो बार नोटिस भेजे, फिर भी नहीं आते है तो जो पक्ष उपस्थित हो रहे है। उनके पक्ष में एकतरफा फैसला सुनाये। डीएम ने कहा कि हर शनिवार को थाना दिवस पर भूमि विवाद के निवारण के लिए सीओ और थानाध्यक्ष बैठेंगे। मालूम हो कि जिले के हर थाना में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिसमें भूमि सम्बंधित मामलों का निपटारा किया जाता है। डीएम के साथ थाना पहुंचे एसपी राज ने भी पुलिस पदाधिकारियों को भूमि विवाद सम्बन्धी विवाद के लिए सीओ से मिलकर जल्द से जल्द निपटारा करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

दुर्गा पूजा को लेकर मढ़ौरा में वाहन जांच का अभियान प्रशासन के द्वारा चलाया गया

मढ़ौरा पुलिस ने दुर्गा पूजा को लेकर गढ़देवी चौक सहित अन्य कई जगहों पर लहरिया कट बाइक चलाने वालों पर नकेल कसने के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान चलाया। इस जांच अभियान के दौरान करीब 21 दो पहिया और चार पहिया वाहनों से अलग-अलग आरोपों में लगभग 24 हजार का जुमार्ना वसूल किया गया। इस वाहन जांच अभियान में मढ़ौरा की आरओ रूपम शर्मा, थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी राहुल कुमार और अन्य पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि त्योहारी सीजन में अनियंत्रित वाहन चलाने से कई तरह की दुर्घटनाएं हो जाती हैं और कुछ लोग इस दौरान माहौल को बिगाड़ने तथा अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में भी रहते हैं । ऐसे में वरीय अधिकारियों के निर्देश पर मढ़ौरा में प्रतिदिन अलग-अलग स्थानो पर वाहन जांच की जा रही है। इस दौरान संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के द्वारा एरिया डोमिनेशन के लिए मार्च भी किया जा रहा है।

तीसरे स्वरूप माँ चंद्रघंटा की पूजा अराधना विधि विधान के साथ की गई

प्रात : किरण संवाददाता

गडहनी। नगर पंचायत गडहनी सहित प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतो के घरो मे व पूजा पंडालो मे नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा की तीसरे स्वरूप माँ चंद्रघंटा की पूजा अराधना विधि विधान के साथ की गई। इस अवसर पर मातारानी को शुद्ध जल और पंचामृत से स्नान कराया गया वहीं अलग-अलग तरह के फूल, अक्षत, कुमकुम, सिन्दूर, अर्पित किया गया। वहीं भोग प्रसाद में मिश्री, केले का फल, दूध से बनी मिठाइयाँ, ह्यखीर का भोगह्न लगाया गया।वहीं मां को सफेद कमल, लाल गुडहल और गुलाब इत्यादि की माला अर्पण की गई।वहीं पण्डित अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन माँ के विग्रह का पूजन-अर्चन किया जाता है। इनका यह स्वरुप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा

के शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र विराजमान है, इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। दस भुजाओं वाली देवी के हर हाथ में अलग-अलग शस्त्र विभूषित है। इनके गले में सफेद फूलों की माला सुशोभित रहती हैं। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने वाली होती है। इनके घंटे की तरह भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव, दैत्य और राक्षस सदैव प्रकम्पित रहते है। दुष्टों का दमन और विनाश करने में सदैव तत्पर रहने के बाद भी इनका स्वरुप दर्शक और आराधक के लिए अत्यंत सौम्यता और शांति से परिपूर्ण रहता है। अतः भक्तों के कष्टों का निवारण ये शीघ्र ही कर देती हैं। इनका वाहन सिंह है अतः इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है।इनके घंटे की ध्वनि सदा अपने भक्तों की शत्रु व प्रेत-बाधादि से रक्षा करती है।इनका ध्यान करते ही शरणागत की रक्षा के लिए इस घंटे की ध्वनि निनादित हो उठती है। इस दिन साधक का मन ह्यमणिपुर चक्रह्न में प्रविष्ट होता है और मां चंद्रघंटा की कृपा से उसे आलोकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। मां चंद्रघंटा के भक्त और उपासक जहां भी जाते है लोग उन्हें देखकर शांति का अनुभव करते है। इनके साधक के शरीर से दिव्य प्रकाश युक्त परमाणुओं का अदृश्य विकिरण होता है। यह दिव्य क्रिया साधारण चक्षुओं से दिखाई नहीं देती, किंतु साधक व उसके संपर्क में आने वाले लोग इस बात का अनुभव करते हैं।इनकी आराधना से साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और संपन्न होने का वरदान प्राप्त होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं नष्ट हो जाती है। इनकी आराधना से प्राप्त होने वाला एक बहुत बड़ा सद्गुण यह भी है कि साधक में वीरता और निर्भयता के साथ ही सौम्यता एवं विनम्रता का भी विकास होता है। उसके मुख, नेत्र तथा सम्पूर्ण काया में कांति वृद्धि होती है एवं स्वर में दिव्य- अलौकिक माधुर्य का समावेश हो जाता है। क्रोधी, छोटी-छोटी बातों से विचलित हो जाने और तनाव लेने वाले तथा पित्त प्रकृति के लोगों को मां चंद्रघंटा की विशेष भक्ति करनी चाहिए।

नवरात्र चढ़ते ही फल-सब्जी दुकानदारों की हुई चांदी, महंगाई से लोग परेशान

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) नवरात्र को लेकर फलों व सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है। व्रतियों के लिए फलाहार करना पिछले वर्ष की तुलना में महंगा हो गया है। अत्यधिक बारिश के कारण उपज काफी प्रभावित हुई है। जिससे महंगाई ने लोगों को परेशान कर रखा है। नवरात्र में भक्त नौ दिनों तक व्रत रखकर फलाहार करते है। लेकिन फलों के बढ़े दाम व्रती को परेशान कर रहा है। बीते हफ्ते 120 रुपए किलो बिकने वाले सेव आज मार्केट में 160 व 180 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं व्रत में आलू का प्रयोग भक्त अधिक मात्रा में करते है। मंडी में आलू 35 से 40 रुपए

प्रति किलो, लौकी छोटा 30 रुपए से 60 रुपए पीस , बड़ा 50 रुपए से 80 रुपए पीस बिक रहा है। टमाटर 80 से 100 रुपए, फूलगोभी सौ रुपए से 120 रुपए पीस, परवल 60 से 80 रुपए प्रतिकिलो, हरा मिर्ची 120 रुपए प्रति किलो , धनिया पता 600 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं अनार 180 से 200 रुपए किलो बिक रहा है। केले पर भी महंगाई का असर है। बाजार में गुणवता वाली केला 70 से 80 रुपए दर्जन बिक रहा है।

ब्लौसम ब्यूटी क्लिनिक एण्ड स्पा एकेडमी के द्वारा प्रतिभागियों को दिया गया प्रमाण पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

आराःकोई भी लोग इस दुनिया में ऐसे नहीं हैं जिन्को समाज सेवा करने का अवसर न मिले।जो जहां है उसको जो काम आता है वो उस काम से समाज सेवा कर सकते हैं जरूरी नहीं समाज सेवा करने के लिए धन ही हो और इसी का खरा उदाहरण ब्लौसम ब्यूटी क्लिनिक एण्ड स्पा एकेडमी की वर्षा खान संचालक होते हुए सेवा का मौका तलाशा और उनको अवसर में बदल दिया समय समय पर महिलाओं को विभिन्न प्रकार के निशुल्क ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण देती अरही है ताकि महिलाएं स्वालबी बन सके आज होटल डायमंड बाबू बजार आरा में ब्लौसम ब्यूटी क्लिनिक एण्ड स्पा एकेडमी पूर्व एन सी सी औफिस ब्लौक रोड आरा से ब्यूटीशियन फुल कोर्स,बेसिक व एडवांस कोर्स प्रशिक्षण प्राप्त स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट वर्षा खान द्वारा दिया गया । प्रशासित प्रत्र प्राप्त करने वाली सुनिता कुमारी, सुमन दूबे,रेशमा खातुन, करिश्मा कुमारी,अमरिता पाण्डेय, सरिता कुमारी, अनिता कुमारी, यादव काजल,शिला यादव , अंकिता कुमारी कविता सिंह

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह का कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा आरा में किया गया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा :स्मार्ट मिटर के खिलाफ जनजागरण अभियान कर्यक्रम में सम्मिलित होने हेतू भभुआ जाने के क्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी का भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम जी के नेतृत्व में पूर्वाहन 10:45 बजे कोईलवर, 11:00 बजे कायमनगर, 11:30 बामपाली आरा, 11:40 बिहिया चौरास्ता, 11: 55 जगदीशपुर चौरास्ता में भव्य स्वागत किया गया है। बामपाली आरा में जिला अध्यक्ष अशोक राम द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी को अंग वस्त्र, बूके, फूल-माला और ढ़ोल-नागाडों के साथ भव्य स्वागत किया

गया।स्वागत कार्यक्रम में भोजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम, पूर्व विधान पार्षद डॉ आंजय सिंह, सत्य प्रकाश राय, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, डॉ श्रीधर तिवारी, अशोक यादव, संतोष पांडेय, रतन धमालिया, नागेंद्र मिश्र, फजलू रहमान, प्रेम प्रकाश पांडेय उर्फ झुनू, शिव शंकर चौबे, भानु प्रताप सिंह उर्फ मुकुल, धनंजय सिंह, डॉ शिव नाथ पासवान, गोलू पांडेय, उदय राम सहित सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद थे।

छोटकी फुलवरिया में आग लगने से झोपड़ी नुमा घर जल कर राख

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। माँझी थाना क्षेत्र के ताजपुर पंचायत के छोटकी फुलवरिया गाँव में शुक्रवार की रात्रि आग लगने से झोपड़ी नुमा घर जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पाकर मौके पर आसपास के लोग जुट गए। ग्रामीणों ने चापाकल के पानी के सहारे कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालाँकि तबतक घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। इस घटना में स्थानीय हेवन्ती कुमारी तथा प्रियंका देवी का घर जल गया। घर में रखा चौकी,बर्तन,बक्सा, चावल,कपड़ा व नगद रुपए सहित जरूरी के कागजात एवम खाद्य सामग्री सहित अन्य सामान जल गया। आग लगने के असली कारणों का पता नहीं चल सका है।

घटना के समय पीड़ित परिवार पास के ही मंदिर पर प्रोजेक्टर पर रामायण देख रहे थे। घटना की सूचना पर रात्रि में ही माँझी के सीओ अभिषेक सौरभ मौकें पर पहुँचे तथा पीड़ित परिवार से मिल कर घटना की जानकारी ली। वही शनिवार की सुबह छोटकी

फुलवरिया पहुँचे प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह और पंचायत के मुखिया मनीष कुमार सिंह द्वारा अग्नि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किया गया। पीड़ित परिवार को 15000 की आर्थिक सहायता दी गई। शनिवार को ही अंचल कार्यालय में सीओ ने भी अलग से पीड़ित परिवार को बारह बारह हजार का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजेश कुमार प्रसाद और पंचायत के बीडीसी राम इकबाल साहनी आदि भी मौजूद थे।

जिलाधिकारी नें दीप प्रज्जवलित कर जिलास्तरीय युवा उत्सव-2024 का किया भव्य शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार एवं जिला प्रशासन पश्चिम चम्पारण द्वारा स्थानीय प्रेक्षागृह में जिलास्तरीय युवा उत्सव-2024 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदर्श एवं चाक्षुष कला प्रतियोगिता सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने जिलास्तरीय युवा उत्सव-2024 का विधिवत दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन, स्वागत करते हुए कहा कि युवा अपने गांव, समाज, जिला, राज्य के लिए अच्छा कर सकते हैं। सभी दृढ़संकल्पित होते हुए और बेहतर प्रदर्शन करें। यहां से राज्यस्तर पर प्रदर्शन करें, इसके बाद देश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अभिभावक आपको आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। अपने अभिभावकों

की आकांक्षाओं पर खड़े उतरें। जिलास्तर, राज्यस्तर एवं देश स्तर के प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें, समूचा जिला, राज्य गौरान्वित होगा। जिलाधिकारी ने प्रतिभागियों से अपील किया कि अभिरूचि लें, अग्रसर रहें, भटके नहीं, लक्ष्य की प्राप्ति तक अथक प्रयास करते रहें। संकल्प लें कि हमको बेहतर प्रदर्शन करना है। अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए बिहार सरकार की पहल के तहत आज जिलास्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता से प्रतिभागियों की प्रतिभा निखरती है। सभी प्रतिभागी अच्छा प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि अच्छे कलाकारों की निरंतर खोज होती रहेगी। इस तरह के प्रतियोगिता से कलाकारों का मनोबल मजबूत होगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विभिन्न कलाकारों द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों, पेन्टिंग आदि का मुआयना किया और उनकी प्रतिभा को सराहा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संदेश थानान्तर्गत गोलीबारी के कांड में संलिप्त 03 अपराधकर्मी गिरफ्तार

01 देशी कट्टा, 02 जिंदा कारतूस एवं एक मोटरसाइकिल के साथ किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री राज ने बताया कि दिनांक-15.09.2024 को समय करीब 10:55 बजे वादी दीपक कुमार, पे०- नत्थु साव, सा०- फुलाड़ी, थाना- संदेश, जिला- भोजपुर के द्वारा फर्दब्यान आवेदन प्राप्त हुआ कि उन्हें कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा फुलाड़ी ग्राम के पास गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है पुलिस अधीक्षक, भोजपुर द्वारा उक्त कांड में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान एवं कांड में उपयोग किये गए अवैध हथियार की बरामदगी एवं अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 के नेतृत्व में थानाध्यक्ष संदेश, पुलिस पदाधिकारी, तकनिकी शाखा एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का

गठन किया गया। गठित टीम द्वारा दिनांक 04.10.2024 को इस घटना में संलिप्त अज्ञात अपराधकर्मियों की पहचान कर तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके स्वीकारोक्ति ब्यान से घटना के संबंध में यह बात प्रकाश में आया कि एक अपराधकर्मी मुन्ना यादव द्वारा अपनी पत्नी के साथ वादी दीपक कुमार के बातचीत करने के कारण सऊदी अरब में रहकर हत्या करने का योजना बनाया और अपराधकर्मी पप्पु कुमार एवं सुनील कुमार जो सा०- भलुनी थाना नारायणपुर के रहने वाला से 1,50,000 (एक लाख पचास हजार) रु० में घटना करने के लिए बात-चीत किया गया है। जिसके आलोक में पप्पू कुमार एवं सुनील कुमार द्वारा 20,000 रूपया एडवांस में लिये है तथा 70,000 रूपया घटना होने के बाद सोनू को फोन पे के माध्यम से मुन्ना यादव द्वारा दुबई से भेजा गया, जिसमें से तीस हजार रुपया पप्पू एवं सुनील को सोनू द्वारा दिया गया है शेष राशि 40,000 रूपया सोनू कुमार के फोन पे में पास में है। पप्पू, सोनू एवं सतीश को घटना में उपयोग किये गये मोटरसाईकिल के साथ बाघीपुल (सहार) से गिरफ्तार किया गया है पप्पू के निशानदेही पर उसके घर से घटना में उपयोग किये गए एक देशी कट्टा एवं दो (02) जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त पप्पू कुमार एवं सतीश कुमार पूर्व के लुट के कांडों में बिक्रमगंज एवं पीरो थाना से जेल भेजा गया है। इन सभी का अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। इस संबंध में संदेश थाना कांड सं0-263/24 दिनांक 16.09.2024 धारा 109/3(5) भा०न्या०सं० एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया।

वेतन नहीं मिलने से भुखमरी के कगार पर महाविद्यालय कर्मी

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) तीन माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है जिसको लेकर भुखमरी के कगार पर हैं महाविद्यालय के कर्मी । ज्ञातव्य हो कि जुलाई से सितंबर माह तक का वेतन भुगतान अब तक नहीं हुआ है। सरकार और विश्वविद्यालय के आपसी खींचतान के बीच पीस रहे हैं कर्मचारी। सरकारी फरमान का स्वरूप रोज बदल रहा है। भिन्न भिन्न प्रकार का फॉर्मेट भेजकर कर्मियों के बारे में जानकारी मांगा जा रहा है। कभी कभी पे रोल मैनेजमेंट के नाम पर तो कभी विश्वविद्यालय द्वारा खर्च की राशि का हिसाब नहीं देने के नाम पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है । खर्च की गई राशि का हिसाब देने का काम विश्वविद्यालय का है। जिसके पीएल खाते में सरकार राशि जमा कर भुगतान करने के लिए देती है । राशि खर्च करके हिसाब न देने में कर्मी कहां से और कैसे दोषी हैं ? इतना ही नहीं पेंशन और पारिवारिक पेंशन पाने वाले कर्मी भी तीन माह से भुगतान नहीं होने के कारण आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं ।हाल के वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है। बुजुर्ग कर्मी पैसे के अभाव में अपना इलाज तक नहीं करा पा रहें है। जानकारी देते हुए शहर के अंजबित सिंह कॉलेज के शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के सचिव अक्षय कुमार प्यारे ने कहा कि खुद मेरी मां को पारिवारिक पेंशन मिलता है। लेकिन मेरा वेतन और उसका पेंशन नहीं मिलने के कारण उसका रूटीन चेक अप नहीं करा पा रहें हैं। जबकि वह हार्ट की मरीज है और पेस मेकर पर जिंदा है ।

ऐसे ही सभी कर्मी परेशान हैं। अल्प वेतन भोगी कर्मी किस तरह अपना परिवार चला रहे हैं। इसकी चिंता न ही सरकार को है और न ही विश्वविद्यालय को। हिन्दुओं का महत्वपूर्ण पर्व दुर्गा पूजा की शुरूआत हो चुकी है। कुछ दिनों बाद दिपावली का पर्व भी आएगा। लेकिन अब तक वेतन और पेंशन भुगतान की अनिश्चितता बनी हुई है। शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के सचिव संघ की हैसियत से मेरी मांग है कि दशहरा पर्व को ध्यान में रखते हुए दो तीन दिनों के अंदर भुगतान की व्यवस्था की जाय। अगर विश्वविद्यालय यह काम नहीं कर पाए तो अपने प्राचार्यो को आदेश दे कि तीन माह के वेतन में से 60 से 70 फीसदी के दर से आंतरिक स्त्रोत से भुगतान किया। जहां राशि कम पड़े वहां विश्वविद्यालय अपने कोष से राशि उपलब्ध कराए ताकि दशहरा और दिपावली के अवसर पर भी कर्मियों के घर में अंधेरे नहीं रहें।

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन आरण्य देवी मंदिर में उमड़ी आस्था की भीड़

- संध्या समय महिला एवं युवतियों ने मंदिर मेजलाया दीप
- संध्या आरती के दौरान सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु
- सप्तमी तिथि को माता के भव्य श्रृंगार का होगा दीदार

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार को देवी दुर्गा के तीसरे स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में आज सुबह से ही श्रद्धालु-भक्तों ने पुरे भक्तिभाव से माता का पूजन कर प्रसाद चढ़ाया। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा है। शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में दीप जलाने के लिए महिला-पुरुष भक्तों की भीड़ उमडी रही। यह सिलसिला संध्या 8 बजे तक चलता रहा। दीप जलाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने में मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य एवं स्टाफ काफी सक्रिय दिखे। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि शारदीय नवरात्र को लेकर मां के निमार्णाधीन मंदिर को छोटे-छोटे रंगीन बल्वो से सजावट की गई है। षष्ठी तिथि की रात्रि माता

का भव्य श्रृंगार होगा और मंदिर परिसर में सजावट की जाएगी। सजावट का कार्य कोलकाता के प्रसिद्ध फुल-श्रृंगार कारीगर विश्वनाथ पात्रा उर्फ बोका दादा की टीम द्वारा किया जाएगा। श्रृंगार में देशी-विदेशी फूलों का उपयोग किया जाएगा। सप्तमी तिथि की मंगला आरती के बाद माता का भव्य श्रृंगार भक्तों को दीदार करने का मौका मिलेगा। सप्तमी तिथि से दशमी तिथि तक मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भैरव बाबा के गली के रास्ते मंदिर में प्रवेश करेंगे। वही माता के मंदिर का मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में कार्य करेगा। तीसरे दिन भी श्रद्धालु-भक्त के बीच मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के द्वारा बेसन से निर्मित बुंदिया व मुड़ी प्रसाद के रुप में वितरण किया गया। वही मां आरण्य देवी के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर दान एवं सहयोग देने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। भक्त दिल खोलकर दान कर रहे है। दान देने के पश्चात लोगो ने कूपन व रसीद लिए। क्यूआर कोड तथा चेक के माध्यम से भी श्रद्धालु भक्तों ने माता के भव्य मंदिर निर्माण में सहयोग किया। इस मौके पर ट्रस्ट द्वारा निर्मित संचालन समिति के संतोष कुमार सिंह, अशोक सिंह, अभिषेक मिश्रा उर्फ गोलू मिश्रा, विकास कुमार पांडेय एवं रिशु कुमार उर्फ सोनू आदि सक्रिय है।

दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन का हुआ फ्लैग मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) जिला प्रशासन रोहतास के निर्देश पर दुर्गा पूजा के मद्देनजर दावथपुलिस प्रशासन के द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च।प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा के मद्देनजर विभिन्न पंडालों एवं पूजा समितियां तथा आम जनों के बीच शांति के माहौल का संदेश देने के उद्देश्य से प्रखंड के विभिन्न जगहों से निकाला गया फ्लैग मार्च। यह फ्लैग मार्च लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी त्रिलोकी कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी , अंचलाधिकारी सौरभ कुमार , थाना अध्यक्ष कृपाल जी के नेतृत्व में निकाल गया जहा एस आई,ए एस आई, पुलिस बल भी शामिल रहे। फ्लैग मार्च के उद्देश्य के बारे में पदाधिकारी के हवाले से बतलाया कि यह पर्व 9 दिनों तक चलने वाला है जिसमें अपार भीड़ रहती है ।इसलिए पर्व में किसी तरह का कोई व्यवधान न खड़ा हो ।इसलिए यह जरूरी है कि पुलिस प्रशासन अपने सेवा में तत्पर रहे ।वहीं उन्होंने आमजनों से कहा कि अशांति फैलाने वाले लोगों की कोई खैर नहीं। मालूम हो कि इस बार डीजे पर पूर्णतः बैश है, केवल चोंगे का इस्तेमाल किया जाना है, जिसकी सुचना थाने को देकर लाइसेंस लेना अनिवार्य है ।फ्लैग मार्च में पुलिस एवं प्रशासन कर्मियों के अलावे सभी पदाधिकारी दंडाधिकारी के रूप में शामिल हुए जो दावथ बभनौल,नगर पंचायत कोआथ सहित मालिया बाग, सेमरी आदि जगहों के पूजा पूजा पंडालों का जायजा लिया गया और दुर्गा पूजा के माहौल को शांतिपूर्वक संपन्न कराने का लोगों के बीच संदेश दिया गया। अशांति फैलाते वाले का इस बार खैर नही।

संक्षिप्त खबरें

श्री दुर्गा जी पटवाई जाति सुधार समिति के दुर्गा स्थान आंगन में रामचरित्रमानस का हुआ पाठ

प्रातः किरण संवाददाता

गया। गया जिला के मानपुर प्रखंड स्थति श्री दुर्गा जी पटवाय जाति सुधार समिति के तत्वाधान में दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन प्रत्येक साल हर्ष-उल्लास किया जाता है। इस अवसर पर श्री दुर्गा जी पटवाई जाति सुधार समिति के दुर्गा स्थान आंगन में रामचरित्रमानस का पाठ श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता है। नवाह परायण के आचार्य रघुनंदन शास्त्री ने बताया कि 2016 से रामचरित्र मानस का पाठ श्रद्धालुओं के बीच कर रहा हूं। इस बार लगभग 111 श्रद्धालुओं द्वारा रामायण पाठ नित्य दिन कर रहे हैं. इस रामायण पाठ को पढ़ने वाले श्रद्धालुओं में भक्ति के साथ साथ खुशी देखने को मिल रही है। कई पटवा समाज के लोग ने बताया कि 60 वर्षों से पढ़ते आ रहा है तो कोई, पहली बार भी रामायण पाठ का हिस्सा बना हैं। पटवा जाति सुधार समिति का यह संस्कार ही है कि बच्चे से लेकर बूढ़े तक एक ही साथ रामायण पाठ 9 दिनों तक करते हैं। नित्य पाठ करने वाले श्रद्धालु झन्ना लाल पटवा ने कहा कि रामचरित्र मानस से उन्हें जीवन में, सच्चाई के रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

मगध प्रमंडल आयुक्त ने लंबित मामलों को जल्द निष्पादन करने का दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गया। समाहरणालय सभागार में आयुक्त मगध प्रमंडल एव आईजी मगध रेंज की संयुक्त अध्यक्षता में गया जिला के डीएम एसएसपी सहित अन्य वरीय अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गई है।आयुक्त मगध प्रमंडल ने अनुसूचित जाति एव अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण की समीक्षा किया गया है। आगे बताया गया कि इस वर्ष 349 केस अत्याचार मामले में 276 पीड़ित परिवार को प्रथम किस्त का मुआवजा दिया गया है। 73 मामलों में सेकंड किस्त का भुगतान दिया गया हैं।10 हत्या के मामले में पीड़ित परिवार को सहायता दी जा रही है। इसके अलावा हत्या से संबंधित 64 मामलों में आश्रितों को पेंशन दी जा रही है। आयुक्त मगध प्रमंडल में निर्देश दिया है कि किसी भी मामले में मुआवजा लंबित नहीं रखें, अत्याचार निवारण के लंबित मामलों को पूरी विस्तार से समीक्षा करें। यह कोशिश करें कि अत्याचार से पीड़ित आश्रित परिवारों को पूरी मदद करें। अगले 15 दिनों में जिला कल्याण पदाधिकारी एव पुलिस की ओर से नामित नोडल अधिकारी सह पुलिस उपाधीक्षक हेडक्वार्टर संयुक्त रूप से बैठकर थानावार समीक्षा करें एव जिस थाना से चार्ज शीट प्राप्त नहीं हुआ है।उसे प्राप्त करें।उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिया है कि शराब विनास्तिकरण जब्त वाहनों की नीलामी, शराब में संलिप्त अपराधियों की सुनवाई इत्यादि विभाग की जो समय सीमा निर्धारित है उसी के अंदर हर हाल में सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया है कि दुर्गा पूजा दीपावली जैसे त्योहार के अलावा भी अन्य दिनों में जो भी विभिन्न क्षेत्रों के अपराधी हैं, उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े भू माफिया, शराब माफिया, खनन माफिया को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सीसीए दर्ज करें साथ ही बाउंड डाउन हैवी अमाउंट के साथ करवाये।

आयुक्त मगध प्रमंडल ने जिला पदाधिकारी गया एवं वरीय पुलिस अधीक्षक गया को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष का पितृपक्ष मेला काफी सफलतापूर्वक एवं यादगार रहा है। सभी जगह से व्यवस्थाओं की तारीफे हो रही है इसके लिए तमाम पदाधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं।इस बैठक में डीएम गया, एसएसपी गया, सिटी एसपी, एएसपी टाउन 01, अपर समाहर्ता राजस्व, आयुक्त के सचिव, सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस उपाधीक्षक, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सहायक आयुक्त उत्पाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बच्चों को सीपीआर का मकसद से सांसों को बहाल करने का तरिका बताया गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया। गया के कटारी हिल रोड स्थित शांति निकेतन एकेडमी मे यूएसभी दवा कंपनी के द्वारा सीपीआर का आयोजन किया गया है। कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर एक प्राथमिक चिकित्सा तकनीक है जिसका इस्तेमाल तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रुक जाए तो सीपीआर का मकसद, रक्त का संचार आसानी से कराना और सांस को बहाल करना होता है। सीपीआर से किसी की जान बचाई जा सकती है और यह एक ऐसा कौशल है जिसे हर कोई सीख सकता है।इसे विद्यालय के चेयरमैन हरिप्रपन्न, प्राचार्य अनम शहरीन के उपस्थिति मे शहर के प्रख्यात चिकित्सक डॉक्टर नीरज कुमार के द्वारा अभ्यास कराया गया एवं कार्यक्रम को संबोधित किये है।

जिलाधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया शांति समिति की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई । जिला शांति समिति की बैठक शनिवार 05 अक्टूबर को समाहरणालय स्थित जिला संवाद कक्ष में जिलाधिकारी, श्रीमती अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, चंद्र प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर समाहर्त्ता सुभाषचंद्र मंडल अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन, जमुई जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी अंचल पदाधिकरी सभी थाना प्रभारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत, पीएचईडी,ग्रामीण कार्य प्रमंडल एवं नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से एवं सौहार्द पूर्ण ढंग से संपादित होने तथा जिले में विधि व्यवस्था को अनुपालित कराने के उद्देश्य से शांति समिति एवं पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक आहूत की गई '

शांति समिति के बैठक में विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों द्वारा बताया गया कि मेले में दुर्गा पूजा त्योहार में भीड़ को कंट्रोल करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, चलंत टॉयलेट, संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की आवश्यकता है '

जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा द्वारा बताया गया कि संबंधित पदाधिकारियों को सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं ड्रोन के संचालन हेतू निर्देश दिया गया । जिलाधिकारी महोदया ने आगामी दुर्गा पूजा त्यौहार को गंभीरता पूर्वक लेते हुए सिविल सर्जन जमुई को निर्देशित किया कि वे पूजा स्थलों के पास मेडिकल कैंप तथा एंबुलेंस की व्यवस्था करें '

साथ ही, पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश ने उपस्थित सभी पूजा समितियों के सदस्यों से कहा कि इस दौरान किसी के द्वारा सेलिब्रेटरी फायरिंग ना हो, यह उनकी जिम्मेवारी है ' उन्होंने यह भी कहा कि मूर्ति विसर्जन निर्धारित समय पर किया जाय।

इसके अलावा, सभी पूजा समिति के द्वारा पंडाल के समीप कंट्रोल रूम की स्थापना करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश ने जिले के सामान्य एवं बुद्धिजीवी व्यक्तियों से दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखने में जिला प्रशासन की मदद करने का आह्वान किया है।

दशहरा आयोजन समिति के साथ की बैठक जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गया। 03 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 12 अक्टूबर तक चलने वाले दुर्गा पूजा के साथ साथ 12 अक्टूबर को गांधी मैदान गया में विजयदशमी के तिथि में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती द्वारा संयुक्त रुप से गांधी मैदान में दशहरा आयोजन कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक एव निरीक्षण किया गया है।इस दशहरा आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि विजयदशमी की तिथि में रावण दहन कार्यक्रम के पहले गया रेलवे स्टेशन से दोपहर 2:00 बजे से शोभायात्रा प्रारंभ होता है, जो गोल पत्थर, जीबी रोड, काशीनाथ होते हुए संध्या 4:00 बजे के आसपास गांधी मैदान में पहुंचता है। शोभायात्रा में शामिल भगवान राम, सीता माता तथा अन्य देवी देवताओं का रूप बनाकर शोभायात्रा के शामिल लोग द्वारा रावण वध किया जाता है। उसके पश्चात संध्या 5:00 बजे के आसपास रावण दहन का कार्यक्रम प्रारंभ होते हुए 15 से 20 मिनट में समाप्त हो जाता है।जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को निर्देश दिया कि रावण दहन के पुतलो के बीच का रास्ता पूरी मजबूती से बेरीकटिंग करावे ताकि कोई भी व्यक्ति उस रावणदहन के डी-एरिया में प्रवेश ना कर सके। जिला पदाधिकारी ने दशहरा आयोजन समिति को स्पष्ट निर्देश दिया कि आतिशबाजी का कार्य एक्सपोर्ट व्यक्ति से ही करावे। इसके साथ ही पर्याप्त संख्या में सेंड बैग रखें आतिशबाजी से संबंधित पूरी प्रिकॉशन को पालन करें ताकि कोई भी छोटी से छोटी घटना ना हो सके। जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि गांधी मैदान में रावण वध कार्यक्रम की स्थिति में अत्यधिक भीड़ एकत्रित होने की संभावना को देखते हुए पर्याप्त संख्या में लाइट तथा पर्याप्त रोशनी हेतु अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करवाने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान के अंदर जहां पर ही उबड़ खाबड़ रास्ता है उसे समतल करावे। इसके साथ ही गांधी मैदान से जितने भी एंट्रेंस वाले रास्ते हैं सभी स्थानों पर जंगल झाड़ को साफ करावे।कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि लोगों का भीड़ एक जगह एकत्रित ना हो तथा भीड़ को नियंत्रण के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर वॉच टावर के साथ-साथ यथासंभव निरीक्षण करते हुए पूरी मजबूती बैरिकेडिंग करवाएं।

पाटलिपुत्र-हाजीपुर के रास्ते दानापुर और वैशाली के मध्य मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु पाटलिपुत्र-हाजीपुर के रास्ते दानापुर और वैशाली के मध्य 07 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक एक जोड़ी मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 03306/03305 का परिचालन किया जायेगा । इस स्पेशल का परिचालन गाड़ी सं. 03231/03232 राजगीर-दानापुर-राजगीर मेमू पैसेंजर स्पेशल के रेक द्वारा किया जायेगा ।

गाड़ी सं. 03306 दानापुर-वैशाली मेमू पैसेंजर स्पेशल 07अक्टूबर से 31 दिसंबर प्रतिदिन दानापुर से 10.15 बजे खुलकर 10.30 बजे पाटलिपुत्र, 10.46 बजे दीघाब्रिज हाल्ट, 11.00 बजे भरपुरा पहलेजा घाट, 11.12 बजे सोनपुर, 11.25 बजे हाजीपुर, 11.40 बजे घोस्वर, 11.52 बजे हरौली फतेहपुर, 12.04 बजे घटारो हाल्ट एवं 12.12 बजे लालगंज रूकते हुए 13 बजे वैशाली पहुंचेगी ।

वापसी में, गाड़ी सं. 03305 वैशाली-दानापुर मेमू पैसेंजर स्पेशल 07अक्टूबर से 31दिसंबर तक प्रतिदिन 13.15 बजे वैशाली से खुलकर 13.32 बजे लालगंज, 13.40 बजे घटारो हाल्ट, 13.52 बजे हरौली फतेहपुर, 14.04 बजे घोसवर, 14.15 बजे हाजीपुर, 14.30 बजे सोनपुर, 15.15 बजे भरपुरा पहलेजा घाट, 15.27 बजे दीघाब्रिज हाल्ट, 15.50 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 16.40 बजे दानापुर पहुंचेगी ।

शिक्षा विभाग के असैनिक निर्माण कार्यों की हुई समीक्षाःडीएम

प्रातः किरण संवाददात

अरवल। जिला पदाधिकारी के द्वारा शिक्षा विभाग के असैनिक निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में विडीयोकॉफ्रेंसिंग के माध्यम से अरवल जिले सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित हुयें। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्त्तमान में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 175 असैनिक योजनाओं का कार्य प्रारंभ है एवं 207 असैनिक योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त है। जिसका निविदा आमंत्रित किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग के 401 नयी योजनाओं का चयन किया गया। योजना एवं विकास विकास विभाग को कुल 40 योजना, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को कुल 37 योजना, एवं बिहार शिक्षा परियोजना को कुल 205 योजना तथा 119 योजना का क्रियान्वयन प्रधानाध्यापक के स्तर से पूर्ण कराने का निदेश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। साथ ही निदेश दिया गया कि पूर्व में स्वीकृत सभी योजनाओं का कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ करें। पूर्व से 60 किचेन शेड का निर्माण कार्य पूर्ण प्रधानाध्यापक द्वारा कराया जाना था, समीक्षा के दौरान कुछ प्रधानाध्यापक द्वारा किचेनशेड का निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वैसे प्रधानाध्यापक जिन्होंने किचेनशेड निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करायें हैं वैसे प्रधानाध्यापक को चिन्हित कर स्पष्टीकरण के उपरान्त आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करें तथा जिन विद्यालयों में भूमि की आवश्यकता है की सूची तैयार कर सोमवार तक उपलब्ध करायें। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी को ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। पेयजल निर्माण कार्य लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, नये किचेनशेड एवं चाहरदीवारी का निर्माण कार्य योजना एवं विकास विभाग एवं शेष अन्य कार्य शिक्षा विभाग के द्वारा कराने का निदेश दिया गया।

बैठक में श्रीमती बिन्दु कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्री नीरज कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, श्री दीपक कुमार सिन्हा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, योजना एवं लेखा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

19 को राज्य सम्मेलन की सफलता को लेकर स्वच्छता कर्मचारी यूनियन ने की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल)बिहार स्वच्छता कर्मचारी यूनियन कुर्था प्रखंड कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के सचिव राम सिंहासन कुमार ने किया। बैठक का मुख्य एजेंडा कर्मचारी यूनियन का 21वां बिहार राज्य सम्मेलन की सफलता थी। उपस्थित सदस्यों ने पटना के आईएमए हाल में आयोजित 19 अक्टूबर को राज्य सम्मेलन के खुले सत्र में भारी संख्या में शामिल होने का संकल्प लिया। साथ ही साथ संगठन के नेताओं ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार सरकारी उद्योगों का निजीकरण कर रही है। रेल, बैंक, बीमा, सड़क, हवाई अड्डा तमाम चीजों का निजीकरण किया जा रहा है। वही स्कीम वर्कर्स को नहीं तो सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिला है और नहीं न्यूनतम मजदूरी मिलती है। तमाम सवालों को लेकर हर क्षेत्र के मजदूर संगठित आंदोलन तेज करने का आह्वान किया।

बैठक को एआईयूटीयूसी के राज्य सचिव सूर्यकर जितेंद्र राज्य कमेटी सदस्य गोविंद कुमार तथा बिहार स्वच्छता कर्मचारी यूनियन के उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन में स्वच्छता कर्मियों की छंटनी पर रोक लगाने, न्यूनतम मजदूरी देने, सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग उठाई जाएगी।

डीएम ने अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

प्रातः किरण संवाददात

अरवल। समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के द्वारा अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं को लेकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। साथ ही जन जागरूकता के माध्यम से समाज में बेटा और बेटी के बीच हो रहे भेदभाव को खत्म करने में सहायता मिलेगी एवं समाज में बेटियों को सशक्त भी बनाया जायेगा।

सभी चौक चौराहों पर जन जागरूकता रथ द्वारा प्रचार प्रसार किया जायेगा। यह कार्यक्रम 05 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2024 तक आयोजित की जायेगी। मौके पर जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज ने मनाया प्री-नवरात्रि डांडिया उत्सव

प्रातः किरण संवाददाता

गया।इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज ने अपने सदस्यों के साथ प्री-नवरात्रि डांडिया उत्सव का आयोजन ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल में किया है। यह कार्यक्रम उत्साह और उमंग से भरपूर रहा, जिसमें क्लब के सभी सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं।

डांडिया की धुनों पर सदस्यों ने रंग-बिरंगे परिधानों में पारंपरिक गरबा और डांडिया रास का आनंद लिया है।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी सौहार्द्र और सदस्यों के बीच भाईचारे को प्रोत्साहित करना था।

क्लब की अध्यक्ष डॉ तेजस्वी नंदन ने सभी का स्वागत करते हुए इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि यह न केवल हमारी संस्कृति को जीवित रखने का तरीका है।

बल्कि एकजुटता और उत्सव के माहौल को भी बढ़ावा देता है।इस कार्यक्रम में पीडीसी अंजना पोद्दार , पीडीसी किरण प्रकाश , स्मिता पोद्दार, अर्चना गोइंका, क्लब की सचिव मधु प्रिया एवं कई अन्य सदस्य मोहजूद थे।सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और इसे एक यादगार शाम बिताई गई है।

दुर्गा पूजा समिति का अग्निशमन सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित ध्यान देने योग्य बातों की दी गई जानकारी

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। अग्निशामालय जिला अतंर्गत प्रभारी अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी द्वारा दुर्गा पुजा समिति भदासी , जगदेव चौक करपी, सिपाह महावीर चौक अरवल, वासिलपुर , परसादी ईगंलिस , दुर्गा पुजा समिति रोहाइ , तेर्रा , उनैराबाद , सब्जी बाजार दुर्गा स्थान अरवल, बारा , कोरियम चौकी, बैदराबाद मुरादपुर चौकी, भगवाधारी नवनियुक्त संघ अहियापुर लख, बैदराबाद इंगलिश, माँ दूर्गा पूजा समिति बाजार करपी, पंडालों का निरीक्षण किया गया, साथ ही अग्निक कर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में नगला दूर्गा स्थान पुरानी किंजर , दूर्गा स्थान बीच बाजार किंजर, दुर्गा पूजा समिति सम्हरिया, जगदम्बा स्थान बस स्टैड़ करपी, दूर्गा पंडाल मेहन्दिया , दुर्गा पुजा समिति अंगनुर, देवी स्थान रामपुर चौरम, मछली मार्केट मानीकपुर, शकुराबाद मोड़ कुर्था , माँ दुर्गा पुजा समिति विरेन्द्र विद्रोही चौक कुर्था, मोतेपुर , जयपुर उच्च विद्यालय प्रांगण में, भव्य माँ दुर्गा पूजा समिति शहर तेलपा, बड़ी देवी जी आदर्श दुर्गा पूजा समिति कुर्था, श्री दुर्गा पूजा समिति उसरी बाजार, दुर्गा पुजा समिति वेलाव , करपी रोड इमामगंज , चंदा बाजार , शंकर मंदिर वंशी पंडालों का निरीक्षण किया गया। दुर्गा पूजा पंडाल आयोजको, प्रबंधको, पडाल निमार्ताओं को दुर्गा पूजा में अग्नि सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित ध्यान देने योग्य बातों के संबंध में सुझाव दिया गयाः-

क्या नही करना है

> पंडाल निमार्ता पंडाल हमेशा भारतीय मानक ब्यूरो 1.58758-1993 के अनुरूप हीं बनायें। > फायर रिटारडेन्ट सोल्युशन में उपचारित किया हुआ सूती कपड़े का पंडाल बनाया जाय। > अग्नि निरोधक घोल हेतु सामाग्री की भाग का अनुपात,। अमोनिया सल्फेट-4 भाग (मात्रा से) 1 भाग (मात्रा से) ५ एलम-2 भाग (मात्रा से) > पंडाल के प्रत्येक 100 वर्गमीटर,अमोनिया कार्बोनेट-4 भाग (मात्रा से) बोरिक एसिड-1 भाग (मात्रा से) पानी-35 भाग (मात्रा से) स्थान पर

अग्निशमन यंत्र 09 लीटर क्षमता की अवश्य लगाये। पंडाल निर्माण रेलवे लाईन, विद्युत सब स्टेशन, चिमनी या भट्ठे से कंम-से-कम 15 मीटर की दूरी पर हो।

पंडाल के चारो तरफ 4-5 मीटर खुला स्थान अवश्य रखे।

दशरथ की अनुमति से राम लक्ष्मण को साथ ले गए विश्वामित्र तीसरे दिन का लीला का मंचन वृंदावन की मंडली के द्वारा किया गया

मंचन में कलाकारों ने विश्वामित्र के दिए गए अध्यात्मिक ज्ञान और अस्त्र-शस्त्र की विधा से प्रभु श्री राम द्वारा ताड़का के वध का सजिव चित्रण किया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा भोजपुर ।शारदीय नवरात्र के अवसर पर 18 दिवसीय रामलीला का आयोजन 400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति के तत्वाधान में आज तीसरे दिन का लीला का मंचन वृंदावन की मंडली के द्वारा किया गया आज की लीला में रामजन्म विश्वामित्र आगमन और ताड़का वध का मंचन किया गया सर्वप्रथम विशेष अतिथियों और समिति के सदस्यों द्वारा आरती का कार्यक्रम किया गया .

आज दर्शकों ने राजा दशरथ से विश्वामित्र के द्वारा राम और लक्ष्मण की मांग को देखा गया. ऋषि वशिष्ठ के द्वारा अनुमति मिलने पर राजा दशरथ ने राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ विदा कर दिया मंचन में कलाकारों ने दिखाए की विश्वामित्र के दिए गए अध्यात्मिक ज्ञान और अस्त्र-शस्त्र की विधा के द्वारा प्रभु श्री राम ने ताड़का का वध किया तड़का महर्षि अगस्त्य के आश्रम को तहस-नहस करने पर लगी थी जिससे सभी ऋषि मुनि परेशान थे क्योंकि ताड़का का वध प्रभु श्री राम के द्वारा लिखा हुआ था इसलिए महर्षि विश्वामित्र के द्वारा राजा दशरथ से प्रभु श्री राम को साथ ले जाने की अनुमति लेनी पड़ी, अध्यक्ष सोनू राय ने कहा कि आज के माता-पिता को भी अपने बच्चों को एक अच्छे गुरु के पास शिक्षा लेने के लिए भेजना चाहिए, जिससे वह अपनी देश और समाज की रक्षा कर सके, प्रभु राम के आदर्श एवं उनके मार्गदर्शन से ही आजकल के बच्चों का भविष्य संवरेगा!

उपाध्यक्ष सनी शाहाबादी ने कहा कि इस बार का देवी जागरण भव्य और आकर्षण होगा शहर वासियों को एक अच्छी मंडली द्वारा मां का जागरण देखने को मिलेगा उन्होंने भविष्य में भी रामलीला को लेकर अपने सुझाव दिए. मंच संचालन दिलीप गुप्ता ने किया आज के मुख्य अतिथि थे पूर्व एमएलसी लाल दास राय, सिविल सर्जन भोजपुर शिवेंद्र कुमार सिन्हा, राममूर्ति प्रसाद ,सुश्री विभा , जिला परिषद के सदस्य धनंजय यादव, रिटायर्ड जज अरुण कुमार श्रीवास्तव, विजय सिंह ,अरुण यादव पूर्व जिला परिषद, शैलेंद्र राम पूर्व जिला परिषद, डॉ रवि रंजन डीपीएम भोजपुर, अश्वनी कुमार ,नागेंद्र चौधरी, आलोक अंजन, विभु जैन, रतन प्रताप सिंह रघुवंशी ,संरक्षक मंडल में श्री 1008 श्रीरामकिंकर दास जी महाराज, रामेश्वर प्रसाद, ,हकीम प्रसाद , सचिव शंभू नाथ प्रसाद, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, शंभू नाथ केसरी ,प्रवक्ता पंकज प्रभाकर और समिति के सभी सदस्य आज मौजूद थे ।

टिकारी के संडा गांव में कलाकारों द्वारा बहेगी भक्ति- संगीत की बयार

आयोजकों ने कार्यक्रम में डॉ बीडी शर्मा को किया आमंत्रित

प्रातः किरण संवाददाता

गया। दशहरा के अवसर पर टिकारी अनुमंडल के संडा गांव में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से भव्य दुर्गा पूजा मनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।गांव में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि- विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। सप्तमी तिथि को मां का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। महा अष्टमी को निशा पूजा और महानवमी को वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच हवन-पूजन होगी इसके बाद विशाल भंडारा का आयोजन होगा। निरंतर 5 दिनों तक माता रानी की पूजा-अर्चना पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से की जाएगी।

आयोजन समिति के सदस्य कुणाल कुमार और अशोक कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर को बाबा सोमेश्वर नाथ धाम संडा में दशहरा के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भोजपुरी की सुपरहिट गायिका दीपिका ओझा और सुप्रसिद्ध गायक गोलू राजा द्वारा एक से बढ़कर एक धार्मिक भजनों की माला प्रस्तुत कर दर्शकों को सराबोर करेंगे।

इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर समिति के सदस्य शनिवार को प्रसिद्ध नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ युवा समाजसेवी डॉ बीडी शर्मा से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में बतौर अतिथि आमंत्रित किया है। डॉ बीडी शर्मा ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि टिकारी विधानसभा क्षेत्र में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करना आपसी भाईचारे और सौहार्द को संदेश देता है। इससे लोगों में एकता बनी रहेगी। दशहरे का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का महापर्व है। बुराई को त्याग कर अच्छाई पर चले तभी दशहरा पर मनाने की सार्थकता होगी। उन्होंने टिकारी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के खुशहाली और तरक्की के लिए माता रानी से कामना की है।

संसेक्स
81815.46 पर बंद
निफ्टी
25041.53 पर बंद

सोना
75,010
चांदी
95,651

गजब का म्यूचुअल फंड: 10000 के निवेश ने बना दिया करोड़पति



नई दिल्ली, एजेंसी। बीते कुछ साल से निवेशकों का रुझान शेयर बाजार की ओर से बढ़ रहा है। ज्यादातर निवेशक शेयरों की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। वहीं, कुछ निवेशक म्यूचुअल फंड योजनाओं में भी निवेश को प्राथमिकता देते हैं। यदि आप किसी म्यूचुअल फंड योजना में निवेश करते हैं और लंबे समय तक होल्ड बनाए रखते हैं तो एकमुश्त निवेश करके आप जितना कमाते हैं, उससे कहीं अधिक रिटर्न मिलेगा। आज हम आपको एक ऐसी म्यूचुअल फंड स्कीम के बारे में बताएंगे जिसने निवेशकों को चौंकाने वाला रिटर्न दिया है। ऐसी ही म्यूचुअल फंड स्कीम- सुंदरम फोकस्ड फंड है। नवंबर 2005 में लॉन्च होने के बाद से इस फंड ने निवेशकों को मालामाल किया है। आपने पिछले एक साल में सुंदरम फोकस्ड फंड में एसआईपी के माध्यम से हर महीने 10000 का निवेश किया था तो 12 महीने में यह निवेश 1.20 लाख का हो जाता है। वहीं, रिटर्न बढ़कर 1.44 लाख हो गया होगा। यह पिछले एक साल में 40.50 प्रतिशत के रिटर्न को दिखाता है। यही निवेश तीन साल की लगातार अवधि के लिए किया जाता तो 3.6 लाख का निवेश करने पर निवेश बढ़कर 5.13 लाख हो जाता है। यह 24.45 प्रतिशत के रिटर्न को दिखाता है।

अडानी की एनर्जी कंपनी ने की बड़ी डील, एक्सपर्ट ने कहा- मुनाफे के लिए खरीद लो

नई दिल्ली, एजेंसी। गौतम अडानी समूह की कंपनी- अडानी ग्रीन एनर्जी ने एक बड़ी डील की है। अडानी ग्रीन एनर्जी ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी द्वारा बिजली खपत समझौते की घोषणा की है। इस खबर के बाद अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में तेजी आई। अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर दिन के निचले स्तर 1,778.65 रुपये से 3.31 प्रतिशत बढ़कर 1,837.55 रुपये पर पहुंच गए। हालांकि, इसके बाद अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर में मुनाफावसूली देखी गई। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह शेयर 0.37 प्रतिशत टूटकर 1801.85 रुपये पर बंद हुआ। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि अडानी ग्रीन एनर्जी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडानी रिन्यूएबल एनर्जी 3 ने एक कॉमर्शियल और इंडस्ट्रियल कस्टमर को ग्रीन पावर की आपूर्ति के लिए बिजली खपत समझौता किया है। पावर की आपूर्ति गुजरात के खावड़ा में स्थित 61.4 मेगावाट के नए रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट से की जाएगी। बिजनेस टुडे की खबर के मुताबिक पिछले महीने दिग्गज एक्सपर्ट इन्वेस्टेक ने भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी पर अपना कवरेज शुरू किया। इसमें कहा गया कि कंपनी एफवाय30 तक अपनी स्थापित क्षमता में 5 गुना वृद्धि करके 50जीडब्लू+ करने के लिए तैयार है। इस कंपनी के शेयर के लिए एक्सपर्ट ने खरीद रेटिंग दी है और टारगेट प्राइस 2,515 रुपये तय किया है।

फॉरेक्स रिजर्व पहली बार 700 अरब डॉलर के पार

भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार 700 अरब डॉलर को पार कर गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार 27 सितंबर को समाप्त हफ्ते के दौरान 12.5 बिलियन डॉलर बढ़कर 704.89 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2024 में अब तक 87.6 अरब डॉलर बढ़ चुका है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष (2023) की कुल वृद्धि 62 अरब डॉलर के आंकड़े को सितंबर महीने में ही पार कर चुका है।

चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद भारत 700 अरब डॉलर के भंडार को पार करने वाली विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश 2013 से अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने पर जो दे रहा है। यह चलन तब शुरू हुआ था, जब कमजोर वृहद आर्थिक परिदृश्य के कारण विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसा निकालता शुरू कर दिया था। इससे पहले, 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का फॉरेक्स रिजर्व 2.8 बिलियन डॉलर बढ़कर 692.3 बिलियन डॉलर हो गया था। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 10.4 अरब डॉलर बढ़कर 616 बिलियन डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त, एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में वृद्धि या कमजोरी का प्रभाव शामिल रहता है।

वहीं, समीक्षाधीन हफ्ते के दौरान सोने के भंडार में दो अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई और यह 65.7 अरब डॉलर हो गया। उक्त सप्ताह के दौरान एसडीआर (विशेष आहरण अधिकार) में आठ मिलियन डॉलर की मामूली वृद्धि देखी गई और यह 18.547 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान आईएमएफ में रिजर्व की स्थिति 71 मिलियन डॉलर घटकर 4.3 अरब डॉलर रह गई। बैंक ऑफ अमेरिका के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मार्च 2026 तक 745 अरब डॉलर तक बढ़ जाएगा, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक को रुपये को प्रभावित करने की अधिक संभावित शक्ति मिलेगी।

बैंक ऑफ अमेरिका ने आरबीआई पर की ये टिप्पणी

ब्लूमबर्ग ने बैंक ऑफ अमेरिका के विश्लेषकों राहुल बाजोरिया और अभय गुप्ता के हवाले से बताया है कि मौद्रिक प्राधिकरण आकस्मिक बाहरी जोखिमों के खिलाफ बफर बनाने की अपनी इच्छा के कारण बड़े विदेशी मुद्रा भंडार रखने के बारे में निश्चिंत है। उन्होंने कहा कि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में पर्याप्तता अन्य प्रमुख उभरते बाजारों की तुलना में मजबूत प्रतीत होता है, लेकिन जरूरी नहीं कि यह बहुत अधिक हो। यह राशि रुपये को बाहरी झटकों के खिलाफ स्थिरता प्रदान करती है। आरबीआई अपने भंडार का उपयोग रिकॉर्ड निचले स्तर के करीब मंडरा रही भारतीय मुद्रा में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को सीमित करने के लिए करता है। आरबीआई समय-समय पर रुपये में भारी गिरावट को रोकने के लिए डॉलर की बिक्री सहित तरलता प्रबंधन के माध्यम से बाजार में हस्तक्षेप करता है। आरबीआई विदेशी मुद्रा बाजारों पर बारीकी से नजर रखता है और किसी पूर्व-निर्धारित लक्ष्य स्तर या बैंड को ध्यान में रखे ना, विनिमय दर में अत्यधिक अस्थिरता को नियंत्रित करके केवल व्यवस्थित बाजार स्थितियों को बनाए रखने के लिए अपनी ओर से हस्तक्षेप करता है।

स्विगी से अब 10 मिनट में मिलेगा खाना, कंपनी शुरू की बोल्ड सर्विस

नई दिल्ली, एजेंसी। फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी अब 10 मिनट में खाना पहुंचाएगा। कंपनी के सीईओ रोहित कपूर में शुक्रवार को लिंक्डइन पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। स्विगी ने बोल्ट सर्विस शुरू की है। इसके जरिए ग्राहकों को कंपनी 10 मिनट में खाना पहुंचाने की बात कर रही है। फिलहाल यह सर्विस देश के कुछ शहरों में उपलब्ध होगी। रोहित कपूर के पोस्ट के अनुसार शुक्रवार को कंपनी ने कुछ शहरों में बोल्ट सर्विस का ट्रायल भी किया। बता दें, स्विगी अपना आईपीओ लाने जा रही है। स्विगी की यह बोल्ट सर्विस फिलहाल 6 शहरों में मिलेगी। बेंगलुरू, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई, दिल्ली और पुणे में लोग इसी सुविधा लोगों को मिलेगी। यानी इन शहरों के लोग अब 10 मिनट की बोल्ट सर्विस का फायदा उठा पाएंगे। बोल्ट ग्राहकों के दो किलोमीटर के दायरे में चुनिंदा रेस्तराओं से तेजी के साथ भोजन पहुंचाता है। बता दें, आने वाले समय में इसे कंपनी अन्य शहरों तक विस्तार देने की योजना बना रही है।

ईजमाईट्रिप ने मालदीव के लिए फिर से शुरू की सर्विस, तनाव की वजह से लगाई थी रोक

नई दिल्ली, एजेंसी। यात्रा टिकट बुकिंग के ऑनलाइन मंच ईजमाईट्रिप ने मालदीव के लिए उड़ानों की बुकिंग सेवा बहाल कर दी है। कंपनी ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार आने के बाद उसने बुकिंग बहाल करने का फैसला किया है। ईजमाईट्रिप ने इस साल जनवरी में मालदीव के भारत के साथ विवाद में उलझने पर मालदीव के लिए उड़ानों की बुकिंग रोक दी थी। बता दें कि मालदीव के तीन मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप की यात्रा के बाद उनके बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। ईजमाईट्रिप के को-फाउंडर निशांत पिट्टी ने कहा कि भारत-मालदीव द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने में दोनों सरकारों की तरफ से सकारात्मक प्रगति को देखते हुए हम मालदीव के लिए बुकिंग बहाल कर रहे हैं। यह निर्णय सजग विचार-विमर्श और मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल और हमारे कार्यालय के साथ रचनात्मक बातचीत के बाद लिया गया है। ईजी ट्रिप प्लानर्स के प्रवर्तकों में से एक निशांत पिट्टी ने ओपन मार्केट ट्रांजैक्शन के जरिये कंपनी में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी 920 करोड़ रुपये में बेच दी।

हो सकता है 50 हजार करोड़ रुपए का कारोबार, भारतीय उत्पादों की बढ़ी मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। देश भर में नवरात्रि ,रामलीला, गरबा और डांडिया जैसे उत्सवों, जो हर वर्ष देश भर में दस दिन तक मनाए जाते हैं। इन उत्सवों के चलते इस बार बार व्यापारिक गतिविधियों में बड़ा उछाल देखने को मिल रहा है। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के एक अनुमान के मुताबिक अगले दस दिनों में देश भर में लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार होने की संभावना है। अकेले दिल्ली में ही लगभग 8,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार होगा। इन उत्सवों के दौरान बाजारों में रौनक बढ़ने की उम्मीद है, जिससे व्यापारियों को काफी फायदा होगा।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि त्यौहारों में खरीदी की विशेष बात यह है कि बिक्री किया जाने वाले ज्यादातर भारतीय उत्पाद ही होंगे। अब लोगों का चीन से बने सामानों से मोहभंग हो चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश भर में भारतीय सामानों की गुणवत्ता को बढ़ाया है और अब भारत में बने सामान किसी भी विदेशी सामान से बेहतर हैं और यही कारण है कि उपभोक्ता का रुझान अब भारतीय वस्तुओं की खरीदी पर ही है। देश भर में नवरात्रि, रामलीला, गरबा और डांडिया जैसे एक लाख से ज्यादा छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनसे लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। इस साल इन त्योहारों का समापन विजयदशमी, दुर्गा विसर्जन, करवा चौथ, धनतेरस, दीपावली, भाई दूज, छठ पूजा और तुलसी विवाह तक चलेगा। व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधि प्रवीण खंडेलवाल के अनुसार, अकेले दिल्ली में ही लगभग एक हजार से अधिक रामलीलाएं होती हैं

किया ने ईवी9 और कार्निवल लेमोज़िन के लॉन्च के साथ पेश किया केआईएन 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन

नई दिल्ली, एजेंसी। मशहूर प्रीमियम कार निर्माता कंपनी किया ने एक बार फिर अपनी 2.0 ट्रांसफॉर्मेशन रणनीति के साथ भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर को नए अंदाज में पेश करने के लिए दूरदर्शी नजरिया अपनाया है। किया 2.0 कंपनी के वाहनों में डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करने पर फोकस किया गया है, जो भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नये बदलाव की शुरुआत करता है। कंपनी ने एकदम नई तकनीकों के साथ इस बदलाव को शुरू करने के लिए भारत में ईवी9 और कार्निवल लेमोज़िन को लॉन्च किया है। इस तरह, कंपनी ने इंडस्ट्री में बदलाव लाने वाली अपनी छवि को और निखारा है।

किया 2.0 में महत्वपूर्ण इनोवेशन किए गए हैं, जिसमें किया कनेक्ट 2.0 और एडवांस्ड व्हीकल टू एव्रीथिंग (वी2एक्स) तकनीक शामिल है। किया कनेक्ट 2.0 का मतलब है कि किया का अपडेटेड कनेक्टेड कार प्लैटफ़ॉर्म कई नए इनोवेशन के दरवाज़े खोलता है। नया प्लैटफ़ॉर्म न केवल मैप के लिए बल्कि वाहन डायग्नोस्टिक के लिए भी कंट्रोलर ओटीए (ओवर द एयर) अपडेट सुविधा देता है। किया कनेक्ट 2.0 के तहत दिया गया ओटीए, किया को 44 और 27 कंट्रोलर मॉड्यूल के साथ रिमोट पर लेकर नए लॉन्च किए गए ईवी9 और कार्निवल लेमोज़िन में गड़बड़ी का पहचान और सॉफ्टवेयर अपडेट करने की सहूलियत देता है।

सीग्राम रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने क्रिकेट आइकन सूर्य कुमार यादव के साथ उत्सव अभियान सेलिब्रेटलर्ज लॉन्च किया

HUM HAIN GENERATION LARGE.
HUMAARA HAR CELEBRATION LARGE.
ROYAL STAG
PACKAGED DRINKING WATER
IT'S OUR LIFE. WE LIVE IT LARGE.
SCAN QR OR VISIT WWW.ROYALSTAGFAN.COM TO MAKE YOUR CELEBRATIONS LARGE WITH SURYA KUMAR YADAV. ALSO, WIN EXCITING GOODIES.*
*T&Cs Apply. For T&Cs visit: www.royalstagfan.com

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में उत्सव के जोश को शुरू करते हुए, रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने नया अभियान सेलिब्रेटलर्ज पेश किया है। यह अभियान दिखाता है कि आज की युवा पीढ़ी विभिन्न उत्सवों को अपनी अनूठी शैली और ऊर्जा से कैसे संजो कर रखना चाहती है। अभियान का टैगलाइन - जनरेशन लार्ज का सेलिब्रेशन लार्ज इस युवा पीढ़ी की इच्छा को ब्रांड की 'लिव इट लार्ज' फिलॉसफी के साथ बखूबी जोड़ता है। इस अभियान की विशेषता भारत के टी20 क्रिकेट कप्तान सूर्यकुमार यादव है और यह एक एंगेजमेंट-केन्द्रित 360 डिग्री का अभियान है, जिसमें एक इंटरैक्टिव एआई फिल्म, एक अभिनव एआर -सक्षम उत्सवी कैनवास और भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार सूर्यकुमार यादव के साथ मनाने का अवसर शामिल है। एफसीबी इंडिया के साथ साझेदारी में तैयार किए गए इस अभियान का हर टचपॉइंट युवाओं को लिव इट लार्ज की प्रेरणा देने और उनके उत्सव को एक नए स्तर पर ले जाने का लक्ष्य रखता है। अभियान की फिल्म विभिन्न क्षेत्रों में सभी प्रमुख उत्सवों को खूबसूरती से दर्शाती है और दर्शकों को सूर्यकुमार यादव के साथ सेलिब्रेटलर्ज करने के लिए आमंत्रित करती है। पुरे अनुभव को आज के युवाओं, यानी डिजिटल नेटिव्स, को ध्यान में रखते हुए क्यूरेट किया गया है, ताकि उन्हें एक सरल यूजर जर्नी प्रदान की जा सके। रीजनरेटिव एआई की शक्ति का उपयोग एसकेवाई के साथ एक अद्वितीय व्यक्तिगत उत्सव अनुभव बनाने के लिए किया गया है। क्रिकेटर से एआई -निर्मित व्यक्तिगत शुभकामनाएं भी समग्र उपभोक्ता अनुभव में एक रोमांचक तत्व जोड़ती हैं।

'हंगामा' ने अपने नए सस्पेंस-थ्रिलर 'रेड रूम' को लॉन्च किया

मुंबई एजेंसी। भारत के सबसे बेहतरीन एंटरटेन्मेंट प्लैटफ़ॉर्म में शुमार 'हंगामा'ने अपने नए सस्पेंस-थ्रिलर 'रेड रूम' को लॉन्च किया। इस शो के जरिए बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री डेज़ी शाह अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। इस बेहद दिलचस्प सीरीज में उनके साथ अमित गौर, अनुज सचदेव, रीना अग्रवाल और रीवा चौधरी भी दिखाई देंगे। इस सीरीज के में हैरतअंगेज रहस्य, मनोवैज्ञानिक उलझन और भावनात्मक नाटकीयता से दर्शकों का सामना होगा। हर नए मोड़ और नई घटना के सामने आने के साथ ही इस सीरीज में दर्शकों की दिलचस्पी हर एपिसोड के साथ बढ़ती जाएगी। 'रेड रूम' की रहस्य भरी और दिलचस्प कहानी टिया के इर्द-गिर्द घूमती है और इस किरदार को डेज़ी शाह ने निभाया है। टिया की नजर एक ऐसे नाइटक्लब पर पड़ती है जो अपने यहां आने वाले मेहमानों को हर तरह से खुश करने की कोशिश में रहता है। लेकिन यहां रंगरलियों से गुलजार होने वाली शाम धोखे और विश्वासघात के एक खेल में बदल जाती है।टिया खुद को एक ऐसी खतरनाक और अनचाही स्थिति में पाती है कि जहां कि हर कोई झूठ बोल रहा है और वह किसी पर भी भरोसा नहीं कर सकती है। इस सीरीज के हर एपिसोड के साथ एक नए राज़ पर से पर्दा उठेगा और हर एपिसोड से होते हुए दर्शक एक चौंकाने वाले अंत तक पहुंचेंगेऔर इस यात्रा में वे पूरे समय इस सीरीज का लुत्फ़ लेंगे और इसके साथ बने रहना चाहेंगे। हंगामा डिजिटल मीडिया के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर संजीव लांबा ने कहा, रेड रूम, ओरिजनल कॉन्टेन्ट को मौजूदा समय के साथ जोड़े रखने और अलग-अलग तरह का कॉन्टेन्ट देने के हमारे लक्ष्य के साथ मेल खाने वाली सीरीज है।

ओला इलेक्ट्रिक की बॉस बिगेस्ट ओला सीज़न सेल शुरू

मुंबई, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज त्योहारों के लिए अपना सबसे बड़ा ओला सीज़न सेल, बॉस शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये की न्यूनतम राशि में उपलब्ध हो रहा है। साथ ही, कंपनी ने 37,000 रुपये तक के फेस्टिव बेनेफिट्स की घोषणा भी की है, जिनमें हाईपरचार्जिंग क्रेडिट्स, मूवओएस. अपग्रेड, एक्सेसरीज़ पर एक्सक्लुसिव डील और केयर. के साथ कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं।

इस अभियान के बारे में भाविश अग्रवाल, चेयरमैन एवं एमडी, ओला इलेक्ट्रिक ने कहा हम इन त्योहारों पर सभी ऑफरों के साथ बॉस शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह ईवी खरीदने का सबसे अच्छा समय है। बॉस हमारी अब तक की सबसे बड़ी फेस्टिव पेशकश है, जिसके साथ हम अपना एंडआइसऐज मिशन आगे बढ़ा रहे हैं और देश में ईवी का विस्तार कर रहे हैं। सबसे बड़े डिस्काउंट, सबसे अच्छी डील्स और आकर्षक फाईनेंसिंग ऑफरों के साथ यह महंगे पेट्रोल वाहनों को पीछे छोड़ते हुए ईवी के विस्तार के लिए सबसे अच्छा समय है। कंपनी आज से अपने बॉस अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित बेनेफिट्स प्रदान करेगी। बॉस के दौरान

मूल्यः ओला एस1 एक्स 2 किलोवॉट घंटा का मूल्य 49,999 रुपये से शुरू (सीमित स्टॉक के लिए), बॉस के दौरान डिस्काउंटः एस1 पोर्टफोलियो पर 25,000 रुपये तक का डिस्काउंट- एस1एक्स 2 किलोवॉटघंटा पर 25,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट, एस1 पोर्टफोलियो पर 12,000 रुपये तक के डिस्काउंट। बॉस के दौरान वॉरंटीः 7,000 रुपये मूल्य की 8 साल/80,000 किलोमीटर की बैटरी वॉरंटी निशुल्क। बॉस के दौरान फाईनेंस ऑफरः चुनिंदा क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 5,000 रुपये तक के फाईनेंस ऑफर। बॉस के दौरान बेनेफिट्सः 6,000 रुपये मूल्य का मूवओएस. अपग्रेड निशुल्क; 7,000 रुपये मूल्य के हाईपरचार्जिंग क्रेडिट निशुल्क।

पिछले महीने ओला इलेक्ट्रिक ने अपने नेटवर्क पार्टनर प्रोग्राम की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में इसके सेल्स और सर्विस नेटवर्क का विस्तार करना है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत ओला इलेक्ट्रिक की योजना 2025 के अंत तक अपने नेटवर्क को बढ़ाकर 10,000 तक ले जाना है। इसके साथ ही, ओला इलेक्ट्रिक द्वारा 1 लाख थर्ड पार्टी मैकेनिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि भारत में हर मैकेनिक ईवी को समझता हो।

'जिंदगामीनामा' का ट्रेलर हुआ रिलीज़

मुंबई एजेंसी। आज की दुनिया में कुछ लड़ाइयाँ चुपचाप लड़ी जाती हैं और अक्सर उनके बारे में कम लोगों को पता चल पाता है। हमारे आंतरिक संघर्ष बार-बार नजरअंदाज होते रहते हैं। लेकिन हम पर उनका गहरा असर होता है, जिसे हम हमेशा जता नहीं सकते। सोनी लिव की आगामी सीरीज 'ज़िन्दगीनामा' में कई चुनौतियों से जूझ रही एक जिन्दगी के सफर को 6 अनोखी कहानियों से दिखाया गया है। यह कहानियाँ हैं भंवर, स्वागतम, वन+वन, केज्ड, पपेट शो और पर्पल दुनिया। कहानियों का यह संकलन मानसिक रोग से पीड़ित लोगों के भावनात्मक पहलू को उजागर करता है। हर कहानी आपके दिल को छू जाती है और दिखाती है कि इन संघर्षों का सामना करने और इन पर जीत हासिल करने के लिये कितनी हिम्मत चाहिये। इस सीरीज में कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने अभिनया किया है जिनमें श्वेता बसु प्रसाद, प्रिया बापट, प्राजक्ता कोली, यशस्विनी दायमा, लिलेट दुबे, श्रेयस तलपडे, अंजली पाटिल, सुमीत व्यास, इवांका दास, मोहम्मद समाद, शिवानी रघुवंशी, सायनदीप सेनगुप्ता, तन्मय धनानिया और श्रुति सेठ शामिल हैं। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार, सुकृति त्यागी, मिताक्षरा कुमार, डैनी मामिक, राखी सांदिल्य और साहान ने किया है।

थिंक गैस ने शिवपुरी में सभी 20 स्कूलों में आर्टिस्ट्स फॉर ग्रीन प्लैनेट पहल की

शिवपुरी, एजेंसी। थिंक गैस ने शिवपुरी में एक अंतर-विद्यालयी पेंटिंग प्रतियोगिता 'आर्टिस्ट्स फॉर ग्रीन प्लैनेट' पहल का नया संस्करण आज शुरू किया। इस वर्ष रचनात्मक अभिव्यक्ति के जरिए पर्यावरण संरक्षण के महत्व को लेकर युवाओं को शिक्षित करने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में सभी 20 स्कूलों में यह पहल होगी।

पिछले वर्ष भोपाल में इस आयोजन की सफलता के क्रम में थिंक गैस एक अधिक टिकाऊ धरती की दिशा में कदम उठाने के लिए भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने को प्रतिबद्ध है। 'आर्टिस्ट्स फॉर ग्रीन प्लैनेट' पहल के तहत विद्यार्थियों को अपनी कलात्मक प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस प्रतियोगिता की ÷थीम खुल के सांस लो÷ विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन, वायु गुणवत्ता, अपशिष्ट प्रबंधन और अक्षय ऊर्जा जैसे

THINK GAS
ARTISTS FOR GREEN PLANET
खुल के सांस लो..
INTER-SCHOOL DRAWING COMPETITION
2024
THINK GAS
ARTISTS FOR GREEN PLANET

पर्यावरणीय मुद्दों पर जबरदस्त और सार्थक पेंटिंग्स के जरिए अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। विशेषज्ञों की जूरी इन प्रविष्टियों का आकलन करेगी और प्रत्येक स्कूल से शीर्ष पेंटिंग्स को चुनेगी जिन्हें सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा थिंक गैस की वरिष्ठ लीडरशिप टीम द्वारा किया जाएगा।

थिंक गैस पूरे भारत में स्वच्छ, हरित ऊर्जा समाधान को प्रोत्साहित करने के अपने मिशन में लगी है और 'आर्टिस्ट्स फॉर ग्रीन प्लैनेट' टिकाऊपन और समुदाय को शामिल करने की इसकी व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस कंपनी का लक्ष्य उन समुदायों के लिए जमीनी स्तर पर पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित कर दीर्घकालीन मूल्य का सृजन करना है जिनके बीच यह सेवाएं देती है।

वर्ष 2018 में स्थापित थिंक गैस के पास भारत में पंजाब, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों में 13 जिलों में सिटी गैस वितरण नेटवर्क के परिचालन का लाइसेंस है। कंपनी इस तरह से 47,000 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र कवर कर रही है और 1.7 करोड़ से अधिक आबादी को सेवाएं देर ही हैं।

विवादास्पद रन आउट से भारत की लय गड़बड़ाई, सोफी डिवाइन का बड़ा बयान

दुबई (एजेंसी)। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन को लगता है कि महिला टी20 विश्व कप में अमेलिया केर से जुड़े रन आउट के विवादास्पद फैसले के कारण भारतीय टीम की लय थोड़ा गड़बड़ा गई थी। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ इस मैच में 58 रन से हार गई थी। वह इस दौरान रन आउट से जुड़े विवाद में भी फंस गई थी। डिवाइन ने मैच के बाद कहा, 'यह वास्तव में दिलचस्प मामला था जिससे मुझे लगता है कि भारत की लय थोड़ा गड़बड़ा गई थी। मुझे लगता है कि यह क्रिकेट का हिस्सा है लेकिन लोगों का नजरिया हमेशा थोड़ा अलग होता है।% यह घटना न्यूजीलैंड की पारी के 14वें ओवर में घटी जब डिवाइन के साथ दूसरा रन लेने के प्रयास में केर को भारतीय विकेटकीपर ऋचा घोष ने रन आउट कर दिया था। केर ने मैदान से बाहर जाना शुरू कर दिया था, लेकिन अंपायर अन्ना हैरिस और जैकलीन विलियम्स ने गेंद को 'डेड% घोषित कर दिया क्योंकि भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने पहले ही अंपायर से अपनी टोपी ले ली थी जो ओवर के समाप्त होने का संकेत था।

अंपायरों ने केर को वापस भुला दिया लेकिन उनके इस फैसले से भारत को निराशा हुई। इस बीच भारत के मुख्य कोच अमोल मजूमदार को चौथे अंपायर के साथ तीखी बहस करते देखा गया। डिवाइन ने कहा, 'यह अंपायरों के विवेक पर निर्भर करता है कि वह कब ओवर को समाप्त मानते हैं लेकिन हमें उन पर भरोसा रखना होगा। आखिर में उन्होंने जो भी फैसला दिया यह उनका काम है। इससे वास्तव में मेरा कोई लेना देना नहीं है।

हमें यह मैच भूलना होगा, अब प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण, हार के बाद बोली रोड्रिग्स

दुबई (एजेंसी)। भारत की मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि टीम को महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड से मिली हार को भूलकर आगे बढ़ना होगा क्योंकि अब उसके लिए प्रत्येक मैच बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को शुक्रवार को कीवी टीम से 58 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम अपने अगले मैच में रविवार को पाकिस्तान का सामना करेगी।

रोड्रिग्स ने कहा, 'हमें यह मैच भूलकर आगे बढ़ना होगा क्योंकि यह विश्व कप है। हम एक मैच पर नहीं अटके रह सकते हैं। टीम को निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना होगा जिससे उसके जज्बे का पता भी चलेगा। रोड्रिग्स ने टीम को उस प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा जिसके कारण उसने अतीत में कुछ अच्छी जीत हासिल की। उन्होंने कहा, 'हम एक टीम के रूप में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम एक प्रक्रिया का अनुसरण कर रहे हैं और एक बार में एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं। हम जानते हैं कि अब हमारे लिए प्रत्येक मैच बेहद महत्वपूर्ण बन गया है लेकिन हम एक बार में एक मैच पर ही ध्यान देंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम अपनी प्रक्रिया पर कायम रहें। रोड्रिग्स ने कहा, 'मेरा मानना है कि अगर हम ऐसा करने में सफल रहते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं तो हम मैच जीत सकते हैं। मुंबई की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी लेकिन वह ऐसा करने में असफल रही।

सोमवार को भारत-बांग्लादेश टी-20 श्रृंखला में

मयंक की फॉर्म और फिटनेस की परीक्षा

ग्वालियर (एजेंसी)। भारत और बांग्लादेश के बीच सोमवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला में अपनी तेज गेंदबाजी के कारण क्रिकेट जगत का ध्यान खींचने वाले मयंक यादव की फॉर्म और फिटनेस की परीक्षा होगी जबकि अन्य युवा खिलाड़ियों के पास भी अपनी चमक बिखेरने का यह शानदार मौका होगा। मयंक ने इस साल के शुरू में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान लगातार 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था लेकिन पसलियों में खिंचाव के कारण उन्हें टूर्नामेंट के बीच से ही हटना पड़ा था।

अमूमन किसी भी खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए घरेलू क्रिकेट में अपनी फिटनेस साबित करनी पड़ती है लेकिन 22 वर्षीय मयंक को उनके विशेष कौशल के कारण भारतीय टीम में जगह दी गई है। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में उनकी फॉर्म और फिटनेस की परीक्षा होगी। अभी यह देखना होगा कि उन्होंने जिस सटीकता और नियंत्रण के साथ आईपीएल में गेंदबाजी की थी वह उसी की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गेंदबाजी कर सकते हैं या नहीं।

मयंक के अलावा बांग्लादेश के खिलाफ इस श्रृंखला में दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और ऑलराउंडर नीतीश कुमार को भी भारत की तरफ से पदार्पण का मौका मिल सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला को देखते हुए शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जयसवाल, मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है। कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टीम में शामिल दो बड़े नाम हैं। उनके अलावा टी20 विश्व कप की विजेता टीम में शामिल रहे शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह को भी इस श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है।

सीनियर खिलाड़ियों को विश्राम दिए जाने के कारण अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों के पास अपना कौशल दिखाने का यह बेहतरीन मौका है। अभिषेक ने जिम्बॉब्वे के खिलाफ शतक लगाया था। बांग्लादेश के खिलाफ उनके साथ संजू सैमसन पारी की शुरुआत कर सकते हैं। रियान पराग को जुलाई के बाद भारत की तरफ से छह टी20 मैच में खेलने का मौका मिला है लेकिन वह इनमें आईपीएल जैसी फॉर्म नहीं दिखा पाए। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी इस श्रृंखला से वापसी करेंगे। रवि बिश्नोई टीम में शामिल दूसरे विशेषज्ञ स्पिनर हैं।

रिजर्व विकेटकीपर के रूप में चुने गए जितेश शर्मा ने जून में आईपीएल के बाद कोई मैच नहीं खेला है। उन्हें अभी तक जिन नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने का मौका मिला है उनमें वह अपना जलवा दिखाने में नाकाम रहे हैं। भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ इन तीन मैच के बाद अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। उस श्रृंखला के लिए भी भारत के सीनियर खिलाड़ी उपलब्ध नहीं रहेंगे क्योंकि तब भारतीय टीम टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर होगी।

जहां तक बांग्लादेश का सवाल है तो उसे अपने स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के बिना खेलने की आदत डालनी होगी। शाकिब ने पिछले महीने टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी। भारत ने टेस्ट श्रृंखला में बांग्लादेश को दोनों मैच में हराया था लेकिन उसकी टी20 टीम के अधिकतर खिलाड़ी उस टीम का हिस्सा नहीं थे।

यह मैच श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्टेडियम में खेला जाएगा जिससे ग्वालियर में 14 साल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की भी वापसी होगी। इस शहर में आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच वनडे के रूप में 2010 में खेला गया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए इस मैच में सचिन तेंदुलकर वनडे में दोहरा शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे।

यह हो सकती है संभावित प्लेइंग 11

- **भारत** – अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव
- **बांग्लादेश**– लिटन दास, तन्ज़िद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, जेकर अली, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, तंजीम हसन साकिब

ड्रॉ पर राजी हो हुए दोनों कप्तान, मुम्बई ने 15वीं बार जीता ईरानी ट्रॉफी का खिताब

लखनऊ (एजेंसी)। पारी में शानदार प्रदर्शन की बदौलत मिली बढ़त के दम पर मुम्बई ने ईरानी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया हैं। यह 15वीं बार है जब मुम्बई ने यह खिताब जीता है। मुंबई और शेष भारत के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। मुंबई ने पहली पारी में 537 रन बनाए थे। शेष भारत की पारी 416 रनों पर सिमट गई। मुंबई ने दूसरी पारी में आठ विकेट पर 329 रन बनाए लिए थे तभी दोनों कप्तान ड्रॉ पर राजी हो गए।

मुंबई के युवा आलरांउडर तनुष कोटियान ने आज अपने कल के स्कोर 20रन से आगे धैर्यपूर्ण शुरुआत की। वह आठवें नंबर पर जब बल्लेबाजी करने के लिए आये उस समय मुंबई 125 के स्कोर पर अपने छह विकेट गवां चूकी थी। सुबह के सत्र में जल्द ही टीम का स्कोर 8 विकेट पर 171 रन हो गया। इसके बाद भी कोटियान पिच पर जमे रहे। उन्होंने 135 गेंदों पर उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना दूसरा शतक पूरा किया। उन्होंने 150 गेंदों पर 10 चौके और आठ छक्के लगाते हुए (नाबाद 114) रन बनाए।

इससे पहले उन्होंने अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक नंबर-10 पर खेलते हुए बनाया था। पहली पारी में दोहरा शतक बनाने वाले सरफराज खान दूसरी पारी में विफल रहे और 17 रन पर सारांश जैन ने उन्हें पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद शार्दुल ठाकुर (2) भी सारांश जैन का शिकार बने। आठ विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आए मोहित अवस्थी ने तनुष का बखूबी साथ निभाया और दोनों बल्लेबाजों ने नौवें विकेट के लिए रिकार्ड 158 रन जोड़े। मोहित अवस्थी ने 93 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (नाबाद 51) रन बनाए। शेष भारत की ओर से सारांश जैन ने छह विकेट लिए। मानव सुथार ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

टी-20 महिला वर्ल्ड कप

न्यूजीलैंड से हार के बाद आज भारत का सामना पाकिस्तान से, ये हो सकती है प्लेइंग 11

दुबई (एजेंसी)। पहले मैच में न्यूजीलैंड से करारी हार से आहत भारत को अगर महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में टीम संयोजन की अपनी खामियों को दूर करना होगा। भारतीय टीम को शुक्रवार को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है और इससे उसके लिए आगे के सभी मैच बेहद महत्वपूर्ण बन गए हैं।

भारत का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और उसके लिए अब पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैचों में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल के तीनों विभाग में खराब प्रदर्शन किया। उसके पास अब समय नहीं है और उसे जल्द से जल्द अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा। यह काम इतना आसान नहीं है क्योंकि उसका सामना अब पाकिस्तान से है जिसने पहले मैच में श्रीलंका को हराया था।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले भारत को टीम संयोजन में सुधार करना होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ अरुंधति रेड्डी के रूप में एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करने के लिए भारत को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करना पड़ा। इस वजह से हरमनप्रीत को तीसरे, जेमिमा रोड्रिग्स को चौथे और रिचा घोष को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा जबकि अमूमन वे इन स्थानों पर बल्लेबाजी नहीं करते हैं।

भारत का तीन तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का फैसला सही साबित नहीं हुआ क्योंकि पिच में नमी नहीं थी और न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से उनका सामना किया। भारत इस कारण अपने तेज गेंदबाजों का पूरा उपयोग नहीं कर पाया जिसका उदाहरण पूजा वस्त्राकर हैं जिन्होंने केवल एक ओवर किया। तीन तेज गेंदबाजों के साथ खेलने के कारण भारत को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को बाहर करना पड़ा और मैच के दौरान उनकी काफी कमी खली। भारत के बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उसकी तरफ से सर्वोच्च स्कोर 15 रन था जो हरमनप्रीत ने बनाया था।

भारत अब अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए दयालन हेमलता को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। भारत का पाकिस्तान के खिलाफ शानदार रिकार्ड रहा है। इन दोनों टीम के बीच जो 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं उनमें से भारत ने 12 मैच में जीत दर्ज की है। भारत हालांकि अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं कर सकता जिसका गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है। पाकिस्तान के पास अनुभवी निदा डार, कप्तान फातिमा सना और सादिया इकबाल जैसे अच्छे गेंदबाज हैं।

ये हो सकती है प्लेइंग 11

भारत – शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्राकर, श्रेयंका पाटिल, आशा शोभना, रेणुका ठाकुर सिंह।

पाकिस्तान – मुनीबा अली (विकेटकीपर), गुल फिरोजा, सिदरा अमीन, निदा डार, आलिया रियाज, ओमैमा सोहेल, फातिमा सना (कप्तान), तुबा हसन , नशरा संधू , डायना बेग , सादिया इकबाल।

समय – दोपहर 3.30 बजे से।

श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम की घोषणा, होप और पॉवेल को कप्तानी

नईदिल्ली (एजेंसी)। विकेटकीपर बल्लेबाज शाई होप वनडे में कप्तानी करेंगे और ऑलराउंडर रोवमैन पॉवेल टी20 में कप्तान होंगे, क्योंकि क्रिकेट वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए टीम की घोषणा की है। निकोलस पूरन, शिमरोन हेटमायर, आंद्रे रसेल और अकील होसेन जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने वेस्टइंडीज की आगामी सीरीज से बाहर होने का विकल्प चुना है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक आधिकारिक बयान में कहा, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, अकील होसेन और शिमरोन हेटमायर सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत कारणों से दौरे से बाहर होने का विकल्प चुना है, जिससे नए चेहरों और वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए रास्ता खुल गया है।

टीम के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि उन्हें श्रीलंका सीरीज के लिए चुनी गई टीम पर पूरा भरोसा है। सैमी ने कहा, श्रीलंका का दौरा हमें अपनी गहराई को परखने और विभिन्न परिस्थितियों में खिलाड़ियों का आकलन करने का मौका देता है, खासकर तब जब कई वरिष्ठ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से बाहर हैं, जिसमें चोट से उबरने और पुनर्वास की आवश्यकता भी शामिल है। हमें श्रीलंका के खिलाफ मजबूती से प्रतिस्पर्धा करने के लिए टीम की क्षमता पर भरोसा है।

टी20 और वनडे सीरीज का शेड्यूल

आईसीसी के अनुसार श्रीलंका अक्टूबर में तीन मैचों की टी20आई और एकदिवसीय श्रृंखला के साथ सीमित ओवरों की द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा। श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच टी20आई श्रृंखला 13 अक्टूबर से शुरू होगी। श्रृंखला का दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 15 और 17 अक्टूबर को होगा। टी20आई श्रृंखला के सभी मैच दांबुला में होंगे। इस बीच एकदिवसीय श्रृंखला 20 अक्टूबर से शुरू होगी। श्रृंखला का दूसरा और तीसरा मैच 23 अक्टूबर और 26 अक्टूबर को होगा। सभी 50 ओवर के मैच कैंडी में खेले जाएंगे।

टी20आई टीम

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेस (उप-कप्तान), फैबियन एलन, एलिक एथनाज़, आंद्रे फ्लेचर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोटी, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड और शमर स्प्रिंगर।

वनडे टीम

शाई होप (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, एलिक एथनाज़, कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोटी, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड और हेडन वॉल्श जूनियर।

भारत-बांग्लादेश टी-20 सीरीज

भारत की कमान सूर्यकुमार यादव संभालेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और बांग्लादेश अपनी टेस्ट सीरीज के बाद तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए तैयार हैं। टी20 प्रारूप में भारतीय टीम की कमान सूर्यकुमार यादव संभालेंगे। टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर संजू सैमसन और जितेश शर्मा शामिल हैं। युवा बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा श्रीलंका के खिलाफ बाहर रहने के बाद टी20आई में वापसी कर रहे हैं। उनके साथ रियान पराग और नितीश कुमार रेड्डी भी हैं।

हार्दिक पांड्या, वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे टीम में ऑलराउंडर के तौर पर शामिल हैं। स्पिन विभाग में रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती शामिल हैं, जबकि हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और मयंक यादव तेज गेंदबाज हैं। बांग्लादेश को ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के बिना आगे बढ़ना होगा जिन्होंने टेस्ट और टी20आई से संन्यास की घोषणा कर दी है। शाकिब के जाने से टीम में एक बड़ा अंतर पैदा हो गया है।

हाल ही में टेस्ट सीरीज में खराब प्रदर्शन के बावजूद टी20 टीम के अधिकांश सदस्यों ने उन मैचों में हिस्सा नहीं लिया, इसलिए वे व्हाइट-बॉल सीरीज की शुरुआत नए सिरे से करेंगे। ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज को 14 महीने के अंतराल के बाद वापस बुलाया गया है। अनुभवी बल्लेबाज महमूद उल्लाह अपने करियर के अहम मोड़ पर हैं। विश्व चैंपियन के खिलाफ इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने से उन्हें खेलना जारी रखने की प्रेरणा मिल सकती है।

भारत बनाम बांग्लादेश टी20आई कार्यक्रम – सीरीज का पहला मैच 6 अक्टूबर को ग्वालियर में होगा। दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 9 अक्टूबर को दिल्ली और 12 अक्टूबर को हैदराबाद में होगा।

बांग्लादेश सीरीज के लिए भारत की टी20आई टीम –

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेट कीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और मयंक यादव।

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन (विकेटकीपर), तौहीद हृदय, महमूद उल्लाह, लिटन दास (विकेटकीपर), जैकर अली अनिक (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, मुस्तफिजुर रहमान, रकीबुल हसन।

पहला मैच 6 अक्टूबर को

भारत बनाम बांग्लादेश पहला टी20 मैच 6 अक्टूबर को खेला जाएगा और मैच शाम 7 बजे शुरू होगा।

कश्मीर में 38 साल बाद होगी क्रिकेट की वापसी

लीजेंडस लीग में चौके-छक्के लगाते नजर आएंगे महान क्रि केटर्स

श्रीनगर (एजेंसी)। श्रीनगर का बख्शी स्टेडियम लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के लिए तैयार है और बुधवार से टूर्नामेंट शुरू होने के साथ ही 38 साल बाद संघर्षग्रस्त कश्मीर घाटी में एक बार फिर क्रिकेट की वापसी होगी। श्रीनगर ने अब तक अपने इतिहास में केवल दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी की है जिसमें पहला 1983 में और दूसरा मैच 1986 में खेला गया था।

सन् 1989 में उग्रवाद भड़कने के कारण यह क्षेत्र अराजकता में डूब गया। अब शहर एलएलसी के अंतिम चरण में 9 अक्टूबर से लगातार सात क्रिकेट मैचों की मेजबानी करेगा। यह एक टी20 क्रिकेट लीग है जिसमें हाल ही में संन्यास ले चुके महान क्रिकेटर शामिल हैं और जो इंडियन प्रीमियर लीग की तरह प्रसिद्ध हो रहा है। क्रिस गेल, सुरेश रैना, इरफान पठान, मार्टिन गुप्टिल, रॉस टेलर और इयान बेल जैसे 124 खिलाड़ियों वाली छह टीमें सुरम्य घाटी में जुटेंगी।

क्रिकेटर भी कश्मीर में एलएलसी के लिए उत्साहित – लीग के सह-संस्थापक रमन रहेजा ने कहा, पिछले 40 वर्षों से यहां उच्च गुणवत्ता वाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं हुआ है। तो यही विचार था। मैंने क्रिकेटरों से बात की और वे एलएलसी के लिए उत्साहित थे। कश्मीर में पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच अक्टूबर 1983 में शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में आयोजित किया गया था और दूसरा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सितंबर 1986 में। दोनों ही मैच भारत हार गया था। उन्होंने कहा, इसका उद्देश्य 20 से अधिक देशों के क्रिकेटरों को घाटी में लाना है और यह ऐतिहासिक होने वाला है। 1983 के मैच में काफी ड्रामा हुआ था, जब पुलिस ने पिच खोदने के आरोप में 17 लोगों को गिरफ्तार किया था जिनमें से कुछ बाद में 1989 में राज्य में सशस्त्र विद्रोह भड़कने के बाद उग्रवाद के शीर्ष कमांडर बन गए थे। इनमें प्रमुख रूप से शौकत बख्शी (जम्मू और कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के पूर्व जिला कमांडर), मुश्ताक-उल-इस्लाम (हिजबुल्लाह के पूर्व कमांडर) और उदारवादी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह शामिल थे।

शास्त्री ने श्रीनगर में खेले मैच को किया याद – लीग इस समय जम्मू में चल रही है, जहां पिछले साल से मैच होने शुरू हो गए थे। लीग के कमिश्नर और पूर्व भारतीय खिलाड़ी रवि शास्त्री ने जम्मू, श्रीनगर में खेले गए अपने 1986 के मैच को याद किया। उन्होंने कहा, मैं 1986 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रीनगर में भारत के लिए खेलने आया था। उसके बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं हुआ। यहां आकर लोगों की दिलचस्पी देख रहा हूं। युवाओं को दिग्गजों को देखने का जो मौका मिल रहा है, उससे उन्हें काफी मदद मिलेगी। पिछले दो सालों में घाटी में आतंकी घटनाओं में काफी कमी आई है और पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। रहेजा ने कहा कि जब उन्होंने पिछले साल कश्मीर आने का विचार रखा था, तो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में कुछ चिंताएं थीं। उन्होंने कहा, कश्मीर में बेहतर स्थिति ने मदद की है क्योंकि हमारे पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं और वे इस क्षेत्र की स्थिति के बारे में पढ़ते हैं। इसलिए पिछले साल जब हम जम्मू में योजना बना रहे थे, तो वे सवाल पूछ रहे थे। जब हम जम्मू गए, तो उन्हें लगा कि यह बहुत अच्छा है और सभी सुरक्षा उपाय किए गए हैं। इसलिए कुछ लोगों ने पिछले साल इसे कश्मीर ले जाने के लिए कहा था, लेकिन दुर्भाग्य से समय कम था।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran

संक्षिप्त समाचार

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर जोरदार प्रहार जारी, इस साल 10 बड़ी मुठभेड़ों में 120 से ज्यादा नक्सली ढेर

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में चल रहे अब तक के सबसे बड़े नक्सल ऑपरेशन में शुक्रवार को सुरक्षा बल के जवानों ने करीब 30 नक्सलियों को मार गिराया। नारायणपुर और दंतेवाड़ा की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में यह मुठभेड़ नेंदूर एवं थुलथुली गांव के जंगलों में हुई। जिसमें देर शाम तक 28 नक्सलियों के शव बरामद हो चुके थे और सूत्रों का कहना है यह आंकड़ा बढ़ने की पूरी उम्मीद है। वैसे छत्तीसगढ़ में नक्सली मोर्चे पर यह साल सुरक्षाबलों के लिए बेहद कामयाबी भरा साबित हो रहा है। इस दौरान इस साल अबतक हुई कुल 10 बड़ी मुठभेड़ों में जवानों ने 100 से ज्यादा माओवादियों को मार गिराया है। इस खबर में हम आपको छत्तीसगढ़ में इस साल हुई उन दस बड़ी मुठभेड़ों के बारे में बता रहे हैं, जिनमें कम से कम 5 नक्सली मारे गए थे।

सड़कों के लिए केंद्र से मिली मदद पर हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने खुशी जाहिर की

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश सड़कों के लिए केंद्र से मिली मदद पर हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है कि हम हिमाचल प्रदेश के हित में कोशिश कर रहे हैं। केंद्र सरकार से, केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि के रूप में, हिमाचल प्रदेश को सहायता मिली है। हिमाचल प्रदेश के लिए लगभग 300 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इसमें कई सड़के और ब्रिज शामिल है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन और विभाग के प्रयासों से शिमला, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी जिलों में प्रमुख परियोजनाओं के लिये केंद्र से यह धनराशि मंजूर हुई है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री सड़क योजना का चौथे चरण का अंतिम खाका तैयार किया जा रहा है। हम उन सड़कों को अपग्रेड करेंगे जो प्रधानमंत्री सड़क योजना के पहले चरण के दौरान बनाई गई थीं ताकि गांव के इलाकों में अच्छी कनेक्टिविटी हो सके। उन्होंने कहा, मंजूर परियोजनाओं में राज्य के विभिन्न हिस्सों में संपर्क और बुनियादी ढांचे में सुधार के उद्देश्य से पांच सड़क और पुल कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने निरंतर इन परियोजनाओं की वकालत की और राज्य की बुनियादी ढांचा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से प्रदेश का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों में शिमला में 52 किलोमीटर टिक्कर-जरोल-गहन-ननखड़ी-खमाडी सड़क के उन्नयन के लिये 54.87 करोड़ रुपये, हमीरपुर में 20 किलोमीटर सुजानपुर टीहरा-संधोल सड़क के लिये 41.10 करोड़ रुपये, हमीरपुर में 37 किलोमीटर नवगांव-बेरी सड़क के लिये 79.25 करोड़ रुपये, कांगड़ा में गज खड्ड पर 828 मीटर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण के लिये 86.34 करोड़ रुपये तथा मंडी में 9.6 किलोमीटर बखरोट-करसोग-सनारली-सैंज सड़क के उन्नयन के लिये 31.80 करोड़ रुपये की धनराशि शामिल है।

हिमाचल शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल का अनुसरण करेगा: मंत्री

शिमला, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल का अध्ययन कर लौटे ठाकुर ने कहा कि उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी चर्चा की और सर्वोत्तम उपायों को साझा करने पर सहमति जताई। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने यहां शुक्रवार को बताया कि पहाड़ी राज्य उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल का अनुसरण करेगा और दोनों प्रदेश शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए सर्वोत्तम उपायों को साझा करेंगे। उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल का अध्ययन कर लौटे ठाकुर ने कहा कि उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी चर्चा की और सर्वोत्तम उपायों को साझा करने पर सहमति जताई। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में की गई सकारात्मक पहल के क्रियान्वयन के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के बाद एक रूपरेखा तैयार की जाएगी।

महाराष्ट्र में नया बवाल- सीएम दल-बल आए, खाए-पीए और चले गए, अब तक ना चुकाया 1.58 करोड़ का बिल

मुंबई, एजेंसी।

स्विट्जरलैंड स्थित एक कंपनी ने महाराष्ट्र सरकार को 1.58 करोड़ रुपये के बिलों का कथित रूप से भुगतान नहीं करने पर कानूनी नोटिस भेजा है। यह बिल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके कुछ मंत्रियों के दौरे से संबंधित है। इस साल जनवरी में सीएम शिंदे दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में शामिल होने के लिए स्विट्जरलैंड की यात्रा पर गए थे। इस दौरान महाराष्ट्र का एक शिष्टमंडल भी उनके साथ गया था, जो राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए उस बैठक में शामिल हुआ था। दावोस प्रवास के दौरान एक कंपनी ने इन लोगों का आतिथ्य सत्कार किया। शिष्टमंडल होटल में जहां ठहरा और खाया-पीया, उसका कथित तौर पर भुगतान नहीं किया गया। इसलिए उस कंपनी ने 1.58 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने में विफल रहने पर महाराष्ट्र सरकार को कानूनी नोटिस भेजा है।

आतिथ्य सत्कार करने वाली कंपनी ने 28 अगस्त को इस बारे में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीस) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय, विदेश मंत्री एस जयशंकर और विश्व आर्थिक मंच सहित अन्य को नोटिस भेजते हुए आरोप लगाया है कि सरकारी कंपनी एमआईडीस ने 1.58 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है, जबकि स्विस कंपनी ने 15 से 19 जनवरी के बीच आयोजित विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन के दौरान उपलब्ध कराई गई सेवाओं के लिए बिल जमा कर दिए थे।

2 हफ्ते में दूसरी बार कल्याण बोर्ड दांव, जैन समुदाय पर क्यों शिंदे सरकार मेहरबान: नोटिस के अनुसार, कुल बिल में से 3.75 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 1.58 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संपर्क करने पर एमआईडीस के सीईओ पी वेलरासु ने इस तरह का कोई नोटिस मिलने से इनकार किया है। उन्होंने कहा, मुझे ऐसे किसी नोटिस की जानकारी नहीं है। हालांकि, एमआईडीसी वाउचर की जांच करेगा और आवश्यक कार्रवाई करेगा। मामले का गुण-दोष के आधार पर जल्द से जल्द फैसला किया जाएगा।

इधर, इस मामले पर राज्य के सियासी खेमे में खलबली मच गई है। शिवसेना यूबीटी के आदित्य ठाकरे और एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार सहित विपक्षी महा विकास अघाड़ी विधायकों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने दावोस यात्रा पर जरूरत से ज्यादा खर्च किया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पवार ने दावा किया कि इस घटना ने विश्व आर्थिक मंच पर राज्य की छवि खराब कर दी है और निवेशकों को एक बुरा संदेश दिया है।

'एक्स' पर पवार द्वारा पोस्ट किए गए नोटिस के कुछ हिस्सों के अनुसार, कंपनी 'एसकेएएच जीएमबीएच' को महाराष्ट्र प्रतिनिधिमंडल को खानपान और आतिथ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एमआईडीसी द्वारा नियुक्त किया गया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे जो निवेशकों को आकर्षित करने के लिए दावोस गया था। इसमें कहा गया है कि 1,58,64,625.90 रुपये का बकाया भुगतान किया जाना है। इस बीच, राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि यात्रा का आयोजन करने वाले महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) ने कहा है कि कंपनी के दावे के विपरीत दावोस यात्रा के दौरान कोई अतिरिक्त खर्च नहीं किया गया था।

प्राइवेट पार्ट से खून, सिर और चेहरे पर चोट के निशान; गाजियाबाद में अर्धनग्न हालत में मिली महिला की लाश

गाजियाबाद एजेंसी।

गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में 55 साल की एक महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में मंडोला गांव के जंगल में पड़ा मिला। महिला एक फैक्टरी में नौकरी करती थी। उनके चेहरे और सिर पर भारी वस्तु से हमला किया गया। महिला के गुप्तांग से भी खून बह रहा था। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 55 वर्षीय महिला जींस फैक्टरी में धागे काटने का काम करती थी। वह रोजाना सुबह आठ से दस बजे ऑटो या ई-रिक्शा से फैक्टरी जाती थी। रात में नौ बजे तक घर लौट आती थी। महिला के बेटे ने बताया कि गुरुवार रात में करीब 9.30 बजे तक मां घर नहीं लौटी। इसके बाद महिला के बेटे और पत्नी ने मां की सहकर्मी से मोबाइल पर बात की।

सहकर्मी ने बताया कि वह करीब 8.30 बजे फैक्टरी से घर के लिए निकल गई थी। बेटे ने बताया कि उसने युवाओं के साथ मिलकर घर के नजदीक ही दुर्गा पूजा का पंडाल लगाया है। वह पैदल कालका मंदिर दिल्ली से ज्योत लेकर आया था। इस कारण थका हुआ था और पंडाल में ही सो गया। शुक्रवार सुबह गांव के पास ही महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली। वह मौके पर पहुंचा तो वहां उसकी मां का लहूलुहान शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा था। महिला की सोने की बाली भी गायब थी। परिजनों ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

महिला के छोटे बेटे ने बताया कि उसके पिता हापुड़ जनपद के सूधना गांव में एक फार्म हाऊस पर काम करते हैं और वहीं रहते हैं। उनका बड़ा भाई पत्नी और बच्चों के साथ शाहदरा में रहता है। समय बिताने के लिए ही उसकी मां फैक्टरी में धागे काटने का काम करती थी।

महामाया देवी मंदिर में नहीं चढ़ेगा बाहर का प्रसाद, समिति तैयार करेगी पैकेट

मोदीनगर , एजेंसी। मोदीनगर तहसील के गांव सीकरी खुर्द में स्थित महामाया देवी मंदिर में अब बाहर से लाया गया प्रसाद नहीं चढ़ाया जाएगा। शुक्रवार को मंदिर मेला समिति की बैठक में इसका फैसला लिया गया। बैठक में कहा गया कि मंदिर समिति द्वारा ही प्रसाद बनाकर बेचा जाएगा।

मोदीनगर तहसील परिसर में शुक्रवार को गांव सीकरी खुर्द महामाया देवी मंदिर मेला समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तय हुआ कि अब मंदिर परिसर में बाहर प्रसाद नहीं चढ़ाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा ही प्रसाद बनाकर बेचा जाएगा। इसके अलावा मंदिर के पूजारियों का भी चयन किया गया। मंदिर परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

मोदीनगर तहसील परिसर स्थित सभागर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने किया। इसके अलावा बैठक में पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली,अधिशासी अधिकारी नरेन्द्र मोहन मिश्रा सहित पालिका के कई अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मत्ति से निर्णय लिया गया कि इस बार नवरात्रों में माता देवी के मंदिर में बाहर से आने वाला प्रसाद नहीं चढ़ाया जाएगा। मंदिर परिसर में प्रसाद बनाया जाएगा।

उपजिलाधिकारी ने बताया कि प्रसाद की कीमत विभिन्न श्रेणियों में तय कर दी गई। उन्होने बताया कि मंदिर परिसर में ही स्टॉल लगाए जाएगे। वहां पर 21 रुपये, 51 रुपये,101 रुपये, 201 व 501 रुपये का प्रसाद पैकेट तैयार किया जाएगा। प्रसाद जूट व कागज के थैलों में दिया जाएगा। मंदिर परिसर में पॉलीथीन का प्रयोग किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने बताया कि महामाया देवी मंदिर में वैष्णे देवी मंदिर की तर्ज पर प्रसाद वितरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में बने शौचालय हटाया जाएगा। उसे बाहर शिफ्ट किया जा रहा है। साफ सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष कदम उठाए जाए रहे है।

पेड़ पर चढ़ा था ताड़ी उतारने और वहीं थम गई जिंदगी: भभुआ में अजीबो-गरीब मौत

कैमूर (भभुआ), एजेंसी।

बिहार के भभुआ शहर के वार्ड नंबर 14 में ताड़ के पेड़ पर ताड़ी उतारने चढ़े एक व्यक्ति की अचानक मौत हो गई. आशंका जताई जा रही है कि उसे हार्ट अटैक आया था, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई. लोगों ने उस व्यक्ति को काफी देर तक पेड़ से चिपका देखा तो अनहोनी की आशंका हुई. तत्काल इसकी सूचना दी गयी. मौके पर भभुआ एसडीओ विजय कुमार, डीएसपी शिव शंकर कुमार पहुंचे. सीढ़ी लगाकर शव को उतारा फिर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.



भभुआ के डीएसपी शिव शंकर कुमार का कहना है कि सूचना मिली थी कि एक युवक की ताड़ के पेड़ पर ही मौत हो गई है. उसके बाद बिजली विभाग से वाहन सीढ़ी मांगा कर शव को उतारा गया. फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी. जिला प्रशासन हर सम्भव मदद परिजनों को करेगा. मृतक की पहचान प्रेम चौधरी के रूप में की गयी. सात वर्षों से भभुआ में रह कर पेड़ से नीरा उतारने और बेचने का काम करता था. औरंगाबाद जिले सीढ़ी खैरा का रहने वाला था. परिजन के अनुसार 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे ताड़ी उतारने के लिए ताड़ के पेड़ पर चढ़ ही रहा था कि उसकी मौत हो गई. ताड़ के पेड़ पर लाश चिपके होने की सूचना पर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. पेड़ के पास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई. सात माह पहले पत्नी की हुई थी मौतः मृतक के पुत्र कुंदन कुमार ने बताया कि उसके पिता करीब 3 बजे रूम से ताड़ी उतारने के लिए निकले थे. आधे घन्टे बाद ही उनकी मौत होने की सूचना मिली, जबकि उनकी तबीयत भी खराब नहीं थी. कुंदन ने बताया कि सात माह पहले ही उसकी मां भी गुजर गयी थी. उसे दो भाई और तीन बहन है. घर का खर्च कैसे चलेगा, इसको लेकर परेशान था. जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की. मृत प्रेम चौधरी के मकान मालिक आजाद कुमार ने बताया कि सात वर्षों से उसके मकान में रह रहा था. आज ताड़ी उतारने के दौरान ताड़ के पेड़ पर ही उसकी मौत हो गई. भभुआ नगर सभापति विकास उर्फ बबलू तिवारी ने बताया कि ताड़ के पेड़ पर ताड़ी उतारने के दौरान उसकी मौत हुई. पत्नी भी पहले ही गुजर चुकी है.

इजरायल को ट्रंप की सलाह- पहले ईरान के परमाणु ठिकानों पर करो हमला, बाकी चिंता बाद में

वाशिंगटन, एजेंसी।

रिपब्लिकन व्हाइट हाउस के उम्मीदवार और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि इजरायल को जवाबी कार्रवाई करते हुए सबसे पहले ईरान के परमाणु ठिकानों को उड़ा देना चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति ने उत्तरी कैरोलिना में एक रैली को संबोधित करते हुए इस सप्ताह राष्ट्रपति जो बाइडेन से पूछे गए एक सवाल का जिक्र किया, जिसमें इजरायल द्वारा ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाए जाने की संभावना के बारे में पूछा गया था। ट्रंप ने कहा, उन्होंने उनसे पूछा कि आप ईरान के बारे में क्या सोचते हैं क्या आप ईरान पर हमला करेंगे उन्होंने कहा, 'जब तक वे परमाणु हथियारों पर हमला नहीं करते। यही वह चीज है जिसे आप खत्म करना चाहते हैं, है न आपको बता दें कि बुधवार को बाइडेन से पूछा गया कि क्या वह ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले का समर्थन करेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संवाददाताओं से कहा- मेरे पास इसका जवाब नहीं है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, मुझे लगता है कि वह गलत हैं। क्या आपको यही नहीं करना

चाहिए मेरा मतलब है कि हमारे लिए सबसे बड़ा जोखिम परमाणु हथियार है। ट्रंप ने कहा, जब उन्होंने उनसे यह सवाल पूछा, तो जवाब यह होना चाहिए था कि पहले परमाणु बम गिराओ और बाकी की चिंता बाद में करो। अगर वे ऐसा करने जा रहे हैं, तो वे ऐसा करने जा रहे हैं। लेकिन हम पता लगा लेंगे कि उनकी क्या योजना है। बुधवार को जो बाइडेन ने ईरान की परमाणु शक्ति के खिलाफ इस तरह के हमलों का विरोध किया, जो कि इजरायल की ओर लगभग 200 ईरानी मिसाइलों के दागे जाने के जवाब में था। वे क्या करने जा रहे हैं।

जापान में फटा अमेरिकी बम, मियाजाकी एयरपोर्ट को नुकसान

टोक्यो, एजेंसी। दूसरे विश्व युद्ध के समय जापान में भूमिगत रखे गए अमेरिकी बम में ब्लास्ट हो गया है. इस बात की जानकारी जापानी अधिकारियों ने दी. अधिकारियों ने बताया कि दूसरे विश्व युद्ध के समय का संयुक्त राज्य अमेरिका का एक बम, जिसे भूमिगत रखा गया था, एक जापानी हवाई अड्डे पर फट गया, जिसके कारण टैक्सीवे में एक बड़ा गड्ढा बन गया और 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई. भूमि और परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ.

उन्होंने आगे कहा कि जापान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में मियाजाकी हवाई अड्डे पर जब बम विस्फोट हुआ, तब उस स्थान के आस-पास कोई विमान नहीं था. अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान सेल्फ-डिफेंस फोर्स और पुलिस ने पाया कि विस्फोट 500 पाउंड के अमेरिकी बम से हुआ था. फिलहाल अधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि आखिर द्वितीय विश्व युद्ध के समय के बम में अचानक विस्फोट किस वजह से हुआ. यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार स्थानीय जापानी टीवी फुटेज में दिखाया गया है कि हमले की वजह से टैक्सीवे पर कथित तौर पर लगभग 7 मीटर व्यास और 1 मीटर गहरा गड्ढा हो गया.जापान के चीफ कैबिनेट सेक्रेटरी योशिमासा हयाशी ने बताया कि अचानक हुए विस्फोट के कारण मियाजाकी हवाई अड्डे पर 80 से अधिक फ्लाइट रद्द कर दी गई. मियाजाकी हवाई अड्डे के पास स्थित एक विमानन स्कूल ने विस्फोट की फुटेज रिकॉर्ड की, जिसमें फव्वारे की तरह हवा में डामर के टुकड़े उड़ते हुए दिखाई दिए. जापानी रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में कई ऐसे बम पाए गए हैं जो फटे नहीं थे और जिन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना ने गिराया था. बता दें कि मियाजाकी हवाई अड्डे के आस-पास बिना फटे बम मिलने की पहले भी कई घटनाएं हुई हैं।

कनाडा में भारत के खिलाफ विदेशी हस्तक्षेप की नई जांच शुरू

टोरंटो, एजेंसी। कनाडा में भारत के खिलाफ विदेशी हस्तक्षेप के आरोपों की नई जांच शुरू हो गई है। यह जांच हारदीप सिंह निज्जर की हत्या से अलग है, जो खालिस्तानी आंदोलन के एक प्रमुख नेता थे। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के उपाध्यक्ष मार्क फ्लिन ने इस मामले में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि हमारे पास चल रही अलग और विशेष जांच है जिनका फोकस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर है। उन्होंने कहा कि भारत खालिस्तानी प्रदर्शनों को एक राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे के रूप में देखता है, हालांकि यह कनाडा में हिंसक चरमपंथ की परिभाषा में नहीं आता है। फ्लिन ने यह भी उल्लेख किया कि भारतीय अधिकारियों ने कई बार कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियों को लेकर अपनी चिंताओं का इज़हार किया है।

हरदीप सिंह निज्जर की हत्या 18 जून, 2023 को हुई थी। वह खालिस्तान जनमत संग्रह के प्रमुख आयोजकों में से एक थे और सर्रे, ब्रिटिश कोलंबिया में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के अध्यक्ष थे। भारत ने उन्हें आतंकवादी करार दिया था, लेकिन कनाडा में उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया गया था। निज्जर की हत्या के बाद, कनाडा और भारत के बीच संबंधों में खटास आ गई।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 18 सितंबर, 2023 को संसद में कहा था कि भारत के एजेंटों और निज्जर की हत्या के बीच संभावित लिंक के विश्वसनीय आरोप हैं। इस साल कनाडाई पुलिस ने निज्जर की हत्या से जुड़े चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इस वर्ष मई में एक आयोग ने रिपोर्ट प्रस्तुत की थी जिसमें कहा गया था कि भारत ने कनाडाई समुदायों और राजनेताओं को प्रभावित करने के लिए कई गतिविधियाँ की हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का ध्यान खालिस्तानी अलगाववाद पर केंद्रित है और वह कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों के प्रति अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए सक्रिय है। एक अन्य भारतीय नागरिक, निक गुप्ता, न्यूयॉर्क में एक हत्या के मामले में हिरासत में हैं, जिसमें निज्जर के करीबी मित्र और स्न्नब्ध्र के सामान्य काउंसल गुरपतवंत पन्नू को निशाना बनाया गया था। न्यूयॉर्क के संघीय न्यायालय में एक अभियोग के अनुसार, निज्जर की हत्या का संदर्भ पन्नू की हत्या की कोशिश से संबंधित बातचीत में आया है। कनाडाई पुलिस ने निज्जर की हत्या के मामले में चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है, लेकिन हत्या के पीछे के कारणों की पूरी जानकारी अभी तक नहीं दी गई है।

भारत से पंगा ले रहा इजरायल? मैप में जम्मू-कश्मीर को दिखाया पाकिस्तान का हिस्सा

येरूसलम, एजेंसी। इजरायल की एक आधिकारिक वेबसाइट पर मैप में जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाने पर भारत में भारी नाराजगी फैल गई। सोशल मीडिया पर इस गलती को लेकर लोगों ने जमकर विरोध किया और इजरायल से इस मामले पर तुरंत सफाई और सुधार की मांग की।

यह घटना तब सामने आई जब एक सोशल मीडिया यूजर, अभिजीत चावड़ा, ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इजरायल की वेबसाइट के इस गलत मैप का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इस पोस्ट के बाद इजरायल के खिलाफ कई भारतीय यूजर्स ने नाराजगी जाहिर की और इजरायल सरकार से इसे जल्द से जल्द ठीक करने की मांग की। लोगों का कहना था कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है, और कम से कम भारत के मित्र देशों को ऐसी गलतियां नहीं करनी चाहिए। जैसे ही इस मामले ने तूल पकड़ा, भारत में इजरायल के राजदूत रियुवेन अजार ने इस गलती के लिए माफी मांगी और इसे वेबसाइट एडिटर की गलती बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि गलत मैप को हटा दिया गया है और आगे इस तरह की गलती नहीं होगी। राजदूत ने सोशल मीडिया पर लोगों की आलोचनाओं का जवाब देते हुए कहा, ÷यह एक मानवीय त्रुटि थी। हम इसे सुधार चुके हैं और आपकी सतर्कता के लिए धन्यवाद।÷ भारत और इजरायल के संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहे हैं, और दोनों देशों ने दशकों से एक-दूसरे के साथ रक्षा और तकनीकी सहयोग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हाल ही में, जब अक्टूबर 2023 में हमास ने इजरायल पर हमला किया था, तब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस हमले की कड़ी निंदा की थी। भारत ने इस हमले में हुए निर्दोष नागरिकों के नुकसान पर भी गहरी चिंता जताई थी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129